
RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 283
नई दिल्ली, रविवार, 20 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



नई प्रौद्योगिकी संग तालमेल बिठाएं विश्वविद्यालय

राष्ट्रीय-11

# आप ने कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में दिया दिल्ली का जवाब

- मुम्बई बैठक से पहले इंडिया गठबंधन में शुरू हुई खींचतान, रायपुर में केजरीवाल ने लगाई मुफ्त योजनाओं की झड़ी तो कांग्रेस की भौंवे तनीं
- कुछ दिन पहले कांग्रेस ने दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर आप को कर दिया था हैरान

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली



**रायपुर में एक जनसभा के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान**

**मुम्बई** में इसी माह होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक से ठीक पहले विपक्षी दलों विशेषकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में चुनावी बिसात पर खींचतान शुरू हो गई है।

दोनों ही दलों के बीच जुबानी जंग शनिवार को उस समय और तेज हो गई जब आप संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ का दौरा किया और बेहतर शिक्षा, मुफ्त बिजली, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं, महिलाओं को नकद भत्ता और बेरोजगारों के लिए तीन हजार रुपए मासिक देने समेत 10 वादे किए। केजरीवाल ने राज्य में स्कूलों की दयनीय स्थिति बताते हुए कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। रायपुर के जैनम मानस भवन में शनिवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य की जनता के लिए अपना गारंटी कार्ड जारी किया। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस दोबारा सत्ता हासिल करने के लिए जीजान से जुटी है और केजरीवाल का वहां गारंटी कार्ड पेश करना कांग्रेस की दिल्ली में सभी सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा के फौरन बाद आया है। छत्तीसगढ़ में केजरीवाल की घोषणाओं से कांग्रेस की भौंवे तन गई हैं। केजरीवाल की मुफ्त की घोषणाओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सवाल उठाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को दिल्ली और छत्तीसगढ़ के स्कूलों में समानता तलाशने का क्या तुक है? यह तुलना तो राज्य की पूर्ववर्ती रमन सिंह सरकार से होनी चाहिए।

खेड़ा ने कहा कि हमारी सरकार के प्रदर्शन की तुलना केवल पिछली रमन सिंह नीत भाजपा सरकार से की जाएगी। केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि रायपुर क्यों जाना? अपनी पसंद का कोई एक सेक्टर चुन लीजिए और उसमें दिल्ली की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार और आज अपनी सरकार के प्रदर्शन में तुलन कर लीजिए। क्या वह इस पर बहस के लिए तैयार हैं? मालूम हो कि पवन ( शेष पेज 9 )

# लद्दाख में सेना का वाहन खाई में गिरा, नौ सैनिकों की मौत

- एक अन्य सैनिक गंभीर रूप से घायल
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह ने शोक व्यक्त किया

**भाषा।** लेह

**केंद्र** शासित प्रदेश लद्दाख के लेह जिले में शनिवार को सेना के एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से नौ सैनिकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना दक्षिणी लद्दाख के न्योमा के कियारी के पास हुई। लेह के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पी डी नित्या ने कहा कि सेना के वाहन में 10 जवान सवार थे और यह वाहन लेह से न्योमा की ओर जा रहा था।

उन्होंने बताया कि रास्ते में वाहन के चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन शाम 4.45 बजे खाई में गिर गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लेह में एक सड़क दुर्घटना में नौ सैनिकों की मृत्यु होने पर दुख व्यक्त किया। रक्षा मंत्री सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, लद्दाख में लेह के पास एक दुर्घटना में भारतीय सेना के जवानों की मौत से दुखी हूं। हम राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। सिंह ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले और घायल हुए सैनिकों की संख्या का उल्लेख किए बिना कहा, मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल कर्मियों को फील्ड अस्पताल ले जाया गया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। एसएसपी नित्या ने बताया कि पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और सभी घायल सैनिकों को सेना की चिकित्सा इकाई ले जाया गया जहां आठ कर्मियों को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि बाद में एक और जवान की मौत हो गई।


अधिकारी ने कहा कि एक अन्य जवान का उपचार चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जवानों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, लद्दाख में दुखद सड़क दुर्घटना से गहरा दुख हुआ, जिसमें हमने अपने बहादुर सैनिकों को खो दिया, क्योंकि उनका वाहन खाई में गिर गया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, दुख की इस घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उनके प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गाधी ने शनिवार को लद्दाख में सेना के एक वाहन के खाई में गिरने से नौ सैनिकों की मौत पर दुख जताया और उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। खरगे ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, लेह में सेना के एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से 9 जवानों के शहीद होने का समाचार बेहद दुखदाई है। हमारे बहादुर जवानों के हम हमेशा ऋणी रहेंगे।

वीर जवानों के शोक संतप्त परिवार एवं परिजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की हम कामना करते हैं। इस दु:ख की घड़ी में पूरा देश आपके साथ है। राहुल गांधी ने एक्स पर किए गए एक पोस्ट में कहा, लद्दाख में सेना की गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण हमारे कई जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। सभी शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। जवानों के शोकाकुल परिवारजनों को मेरी गहरी संवेदनाएं। घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं।

# प्याज पर 40% निर्यात शुल्क लगाया

- सरकार ने स्थानीय आपूर्ति बढ़ाने, मूल्य वृद्धि रोकने के लिए उठाया अहम कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**सरकार** ने कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका के बीच घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए शनिवार को प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्याज पर पहली बार निर्यात शुल्क लगाया गया है।

गौरतलब है कि प्याज का खुदरा बिक्री मूल्य शनिवार को दिल्ली में 37 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया। वित्त मंत्रालय ने एक सीमा शुल्क अधिसूचना के जरिए 31 दिसंबर 2023 तक प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया। चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से चार अगस्त के बीच देश से 9.75 लाख टन प्याज का निर्यात किया गया है। मूल्य के लिहाज से शीर्ष तीन आयातक देश बांग्लादेश, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात हैं। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि आगामी त्योहारी सत्र को देखते हुए घरेलू बाजार में प्याज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगाने का फैसला किया है।

सिंह ने कहा, यह भी देखा जा रहा है कि हाल के दिनों में निर्यात में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने इससे पहले प्याज के निर्यात पर अंकुश लगाने के लिए हमेशा न्यूनतम निर्यात मूल्य का इस्तेमाल किया था। हालांकि, इस साल पहली बार निर्यात शुल्क लगाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर प्याज की औसत खुदरा कीमत शनिवार को 30.72 रुपए प्रति किलोग्राम थी। यह कीमत अधिकतम कीमत 63 रुपए प्रति किलोग्राम और न्यूनतम कीमत 10 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

आंकड़ों के मुताबिक प्याज का भाव दिल्ली में शनिवार को 37 रुपए प्रति किलोग्राम था। चालू खरीफ सत्र में प्याज का रकबा घटने की खबरों के बीच प्याज की कीमतें बढ़ने लगी हैं। सरकार ने इस साल तीन लाख टन प्याज का बफर स्टॉक बनाए रखा है। उसने पिछले सप्ताह से थोक बाजार में प्रमुख स्थानों पर इसका निपटान शुरू कर दिया है। सचिव ने कहा कि अब तक दिल्ली, असम, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की थोक मंडियों में ( शेष पेज 9 )

# सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वाले प्रभावों को लेकर सतर्क रहें: कोर्ट

- अपमानजनक टिप्पणियों वाली एफबी पोस्ट साझा करने के मामले में अभिनेता एसवे शेखर की याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ये बात कही

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


**उच्चतम** न्यायालय ने महिला पत्रकारों के खिलाफ 2018 में कथित तौर पर अपमानजक टिप्पणियों वाली एक फेसबुक पोस्ट साझा करने के मामले में अभिनेता एवं तमिलनाडु के पूर्व विधायक एसवे शेखर की ओर से दायर याचिका खारिज करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने वालों को इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में सावधान रहना चाहिए। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ मद्रास उच्च न्यायालय के 14 जुलाई के उस आदेश के खिलाफ शेखर की ओर से दायर याचिका की सुनवाई कर रही थी, जिसमें संबंधित मामले में आपराधिक मुकदमा रद्द करने संबंधी उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी।

पीठ ने याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से कहा, अगर कोई सोशल मीडिया का इस्तेमाल करता है, तो उसे इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में अधिक सावधान रहना चाहिए। वकील ने दलील दी कि घटना के दिन शेखर ने अपनी आंखों में कुछ दवा डाल ली थी, जिसके कारण वह साझा की गई अपनी पोस्ट की विषय-वस्तु नहीं पढ़ सके थे। पीठ ने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतनी होती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को सोशल मीडिया का इस्तेमाल जरूरी लगता है तो उसे परिणाम भुगतने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि शेखर ने 19 अप्रैल, 2018 को अपने फेसबुक अकाउंट पर एक अपमानजनक और अश्लील टिप्पणी ( शेष पेज 9 )

# गर्भपात के लिए रेप पीड़िता की अर्जी स्थगित करने पर सुप्रीम कोर्ट नाखुश

- गुजरात हाईकोर्ट के कदम पर नाराजगी जताई, कहा- मामले के लंबित रहने के दौरान बहुमूल्य समय बर्बाद हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने एक बलात्कार पीड़िता की 26 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने संबंधी याचिका की सुनवाई गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा स्थगित कर दिए जाने पर शनिवार को नाराजगी व्यक्त की और कहा कि मामले के लंबित रहने के दौरान बहुमूल्य समय बर्बाद हुआ है।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने शनिवार को एक विशेष सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसे मामलों में तात्कालिकता की भावना होनी चाहिए, न कि किसी सामान्य मामले जैसा। पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में सुनवाई स्थगित करने का 'लापरवाह रवैया' नहीं अपनाया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने शीर्ष अदालत को अवगत कराया कि 25-वर्षीया एक महिला ने सात अगस्त को उच्च न्यायालय का रुख किया था और मामले की सुनवाई अगले दिन हुई थी। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय ने आठ अगस्त को गर्भावस्था की स्थिति के साथ-साथ याचिकाकर्ता की स्वास्थ्य स्थिति का पता लगाने के लिए एक मेडिकल बोर्ड के गठन का निर्देश जारी किया था। उन्होंने बताया कि जिस मेडिकल कॉलेज में जांच की गई थी, उसने 10 अगस्त को रिपोर्ट दाखिल की थी। शीर्ष अदालत ने इस बात का संज्ञान लिया कि उच्च न्यायालय ने 11 अगस्त को रिपोर्ट रिकॉर्ड पर लिया था, लेकिन अजीब बात यह है कि मामले को 12 दिन बाद यानी 23 अगस्त को सूचीबद्ध किया गया था।

न्यायालय ने कहा कि इस तथ्य को नजरअंदाज किया गया कि मामले के तथ्यों एवं परिस्थितयों की पृष्ठभूमि में हर एक दिन की देरी महत्वपूर्ण थी। पीठ ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता के वकील ने उसके संज्ञान में लाया है कि उच्च न्यायालय ने याचिका 17 अगस्त को खारिज कर दी थी, लेकिन इसका कोई कारण नहीं बताया गया था और संबंधित आदेश अभी तक उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता के वकील विशाल अरुण मिश्रा ने पीठ को बताया कि जब मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया था तब याचिकाकर्ता महिला 26 सप्ताह की गर्भवती थी। पीठ ने मौखिक टिप्पणी ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### बिहार के अररिया में पत्रकार की हत्या मामले में चार गिरफ्तार

**पटना।** बिहार के अररिया जिले में पत्रकार विमल कुमार यादव की हत्या के मामले में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी। पुलिस ने बताया कि एक हिंदी दैनिक के लिए काम करने वाले यादव की शुक्रवार को प्रेमनगर गांव स्थित उनके आवास पर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने सुबह करीब साढ़े पांच बजे यादव के घर पर दस्तक दी और यादव ने जैसे ही दरवाजा खोला, उन पर गोली चला दी। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान जिले के निवासी विपिन यादव, भावेश यादव, आशीष यादव और उमेश यादव के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि 35 वर्षीय पत्रकार अपने भाई की 2019 में हुई हत्या का गवाह था। पुलिस ने बताया कि विमल कुमार यादव के पिता हरेंद्र प्रसाद सिंह के बयान के आधार पर आठ व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो आरोपी रूपेश यादव और क्रांति यादव पहले से ही किसी अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में है।

# जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार

## आधे से अधिक खाते महिलाओं के, 67% खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खुले, लगभग 34 करोड़ रुपे कार्ड मुफ्त जारी

- प्रधानमंत्री मोदी ने की सराहना, बताया अर्थव्यवस्था के लिए अहम पड़ाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**जनधन** खातों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंच गई है। गरीबों के बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ने की दिशा में यह अहम पड़ाव है। विशेष यह कि जनधन योजना के तहत खोले गए खातों में आधे से अधिक महिलाओं के हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खूब सराहना की है और इसे विशेष उपलब्धि बताया। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि यह देखकर खुशी हुई कि जनधन योजना में आधे से अधिक खाते महिलाओं के हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि देश में जनधन खातों की कुल संख्या 50 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है, जिनमें से 56 फीसदी खाते महिलाओं के हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इनमें से लगभग 67 फीसदी खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इस उपलब्धि को एक अहम पड़ाव करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देखकर खुशी हो रही है कि इनमें से आधे से अधिक खाते हमारी नारी शक्ति के हैं और 67 फीसदी खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं।

हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय समावेश का लाभ हमारे देश के हर कोने तक पहुंचे। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जनधन खातों में कुल जमा राशि 2.03 लाख करोड़ रुपए से अधिक है, जबकि इन खातों के साथ लगभग 34 करोड़ रुपे कार्ड मुफ्त जारी किए गए हैं। मोदी सरकार ने 2014 में वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने के लिए जनधन बैंक खाते खोलने के वास्ते बड़े पैमाने पर राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया था, जिसका उद्देश्य प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सहित कई वित्तीय सेवाओं को गरीबों के लिए सुलभ बनाना था।

## भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण समय में आशा की किरण: मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि चुनौतीपूर्ण समय में भारतीय अर्थव्यस्था आशा की किरण बनकर चमक रही है। सोशल नेटवर्किंग मंच एक्स पर समाचार पोर्टल मनीकंट्रॉल के बुलिश ऑन इंडिया अभियान संबंधी पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी ने कहा कि मजबूत वृद्धि और अनुकूल भावना के साथ भविष्य आशाजनक दिखता है। आइए, इस गति को बनाए रखें और 140 करोड़ भारतीयों के लिए समृद्धि सुनिश्चित करें। बाजार और वित्तीय क्षेत्र की खबरों में विशेषज्ञता रखने वाले पोर्टल ने एक्स पर पोस्ट किया था कि देश की अर्थव्यवस्था ने न केवल चुनौतियों का सामना किया है, बल्कि आशावाद के लिए मंच तैयार करते हुए फली-फूली है।

# राहुल गांधी ने लेह से पैंगोंग झील तक बाइक की सवारी की

**भाषा।** लेह



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लेह से पैंगोंग झील तक मोटरसाइकिल की सवारी की। यह जानकारी कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने दी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी वर्तमान में लद्दाख के दौरे पर हैं। यह अगस्त 2019 में जम्मू कश्मीर को दो हिस्सों में बांटने और जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद इस क्षेत्र का उनका पहला दौरा है।

गांधी अगले सप्ताह करगिल का दौरा कर सकते हैं। तत्कालीन जम्मू कश्मीर राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था और संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत इसके विशेष दर्जे को रद्द कर दिया गया था। कांग्रेस प्रवक्ता एवं लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी), लेह में विपक्ष के नेता त्सेरिंग नामग्याल ने फोन पर बताया कि गांधी बृहस्पतिवार को दो दिवसीय दौरे पर लेह पहुंचे। गांधी ने बाद में पैंगोंग झील, नुब्रा घाटी और करगिल जिले के दौरे के लिए क्षेत्र में अपने प्रवास को चार और दिन बढ़ाने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल पर 130 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने के बाद गांधी पैंगोंग झील के पास रात्रि विश्राम करेंगे जहां रविवार को ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 20 अगस्त, 2023



AXIS BANK LTD.

स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई–नीलामी दिनांक 31–08–2023 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| क्र. सं. | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार | शुद्ध भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | शाखा का नाम : अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 1 | गौरव बंसल | xxxxxxxxxxx4570 | ₹ 681,545.99 | 22-07-2022 | ₹ 238.00 | ₹ 199.90 |
| 2 | जुनैद आलम | xxxxxxxxxxx5322 | ₹ 32,176.84 | 28-02-2023 | ₹ 11.60 | ₹ 11.00 |
| 3 | सुनील कुमार | xxxxxxxxxxx7661 | ₹ 109,216.20 | 08-02-2023 | ₹ 60.30 | ₹ 57.50 |
| 4 | जितेन्द्र कुमार | xxxxxxxxxxx3905 | ₹ 409,871.13 | 30-05-2023 | ₹ 139.90 | ₹ 131.55 |
| 5 | पंकज कुमार | xxxxxxxxxxx3350 | ₹ 91,320.05 | 30-05-2023 | ₹ 35.10 | ₹ 33.70 |
| 6 | पंकज कुमार | xxxxxxxxxxx5857 | ₹ 27,891.42 | 30-05-2023 | ₹ 9.30 | ₹ 8.70 |
| 7 | शिखा मिगलानी | xxxxxxxxxxx2579 | ₹ 537,174.00 | 28-02-2023 | ₹ 176.60 | ₹ 163.70 |
| | शाखा का नाम : बादशाहपुर, गुरूग्राम हरियाणा | | | | | |
| 8 | पूनम | xxxxxxxxxxx7213 | ₹ 107,212.00 | 30-05-2023 | ₹ 43.40 | ₹ 34.10 |
| | शाखा का नाम : बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 9 | जसप्रीत कौर भाटिया | xxxxxxxxxxx2577 | ₹ 383,647.00 | 05-09-2022 | ₹ 128.60 | ₹ 115.10 |
| 10 | रश्मि तनेजा | xxxxxxxxxxx7347 | ₹ 352,560.36 | 08-02-2023 | ₹ 157.10 | ₹ 141.50 |
| | शाखा का नाम : दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 11 | कुलदीप | xxxxxxxxxxx6560 | ₹ 274,044.00 | 30-05-2023 | ₹ 87.20 | ₹ 76.20 |
| 12 | उपेन्द्र सिंह | xxxxxxxxxxx8135 | ₹ 39,772.00 | 28-02-2023 | ₹ 13.00 | ₹ 12.60 |
| 13 | कविता गुप्ता | xxxxxxxxxxx3441 | ₹ 298,697.00 | 03-09-2022 | ₹ 117.20 | ₹ 104.30 |
| 14 | बिकाश अग्रवाल | xxxxxxxxxxx7441 | ₹ 336,726.00 | 30-05-2023 | ₹ 127.70 | ₹ 105.95 |
| 15 | गुलाब सिंह | xxxxxxxxxxx5531 | ₹ 37,994.00 | 27-06-2023 | ₹ 13.40 | ₹ 13.15 |
| | शाखा का नाम : फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| 16 | आकाश पांडे | xxxxxxxxxxx6881 | ₹ 279,850.00 | 12-10-2022 | ₹ 81.90 | ₹ 80.40 |
| 17 | सागर | xxxxxxxxxxx8960 | ₹ 88,059.00 | 07-01-2023 | ₹ 88.00 | ₹ 82.00 |
| 18 | पूजा रानी | xxxxxxxxxxx0699 | ₹ 301,969.00 | 30-05-2023 | ₹ 93.30 | ₹ 89.90 |
| 19 | पूजा रानी | xxxxxxxxxxx0987 | ₹ 61,769.42 | 27-06-2023 | ₹ 21.60 | ₹ 20.92 |
| 20 | लोकेश | xxxxxxxxxxx4270 | ₹ 241,500.78 | 22-06-2022 | ₹ 85.70 | ₹ 81.10 |
| 21 | जितेन्द्र कुमार | xxxxxxxxxxx9641 | ₹ 254,420.00 | 08-02-2023 | ₹ 77.90 | ₹ 74.20 |
| 22 | मनीष कुमार | xxxxxxxxxxx6612 | ₹ 131,340.00 | 30-05-2023 | ₹ 42.10 | ₹ 39.60 |
| 23 | सानू राय | xxxxxxxxxxx9114 | ₹ 34,609.00 | 08-02-2023 | ₹ 11.80 | ₹ 11.34 |
| 24 | रानी ज्योत्सना | xxxxxxxxxxx4184 | ₹ 255,950.00 | 27-06-2023 | ₹ 87.80 | ₹ 85.00 |
| 25 | रानी ज्योत्सना | xxxxxxxxxxx2504 | ₹ 123,003.00 | 30-05-2023 | ₹ 38.10 | ₹ 35.90 |
| | शाखा का नाम : गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| 26 | आस मोहम्मद | xxxxxxxxxxx0043 | ₹ 271,017.00 | 09-01-2023 | ₹ 98.40 | ₹ 91.90 |
| 27 | अंजलि पाठक | xxxxxxxxxxx8332 | ₹ 104,438.58 | 28-02-2023 | ₹ 37.90 | ₹ 34.00 |
| | शाखा का नाम : ज्योति नगर, दिल्ली डीएल | | | | | |
| 28 | मानवी गुप्ता | xxxxxxxxxxx4370 | ₹ 1,088,950.16 | 20-04-2023 | ₹ 375.20 | ₹ 350.88 |
| 29 | दीपांशु कुमार | xxxxxxxxxxx0858 | ₹ 356,681.00 | 07-01-2023 | ₹ 105.50 | ₹ 102.40 |
| 30 | हैदर अली | xxxxxxxxxxx0175 | ₹ 410,248.00 | 30-05-2023 | ₹ 129.70 | ₹ 117.30 |
| 31 | अनुज कुमार | xxxxxxxxxxx8071 | ₹ 130,745.34 | 08-02-2023 | ₹ 50.20 | ₹ 37.70 |
| 32 | गोविंद कुमार | xxxxxxxxxxx7973 | ₹ 113,709.56 | 28-02-2023 | ₹ 38.10 | ₹ 36.40 |
| 33 | देव कुमार गुप्ता | xxxxxxxxxxx4891 | ₹ 98,254.66 | 08-03-2023 | ₹ 31.20 | ₹ 29.80 |
| 34 | अंजू | xxxxxxxxxxx7545 | ₹ 238,208.00 | 30-05-2023 | ₹ 65.60 | ₹ 63.10 |
| 35 | संजीव कुमार | xxxxxxxxxxx2411 | ₹ 131,787.00 | 30-05-2023 | ₹ 46.20 | ₹ 44.40 |
| 36 | विनीत भाटी | xxxxxxxxxxx9579 | ₹ 94,962.00 | 30-05-2023 | ₹ 30.70 | ₹ 29.40 |
| | शाखा का नाम : कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 37 | बिजो जे अब्राहम | xxxxxxxxxxx4078 | ₹ 81,943.00 | 15-06-2023 | ₹ 23.30 | ₹ 22.70 |
| | शाखा का नाम : लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 38 | रागिनी सिन्हा | xxxxxxxxxxx2270 | ₹ 43,000.00 | 18-07-2023 | ₹ 20.10 | ₹ 15.82 |
| | शाखा का नाम : मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 39 | गुड़िया देवी | xxxxxxxxxxx1438 | ₹ 87,005.00 | 08-02-2023 | ₹ 31.40 | ₹ 27.20 |
| | शाखा का नाम : मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 40 | देवानी राम | xxxxxxxxxxx9712 | ₹ 191,477.00 | 22-07-2022 | ₹ 67.70 | ₹ 53.65 |
| | शाखा का नाम : मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 41 | मनप्रीत सिंह | xxxxxxxxxxx2263 | ₹ 57,424.00 | 08-02-2023 | ₹ 17.00 | ₹ 16.70 |
| | शाखा का नाम : नांगलोई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 42 | अब्दुल नूर पी | xxxxxxxxxxx3663 | ₹ 47,821.00 | 30-05-2023 | ₹ 13.20 | ₹ 13.00 |
| | शाखा का नाम : नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 43 | रोहित | xxxxxxxxxxx3941 | ₹ 94,142.00 | 15-06-2023 | ₹ 36.20 | ₹ 25.20 |
| 44 | विजय कुमार | xxxxxxxxxxx4461 | ₹ 57,395.00 | 18-07-2023 | ₹ 19.10 | ₹ 18.50 |
| 45 | लक्ष्मी सोढ़ी | xxxxxxxxxxx8834 | ₹ 26,303.00 | 18-07-2023 | ₹ 9.40 | ₹ 9.05 |
| 46 | अजयवीर सिंह यादव | xxxxxxxxxxx0485 | ₹ 171,807.36 | 30-05-2023 | ₹ 111.30 | ₹ 105.36 |
| | शाखा का नाम : न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली | | | | | |
| 47 | सचिन गुप्ता | xxxxxxxxxxx6135 | ₹ 64,839.24 | 03-09-2022 | ₹ 19.00 | ₹ 18.40 |
| 48 | बिजो जे अब्राहम | xxxxxxxxxxx4831 | ₹ 435,615.21 | 15-06-2023 | ₹ 137.80 | ₹ 132.60 |
| 49 | आकाश | xxxxxxxxxxx4371 | ₹ 29,976.36 | 27-06-2023 | ₹ 8.30 | ₹ 8.00 |
| | शाखा का नाम : नोएडा (यूपी) | | | | | |
| 50 | अमित कुमार | xxxxxxxxxxx0984 | ₹ 64,052.00 | 12-09-2022 | ₹ 16.40 | ₹ 15.50 |
| 51 | प्रशांत कुमार वैश | xxxxxxxxxxx1605 | ₹ 818,955.40 | 03-09-2022 | ₹ 270.80 | ₹ 259.40 |
| 52 | मिठ्ठन यादव | xxxxxxxxxxx1680 | ₹ 425,555.00 | 28-02-2023 | ₹ 141.00 | ₹ 135.40 |
| 53 | रजाउदीन | xxxxxxxxxxx3620 | ₹ 57,673.90 | 28-02-2023 | ₹ 20.80 | ₹ 19.80 |
| 54 | रामकृपाल सिंह | xxxxxxxxxxx1463 | ₹ 287,884.92 | 30-05-2023 | ₹ 93.30 | ₹ 88.70 |
| 55 | अरविंद कुमार पांडे | xxxxxxxxxxx2356 | ₹ 110,730.73 | 30-05-2023 | ₹ 37.40 | ₹ 35.80 |
| 56 | अमरजीत सिंह | xxxxxxxxxxx2749 | ₹ 83,300.00 | 30-05-2023 | ₹ 29.80 | ₹ 28.70 |
| | शाखा का नाम : नोएडा एक्सटेंशन जीएनओ यूपी | | | | | |
| 57 | रौशन कुमार श्रीवास्तव | xxxxxxxxxxx3169 | ₹ 164,009.00 | 28-02-2023 | ₹ 50.40 | ₹ 48.30 |
| 58 | पीयूष कुमार पांडे | xxxxxxxxxxx8497 | ₹ 68,222.95 | 18-07-2023 | ₹ 23.74 | ₹ 21.50 |
| | शाखा का नाम : पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 59 | संजय संजय | xxxxxxxxxxx9947 | ₹ 50,101.00 | 03-09-2022 | ₹ 9.80 | ₹ 9.80 |
| 60 | आरती आरती | xxxxxxxxxxx4434 | ₹ 50,617.00 | 28-02-2023 | ₹ 15.30 | ₹ 15.00 |
| 61 | गौरव शर्मा | xxxxxxxxxxx2456 | ₹ 73,612.00 | 30-05-2023 | ₹ 28.10 | ₹ 24.50 |
| 62 | अनिल | xxxxxxxxxxx4597 | ₹ 54,914.00 | 30-05-2023 | ₹ 18.00 | ₹ 17.20 |
| 63 | राजा कुमार | xxxxxxxxxxx2538 | ₹ 36,422.00 | 30-05-2023 | ₹ 12.20 | ₹ 11.70 |
| 64 | भजन सिंह | xxxxxxxxxxx8067 | ₹ 36,736.00 | 30-05-2023 | ₹ 11.60 | ₹ 11.20 |
| 65 | सतीश सतीश | xxxxxxxxxxx3128 | ₹ 77,643.00 | 30-05-2023 | ₹ 21.70 | ₹ 21.40 |
| 66 | ब्रजेश कुमार झा | xxxxxxxxxxx3258 | ₹ 65,797.00 | 27-06-2023 | ₹ 21.60 | ₹ 20.30 |
| | शाखा का नाम : पालम, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 67 | अनिरूद्ध सिंह | xxxxxxxxxxx0465 | ₹ 95,798.00 | 15-06-2023 | ₹ 32.90 | ₹ 31.20 |
| 68 | मीरा कुमारी | xxxxxxxxxxx2442 | ₹ 66,629.00 | 30-05-2023 | ₹ 21.50 | ₹ 19.50 |
| 69 | मंदाकिनी बाजपेयी | xxxxxxxxxxx1705 | ₹ 147,129.00 | 30-05-2023 | ₹ 43.00 | ₹ 41.00 |
| | शाखा का नाम : पलवल (एचआर) | | | | | |
| 70 | दिनेश | xxxxxxxxxxx1694 | ₹ 46,205.00 | 03-09-2022 | ₹ 27.60 | ₹ 25.30 |
| 71 | भगत सिंह | xxxxxxxxxxx3567 | ₹ 70,080.00 | 30-05-2023 | ₹ 23.20 | ₹ 22.00 |
| | शाखा का नाम : पैराडाइज मॉल एस गुरूग्राम एचआर | | | | | |
| 72 | कमलेश पाठक | xxxxxxxxxxx1821 | ₹ 248,729.74 | 30-05-2023 | ₹ 100.90 | ₹ 85.60 |
| 73 | अनिल कुमार | xxxxxxxxxxx6934 | ₹ 946,602.00 | 27-06-2023 | ₹ 326.20 | ₹ 312.00 |
| 74 | मधु शर्मा | xxxxxxxxxxx3032 | ₹ 74,085.00 | 05-09-2022 | ₹ 26.90 | ₹ 25.80 |
| | शाखा का नाम : रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 75 | सरबजीत कौर | xxxxxxxxxxx6879 | ₹ 208,362.00 | 05-09-2022 | ₹ 72.10 | ₹ 68.85 |
| 76 | रितु | xxxxxxxxxxx5205 | ₹ 274,376.00 | 30-05-2023 | ₹ 78.90 | ₹ 76.00 |
| 77 | रेशमा कुमारी | xxxxxxxxxxx1570 | ₹ 185,731.00 | 30-05-2023 | ₹ 55.30 | ₹ 52.90 |
| 78 | मुकेश कुमार मंडल | xxxxxxxxxxx0943 | ₹ 71,277.00 | 27-06-2023 | ₹ 24.60 | ₹ 22.90 |
| | शाखा का नाम : सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 79 | उषा देवी | xxxxxxxxxxx2142 | ₹ 30,838.03 | 03-09-2022 | ₹ 9.80 | ₹ 9.30 |
| 80 | मनोज कुमार जायसवाल | xxxxxxxxxxx2709 | ₹ 32,199.00 | 28-02-2023 | ₹ 10.60 | ₹ 10.10 |
| 81 | अंकित यादव | xxxxxxxxxxx2524 | ₹ 35,962.81 | 28-07-2022 | ₹ 11.50 | ₹ 10.90 |
| 82 | राजीव मल्होत्रा | xxxxxxxxxxx5679 | ₹ 114,740.00 | 30-05-2023 | ₹ 38.00 | ₹ 36.40 |
| 83 | अर्जुन | xxxxxxxxxxx6199 | ₹ 45,900.00 | 27-06-2023 | ₹ 15.30 | ₹ 14.60 |
| 84 | अजय प्रकाश | xxxxxxxxxxx3020 | ₹ 41,699.00 | 27-06-2023 | ₹ 15.30 | ₹ 14.70 |
| | शाखा का नाम : सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 85 | अवधेश कुमार गुप्ता | xxxxxxxxxxx2451 | ₹ 50,791.26 | 21-02-2023 | ₹ 17.10 | ₹ 16.50 |
| 86 | रवीन्द्र प्रताप सिंह | xxxxxxxxxxx9395 | ₹ 62,881.00 | 18-07-2023 | ₹ 17.80 | ₹ 17.80 |
| | शाखा का नाम : सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| 87 | रोमा भाटी | xxxxxxxxxxx4084 | ₹ 232,360.00 | 30-05-2023 | ₹ 78.00 | ₹ 74.10 |
| 88 | भारती | xxxxxxxxxxx8982 | ₹ 59,687.00 | 27-06-2023 | ₹ 17.20 | ₹ 16.40 |
| 89 | प्रेम चंद | xxxxxxxxxxx9738 | ₹ 120,819.56 | 30-05-2023 | ₹ 40.30 | ₹ 38.25 |
| 90 | चंदन मायाशंकर चौधरी | xxxxxxxxxxx4370 | ₹ 77,415.00 | 30-05-2023 | ₹ 25.10 | ₹ 23.89 |
| 91 | तारा चंद | xxxxxxxxxxx7928 | ₹ 742,077.41 | 30-05-2023 | ₹ 210.10 | ₹ 201.00 |
| 92 | पवन कुमार | xxxxxxxxxxx5141 | ₹ 58,728.83 | 27-06-2023 | ₹ 15.10 | ₹ 14.80 |
| | शाखा का नाम : सेक्टर 31–32ए, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 93 | बिजेन्द्र कुमार | xxxxxxxxxxx7020 | ₹ 40,461.00 | 30-05-2023 | ₹ 14.30 | ₹ 11.90 |
| | शाखा का नाम : सेक्टर–24, रोहिणी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 94 | अंकित सोलंकी | xxxxxxxxxxx2791 | ₹ 288,905.00 | 18-07-2023 | ₹ 145.80 | ₹ 138.55 |
| 95 | रेशमा कुमारी | xxxxxxxxxxx5524 | ₹ 266,808.00 | 30-05-2023 | ₹ 74.70 | ₹ 71.80 |
| | शाखा का नाम : शाहदरा दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 96 | विशाल कुमार बिसैया | xxxxxxxxxxx9808 | ₹ 248,679.00 | 22-07-2022 | ₹ 87.50 | ₹ 84.00 |
| | शाखा का नाम : शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 97 | नागेन्द्र कुमार | xxxxxxxxxxx5979 | ₹ 104,792.00 | 18-07-2023 | ₹ 31.10 | ₹ 29.55 |
| | शाखा का नाम : स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 98 | पंकज कुमार | xxxxxxxxxxx0318 | ₹ 46,026.00 | 07-01-2023 | ₹ 14.70 | ₹ 14.20 |
| | शाखा का नाम : तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 99 | संदीप कुमार सिंह | xxxxxxxxxxx0911 | ₹ 94,218.50 | 21-02-2023 | ₹ 54.20 | ₹ 52.50 |
| 100 | मोहित राघव | xxxxxxxxxxx9751 | ₹ 150,970.11 | 30-05-2023 | ₹ 62.60 | ₹ 59.10 |
| | शाखा का नाम : तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 101 | विजय यादव | xxxxxxxxxxx1741 | ₹ 93,400.00 | 30-05-2023 | ₹ 28.70 | ₹ 27.70 |
| 102 | मानस कुमार परीदा | xxxxxxxxxxx2417 | ₹ 356,228.00 | 22-07-2022 | ₹ 106.40 | ₹ 102.30 |
| | शाखा का नाम : वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| 103 | अमरजीत सिंह | xxxxxxxxxxx5537 | ₹ 41,798.00 | 30-05-2023 | ₹ 13.50 | ₹ 12.60 |
| | शाखा का नाम : विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 104 | स्वेता सिंह | xxxxxxxxxxx3584 | ₹ 26,961.78 | 18-07-2023 | ₹ 11.40 | ₹ 10.70 |
| 105 | मनोज कुमार | xxxxxxxxxxx5335 | ₹ 26,365.68 | 27-06-2023 | ₹ 8.50 | ₹ 8.10 |
| | शाखा का नाम : वैभव खंड यूपी | | | | | |
| 106 | मोहम्मद आतिफ | xxxxxxxxxxx6477 | ₹ 75,682.90 | 30-05-2023 | ₹ 24.30 | ₹ 23.80 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी https://gold.samil.in पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://gold.samil.in पर लॉगइन करें।

स्थान : नई दिल्ली एवं एनसीआर, तिथि : 20–08–2023 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड

# बकायेदार बिल्डरों पर प्राधिकरण ने कसा शिकंजा

## 26 हजार करोड़ के लिए जारी होगी आरसी, 26 अगस्त तक खुलवाना होगा एस्क्रो खाता

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




बकायेदार बिल्डरों की परियोजना पर अब प्राधिकरण बकाया का नोटिस चस्पा करेगा। इसके अलावा करीब 26 हजार करोड़ बकाए की वसूली आरसी के जरिए की जाएगी। यह निर्देश नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने ग्रुप हाउसिंग के अधिकारियों को दिए। नोएडा में करीब 116 बिल्डरों के प्रोजेक्ट है।

डॉ. लोकेश एम ने ग्रुप हाउसिंग के अधिकारियों व 24 बिल्डर के साथ बैठक की। बैठक में 60 बिल्डरों पर प्राधिकरण का बकाया करीब 26 हजार करोड़ रुपए और खरीदारों की समस्याओं को लेकर यह बैठक हुई।

बैठक में सीईओ ने कहा, जिन बिल्डरों की ओर से प्राधिकरण के बकाए का भुगतान नहीं किया जा रहा है उनके खिलाफ आरसी जारी की जाए। इसके साथ-साथ बकाए के संबंध में समाचार पत्रों में भी सूचना प्रकाशित कराई जाएगी।

इसके अलावा परियोजना स्थल पर बकाए का उल्लेख करते हुए बोर्ड भी लगाया जाएगा। सीईओ ने कहा, जनसुनवाई में आए दिन सोसाइटी की इमारत की गुणवत्ता खराब होने, कार पार्किंग की समस्या, बेसमैंट में जलभराव, लिफ्ट खराब होने या कम होने समेत कई तरह की शिकायतें आ रही हैं। इन समस्याओं का बिल्डर अपने स्तर से तत्काल गुणवत्तापूर्वक निपटारा कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा, जिन पूरी हो चुकी परियोजनाओं में एओए गठित है उनमें यूपी अपार्टमैंट एक्ट 2016 में दिए गए प्रावधान के तहत परियोजना के अनुरक्षण के लिए विधिक रूप से एओए को हस्तगत किया जाए।

बैठक में सीईओ ने कहा, 2 महीने बाद भी सिर्फ6 परियोजना के बिल्डरों ने ही एस्क्रो अकाउंट खुलवाए हैं। ऐसे में बचे बिल्डर हर हाल में 26 अगस्त 2023 तक खाता खुलवा लें वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें। दरअसल एस्क्रो खाता प्राधिकरण और बिल्डर के बीच खोला जाएगा। जिसमें बायर्स का पैसा जमा रहेगा। इस पैसे का प्रयोग कहां हो रहा है इसकी जानकारी प्राधिकरण को रहेगी। नोएडा के 15 बिल्डरों की परियोजनाएं पर दिवालिया होने की प्रक्रिया चल रही है। इनके मामले एनसीएलटी में चल रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण का भी करीब 3996-96 करोड़ रुपए फंस गए हैं। पैसे लेने के लिए प्राधिकरण सख्ती भी नहीं बरत पा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि 15 में से चार ऐसी परियोजनाएं हैं जिनके कुल स्वीकृत फ्लैट में से एक की भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी है। रजिस्ट्री के अलावा सोसाइटी से जुड़े आईएमएफएस का पैसा समेत सभी काम आईआरपी के जरिए होंगे।

### बिल्डरों पर विभिन्न मदों में बकाया

- *आम्रपाली प्रोजेक्ट पर बकाया 3580.78 करोड़*
- *यूनिटेक प्रोजेक्ट पर बकाया 9760.06 करोड़*
- *प्रोजेक्ट 15 प्रोजेक्ट पर 3996.96 करोड़*
- *कंपलीट प्रोजेक्ट पर बकाया 1529.73 करोड़*
- *इनकंपलीट प्रोजेक्ट पर बकाया 7140.68 करोड़*

# सीमा ने मनाई हरियाली तीज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



हरियाली तीज का त्योहार पर सीमा ने पूरे परिवार के साथ पूजा की और एक वीडियो संदेश जारी कर सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी।

वीडियो की शुरुआत में सीमा जय श्रीराम बोलती है और अंत में हिंदुस्तान जिंदाबाद कहती है। सीमा ने कहा हरियाली तीज का त्योहार है। जिसे हम बड़े ही उत्साह के साथ मना रहे हैं। मैं अपने पति सचिन की लंबी उम्र की कामना के लिए यह हरियाली तीज मना रही हूं। मैं पूरे देश की खुशहाली और हरियाली की कामना करती हूं। मेरे वकील एपी सिंह आज मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में पूजा करने गए हुए हैं। वीडियो में हरे रंग की साड़ी पहने हुए सीमा अच्छी तरह से तैयार हुई दिखाई दे रही हैं। सीमा के माथे पर बिंदी नजर आ रही है और मांग में सिंदूर दिखाई दे रहा है। इसके बाद सीमा ने अपने घर में ही पूजा अर्चना की। दीप जलाकर भगवान की आरती उतारी।

# हनुमान की मूर्ति हटाने पर सोसाइटी में हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● मरम्मत विभाग ने कहा, अस्थाई पार्किंग में मंदिर था, गाड़ियों से खंडित हो सकती थी मूर्ति**

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी सोसाइटी में शनिवार को जमकर हंगामा हुआ। दरअसल सोसाइटी के कुछ लोगों के द्वारा अस्थाई पार्किंग में हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की गई थी। इसे हटाने को लेकर पहले भी नोटिस दिया गया था, लेकिन शुक्रवार रात को मेंटेनेंस विभाग ने हनुमान की मूर्ति को हटा दिया। जिसके बाद सोसायटी के लोगों का गुस्सा भड़क गया और वह सुबह से ही सोसाइटी में जमकर नारेबाजी करने लगे।

पुलिस ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र के 14 एवेन्यू रेजिडेंस राहुल कौशिक व अन्य व्यक्तियों ने अस्थाई पार्किंग में मंदिर बनाकर हनुमान की मूर्ति स्थापित की। इसकी शिकायत पार्किंग के स्वामियों ने मेंटेनेंस ऑफिस में जाकर की थी। मेंटेनेंस विभाग ने पार्किंग स्थल से मंदिर हटाने के संबंध में नोटिस दिया था। लेकिन मंदिर को नहीं हटाया गया। जिसके बाद शुक्रवार रात को मेंटेनेंस विभाग ने हनुमान जी की मूर्ति को वहां से हटा दिया। जब सोसाइटी के लोगों ने देखा कि मंदिर नहीं है तो उसके बाद उन लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सोसाइटी में लोग बजरंगबली को वापस लाओ के नारे लगाकर प्रदर्शन करने लगे।

सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस लोगों को समझाने बुझाने में जुट गई। सोसाइटी में रहने वालीं पूनम वासने ने बताया कि उन लोगों ने यहां पर विधि विधान से मूर्ति को स्थापित किया था, लेकिन रात के अंधेरे में चोरी छुपे हनुमान की मूर्ति को वहां से हटा दिया गया है। जब तक मूर्ति वापस नहीं आएगी, हम लोग प्रदर्शन करते रहेंगे। इस दौरान इन लोगों ने लाखों रुपए गायब होने का भी आरोप लगाया।

# बोर्ड बैठक में मास्टर प्लान के पेश होने पर संशय

**● ड्राफ्ट में दो बिन्दुओं पर कमी को दूर करने के लिए शासन ने जीडीए को रिपोर्ट भेजी**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




जीडीए बोर्ड की बैठक में मास्टर प्लान 2031 को पेश करने को लेकर जोरदार तैयारी चल रही है। हाल ही में जो ड्राफ्ट तैयार किया गया था, उसमें थोड़ा संशोधन करने के लिए शासन ने जीडीए से कहा था।

जीडीए अब उस संशोधन को करने की कोशिश में लगा हुआ है। माना जा रहा है कि इस बारे में जीडीए शासन को सूचना देगा। अगर शासन की अनुमति मिली तो नया मास्टर प्लान बोर्ड की बैठक में पेश हो सकता है। मास्टर प्लान 2031 पिछले करीब दो वर्ष से तैयार हो रहा है। मास्टर प्लान में शहर के नए विकास को फोकस किया जा रहा है। इस कारण मास्टर प्लान तैयार करने के लिए खास तौर पर तैयारी चल रही है। मास्टर प्लान के ड्राफ्ट की समीक्षा शासन में हो चुकी है। इसके बाद स्टेट कमेटी की बैठक हुई तो इसमें थोड़ी कमी मिली। इसी के बाद ही मास्टर प्लान ड्राफ्ट में दो प्वाइंट पर कमी को दूर करने के लिए शासन ने जीडीए को रिपोर्ट भेजी है। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने इस प्रकरण की बैठक में समीक्षा की है। समीक्षा के दौरान जहां आपत्ति थी उसमें सुधार करने के लिए नियोजन विभाग को निर्देश दिए है। उम्मीद अभी भी है कि मास्टर प्लान सोमवार को प्रस्तावित बैठक में पेश किया जा सकता है।

## उद्यमियों ने जनता दरबार में गिनाई समस्या

**नोएडा।** उद्यमियों की समस्याओं का निवारण करने के लिए शनिवार को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने इंदिरा गांधी कला केंद्र में जनता दरबार लगाया। सेक्टर-1 से 11 तक औद्योगिक सेक्टर के उद्यमियों की समस्याओं का निपटारा किया गया।

नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने सीईओ से कहा कि प्राधिकरण द्वारा उद्यमियों से कार्य शीलता प्रमाण देने से पहले कम्पलीशन सर्टिफिकेट की मांग की जा रही है। उद्यमी के पास जितनी पूंजी होती है उसी के अनुरूप भवन का निमार्ण कर वह अपनी इकाई में कार्य प्रारम्भ कर लेता है।

# स्कूटी हटाने को लेकर विवाद में फायरिंग करने वाले गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कासना थाना क्षेत्र में दो पक्षों में मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पर फायरिंग कर दी। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही अवैध हथियार बरामद किया है जिससे फायरिंग की गई थी। मारपीट में एक पक्ष कृष्ण व दूसरा पक्ष नितीश है। ये दोनों एक दूसरे के पड़ोसी हैं। एक ही परिवार से संबंध रखते हैं। कालू उर्फ नितीश नाम के युवक ने स्कूटी को रास्ते में खड़ा कर रखा था। जिसके बाद दूसरे पक्ष के प्रदीप गाड़ी से आए, उन्होंने स्कूटी हटाने के लिए कहा। उसने स्कूटी नहीं हटाई। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद यह विवाद नहीं रुका, जिसके बाद दूसरे पक्ष के सचिन व अंकित ने फायरिंग कर दी। सचिन के पास लाइसेंसी पिस्टल है, जबकि अंकित द्वारा अवैध शस्त्र से फायरिंग की गयी। फायरिंग में पहले पक्ष के रोहित को गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया।

# एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी का फ्लैट कुर्क

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




नोएडा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि आरोपी दीपक के दादरी के सेक्टर दो स्थित 40 मीटर के मकान को कुर्क किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरोह पर लगाम कसने के लिए सदस्य दीपक कुमार निवासी भगवानपुर मुजफ्फरपुर बिहार पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। उसके खिलाफ सेक्टर.126 थाने में केस दर्ज है।

मामले की छानबीन के दौरान पता चला कि आरोपी कां एक फ्लैट है। जिसे कुर्क किया गया। कार्रवाई सेक्टर-20 थाने की पुलिस की ओर से की गई है। दीपक देश के अलग-अलग निजी और सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलाने के नाम पर छात्रों से लाखों रुपये की रकम वसूलता था। सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी ऐसे छात्रों से संपर्क करते थे जिन्होंने नीट की परीक्षा दी हो पर किसी कारण से उन्हें एमबीबीएस में दाखिला नहीं मिल सका है। गिरोह के कई अन्य सदस्यों पर भी गैंगस्टर एक्ट के तहत पूर्व में कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई आगे भी होती रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार



पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्टी में तीज का त्योहार मनाती महिलाएं।

### गोल्फ फॉरेस्टी ग्रेटर नोएडा वेस्ट में तीज समारोह

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्टी में तीज का त्योहार मनाया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में निवासियों विशेषकर महिलाओं ने भाग लिया। सोसाइटी की महिलाओं ने कहा कि तीज का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम को बढ़ाने का त्योहार है। इस मौके पर पुष्पा गौतम, प्रीति और वंदना केसरवानी समेत कई महिलाएं मौजूद रही।

### खालसा हेल्प ने शुरू किया कैंसर सपोर्ट यूनिट



**गाजियाबाद।** खालसा हेल्प इंटरनेशनल और मेट्रो लाइफ अस्पताल द्वारा शुरू किए गए कैंसर सपोर्ट यूनिट का शनिवार को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनजिंदर सिंह सिरसा और सीएमओ गाजियाबाद थे। इस सेवा के बारे में ऑक्सीजन मैन गुरुप्रीत सिंह रम्मी ने बताया कि खालसा हेल्प इंटरनेशनल फांउडेशन ने जरूरतमंद आम जनता के लिए कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी के इलाज के लिए पहली यूनिट का शुभारंभ नए बस अड्डे के पास पटेल नगर स्थित मेट्रो लाइफ अस्पताल में किया गया। जहां मरीज को बेहद रियायती दरों पर इलाज व कीमोथेरेपी की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर डॉ. गौरव समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैठक

**गाजियाबाद।** नौ सितम्बर को गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनील प्रसाद ने बताया कि लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज अनिल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें उन्होंने लोक अदालत को सफल बनाने पर जोर दिया। जिला जज ने कहा कि राष्ट्रीय लोकअदालत का अधिक से अधिक प्रचार.प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके। सभी अधिकारियों को भी लोक अदालत में अधिक वादों के निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिला जज नोडल अधिकारी लोक अदालत आलोक पांडे, अपर जिला जज सुनील प्रसाद, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, लीड बैंक मैनेजर हिमांशु तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर आदि मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड की ओर से मुद्रित एवं प्रकाशित, 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# जी-20 सम्मेलन : मेहमानों के सामने न हो किरकिरी, पीडब्ल्यूडी ने कसी कमर

● जलभराव वाले इलाकों में भूमिगत पंप को ऊंचा किया, चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी से निगरानी




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में अगले महीने होने जा रहे जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के तहत लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने बेहतर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या, और बारिश से जलभराव होने वाले इलाकों में भूमिगत पंप की ऊंचाई बढ़ाई है।

भारत की अध्यक्षता में जी20 शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को होगा। जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए मुख्य आयोजन स्थल प्रगति मैदान में हाल में उद्घाटित सम्मेलन परिसर है।

राष्ट्रीय राजधानी में पिछले महीने यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी और 27 हजार लोगों को नदी के बाढ़ के मैदान वाले इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा था। सम्मेलन के दौरान विदेशी मेहमानों की राजघाट, प्रगति मैदान सुरंग और भैरों रोड के इलाकों में अधिक आवाजाही होगी।

इन इलाकों में बाढ़ आई थी जो चिंता का विषय है। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने कहा, सम्मेलन के दौरान बारिश से पैदा होने वाली स्थिति से निपटने की हमने योजना बनाई है। हमने 24 घंटे विभिन्न सड़कों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई है। इसके साथ ही बाढ़ के दौरान जलमग्न हो गए भूमिगत पंप को ऊंचाई पर स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि 10 स्थानों की पहचान की गई है जहां पर भारी बारिश होने की स्थिति में जलभराव को रोका जाएगा।

इन इलाकों में सम्मेलन स्थल आईटीपीओ, प्रगति मैदान सुरंग, पटियाला हाउस अदालत के नजदीक तिलक मार्ग, आईटीओ स्काईवाक के नजदीक अंडपास और पीडब्ल्यूडी मुख्यालय के सामने इंद्रप्रस्थ मार्ग शामिल है। अधिकारी ने बताया कि प्रगति मैदान सुरंग में 72 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिनमें से कुछ कैमरे दिल्ली पुलिस ने लगाए हैं। विदेशी मेहमानों के इस सुरंग का इस्तेमाल करने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि सुरंग में कुल 540 किलोवाट क्षमता के 16 पंप संचालित किए जा रहे हैं। इनके अलावा 40-40 हॉर्सपावर (एचपी) के छह सचल पंप भी लगाए गए हैं। पिछले महीने भारी बारिश के बाद पीडब्ल्यूडी मुख्यालय के सामने इंद्रप्रस्थ मार्ग भी जलभराव वाले स्थानों में से एक था। 337 एचपी की कुल क्षमता वाले सात पंप वहां संचालित किए जा रहे हैं और 50 एचपी के दो सचल पंप तैयार स्थिति में रखे गए हैं।

## वी-20 बैठक में शामिल होने से रोका : जयराम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने लोगों को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) से संबंधित एक इमारत के अंदर कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित वी-20 बैठक में शामिल होने से रोका।

पुलिस ने कहा कि आयोजकों ने संवेदनशील क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए न तो सूचना दी और न ही अनुमति ली। यह कार्यक्रम यहां दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर हरकिशन सिंह सुरजीत भवन में आयोजित किया जा रहा था। इसमें कार्यकर्ता और विपक्षी नेता लोगों के मुद्दों को उठाने के लिए एकत्र हुए थे। कार्यक्रम का आयोजन 18 से 20 अगस्त तक होना है।

रमेश ने इस शांतिपूर्ण बैठक के खिलाफ पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाया। रमेश ने आरोप लगाया, वी द पीपुल, का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित बैठक में शामिल होने से पुलिस रोक रही है।

# एलजी ने दी 'दास' कैडर के पुनर्गठन को मंजूरी

● दिल्ली प्रशासन अधीनस्थ सेवा के अधिकारियों व कर्मियों की दशकों पुरानी मांग हुई पूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अधिकारियों और कर्मचारियों की दशकों पुरानी मांग को स्वीकार करते हुए दिल्ली प्रशासन अधीनस्थ सेवा (दास) कैडर के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। एक कर्मचारी महासंघ ने शनिवार को यह जानकारी दी। इसका फायदा करीब 20 हजार अधिकारियों व कर्मचारियों को मिलेगा।

दास कैडर के अधिकारियों और कर्मचारियों के महासंघ ने एक बयान में कहा कि 1967 में इसके गठन के बाद से कई सरकारी आदेशों के बावजूद दास कैडर का पुनर्गठन नहीं किया गया था। पूर्व में, सक्सेना ने इस दिशा में प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया था। बयान में कहा गया है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी एसबी शशांक और कुलानंद जोशी तथा सेवारत आईएएस अधिकारी वाईवीवीजे राजशेखर की तीन सदस्यीय समिति का गठन इस उद्देश्य के लिए किया गया था।

समिति ने समूह ए के 221 पदों को चिह्नित किया है, जिन्हें दास कैडर में शामिल किया जा सकता है। सेवा विभाग ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को यह प्रस्ताव सौंपा। दास कैडर के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने उपराज्यपाल के इस फैसले पर खुशी और आभार जताते हुए कहा कि 55 साल संघर्ष के बाद आज यह सुनहरा दिन आया है।

उन्होंने कहा कि एलजी के इस फैसले से बीस हजार अधिकारियों-कर्मचारियों को सीधे तौर पर फायदा मिलेगा जो कई साल से बिना प्रमोशन के अतिरिक्त जिम्मेदारी निभा रहे थे। दास कैडर नियुक्ति से आए ग्रेड-दो के अधिकारी अपनी पूरी सेवा अवधि में केवल एक पदोन्नति पाते थे। कई मामलों में इनका तबादला किसी दूसरे केंद्रशासित राज्य में कर दिया जाता था। वहीं, कई मामलों में उच्च पदों की जिम्मेदारी तो दे दी जाती है, लेकिन ग्रेड नहीं मिलता था। अब सभी अधिकारी व कर्मचारियों को नियत समय पर पदोन्नति मिल सकेगी। वे जिस पद काम कर रहे होंगे, उसका उन्हें ग्रेड मिल सकेगा।

# केजरीवाल सपने बेचने की कला में माहिर : भाजपा

● कहा, झीलों का शहर बनाने का सपना दिल्लीवासियों के साथ छलावा


प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद रमेश बिधूड़ी व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सपने बेचने की कला में माहिर हैं, उन्होंने कहा कि झीलों का शहर केजरीवाल द्वारा दिल्लीवासियों को दिखाया गया एक और सपना है जो पूरा नहीं होगा।

सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल ने 2018 में दिल्ली को सिंगापुर बनाने का सपना दिखाया था लेकिन 5 साल बाद भी दिल्ली को केजरीवाल सरकार से कोई विकास या सौंदर्यीकरण परियोजना नहीं मिली है। पिछले 9 वर्षों में दिल्ली में देखी गई सभी प्रमुख बुनियादी ढांचा या सौंदर्यीकरण परियोजनाएं पीएम नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार के फंड से आई हैं।केजरीवाल गत दो साल से झीलों के शहर का सपना दिखा रहे हैं पर धरातल पर कुछ नही किया है जबकि दिल्ली के उपराज्यपाल ने मात्र 6 माह में नजफगढ़ ड्रेन में परिवर्तित हुई ऐतिहासिक साहिबी नदी की सफाई करवा कर पुनर्जीवित कर और यमुना किनारे असिता इस्ट घाट बनवा कर ज़मीनी काम किया है। केजरीवाल ने मोहल्ला क्लिनिक अंतरराष्ट्रीय मान्यता का दावा किया है, जिसने न केवल दिल्लीवासियों को कोविड चरण के दौरान निराश किया।

# राजधानी में चाकूबाजी की अलग-अलग घटनाओं में एक की मौत, दो घायल

● तीन बदमाशों ने लूट के लिए रात 11 बजे से 1 बजे के बीच की वारदात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में चाकूबाजी की तीन अलग-अलग घटनाओं में 32 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि तीन लुटेरों ने इस वारदात को अंजाम दिया। इसने कहा कि शुक्रवार रात साढ़े ग्यारह बजे से शनिवार रात एक बजे के बीच वेलकम थाने को चाकूबाजी की घटना से संबंधित तीन कॉल प्राप्त हुईं।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्वी) जॉय टिर्की ने बताया कि वेलकम इलाके में स्थित जनता मजदूर कॉलोनी निवासी शेर मोहम्मद (25) के पेट में चाकू घोंप दिया गया, हालांकि किसी तरह एक घर में छिपकर उसने अपनी जान बचाई। उन्होंने बताया कि रात करीब 12 बजकर 20 मिनट पर उसी कॉलोनी के गुरफान की पीठ पर चाकू से हमला किए जाने की सूचना मिली। टिर्की ने कहा कि चाकू हमले में गंभीर रूप से घायल गुरफान की मौत हो गई और उसका मोबाइल फोन लूट लिया गया।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उसी रात जनता मजदूर कॉलोनी के रहने वाले शारिक (22) की गर्दन पर भी चाकू से वार किया गया, हालांकि वह वहां से भागकर खुद को बचाने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा कि घटना के सिलसिले में कपिल चौधरी (25) और सोहेल (22) नामक दो हमलावरों को पकड़ लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि कपिल चौधरी को 2021 में हत्या के प्रयास तथा 2022 में चाकूबाजी के आरोप में



गिरफ्तार किया गया था और वह तीन महीने पहले जेल से छूटकर आया था। उन्होंने कहा कि चौधरी के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और खून से सना चाकू बरामद हुआ। अधिकारी ने कहा कि तीसरे आरोपी की पहचान समीर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी एक साथ शराब पी रहे थे और तभी उन्होंने कुछ लोगों को लूटने की योजना बनाई। इसने कहा कि तीनों के पास चाकू थे, जो उन्होंने हाल ही में बल्लीमारान इलाके से खरीदे थे।

इसने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 307 (हत्या का प्रयास), 392 (डकैती), 397 (डकैती, मौत या गंभीर चोट पहुंचाने की कोशिश) और 34 (समान इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि समीर की तलाश जारी है जो पहले भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त था और पिछले साल शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत डकैती के आरोप में उसे गिरफ्तार किया गया था।

## मोबाइल चोरी कर बैंकिंग एप से पैसे निकालने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मोबाइल फोन कथित रूप से चोरी करने और उनमें बैंकिंग ऐप के जरिए अपने खाते में पैसे अंतरित करने को लेकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि किशन गढ़ गांव निवासी आरोपी सैमसन सचदेवा (42) पहले भी सात मामलों में लिप्त पाया गया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हौजखास मेट्रो स्टेशन पर अपने मोबाइल फोन की चोरी होने के बाद शिकायतकर्ता ने पाया कि नया सिम डालने के बाद किसी ने उसके मोबाइल फोन में लगे पेटीएम ऐप से जुड़े चार क्रेडिट कार्ड से 4,49,477 रुपये निकाल लिए हैं।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने बताया कि जांच के दौरान आरोपी का ठिकाना किशनगढ़ में होने के बारे में पता चला।

उन्होंने बताया कि इसके बाद छापेमारी कर सचदेवा को गिरफ्तार कर लिया गया तथा उसके पास से अपराध में इस्तेमाल किए गए पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए।

# मुख्यमंत्री दूसरे राज्यों में जाकर झूठ बोल रहे: बिधूड़ी

● भाजपा नेता का आरोप, सीएम ने बिजली, पानी, ट्रांसपोर्ट समस्या पर नहीं दिया ध्यान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दूसरे राज्यों में जाकर झूठ बोलने में माहिर हैं।

बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के छत्तीसगढ़ में दिए बयान को कोरा झूठ बताते हुए कहा कि उनके सत्ता में आने से पहले 2014 में दिल्ली में सात-आठ घंटे बिजली गुल रहती थी। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में जब बिजली का निजीकरण हुआ, उसके बाद ही स्थिति में सुधार हो गया था। अरविंद केजरीवाल जब सत्ता में आए तो दिल्ली में बिजली कटौती जैसी कोई समस्या नहीं थी और 24 घंटे बिजली उपलब्ध थी। वह इसका झूठा श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं।

भाजपा नेता कहा कि केजरीवाल जनता को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने वाले नहीं बल्कि झूठ की कला में माहिर जादूगर हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रही है, यह विधानसभा में आम आदमी पार्टी के विधायकों ने ही साबित कर दिया है। जल बोर्ड 72 हजार करोड़ रुपए के घाटे में है और घोटालों के कारण पूरी तरह कंगाल हो गया है।

दिल्ली के अस्पतालों का बुरा हाल भी अब आम आदमी पार्टी के विधायक विधानसभा में बयान कर रहे हैं। दिल्ली में डीटीसी की सारी बसें ओवरएज हो चुकी हैं जबकि दिल्ली सरकार के अपने संस्थान डीपीसीसी ने पानी के प्रदूषण पर चौंकाने वाली रिपोर्ट दी है।

# सुकेश ने आप पर लगाया 13 रुपये करोड़ लेने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने उपराज्यपाल (एलजी) को लिखे एक और पत्र ने आम आदमी के लिए मुश्किलें बढ़ा दी है। सुकेश ने ताजा पत्र में दावा किया कि उसने गोवा चुनाव में एक मेडिकल फर्म के माध्यम से आम आदमी पार्टी को 13 करोड़ रुपये दिए थे। उसने एलजी से लेन-देन की निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग की है।

सुकेश ने पत्र में दावा किया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन पर एक प्राइवेट फर्म मेट्रोपोलिस लेबोरेटरी एंड पैथोलॉजी सेंटर्स को मेडिकल कॉन्ट्रैक्ट देने के लिए नियमों की अनदेखी की। इसके बदले में फर्म ने पार्टी को गोवा चुनाव में 13 करोड़ रुपये दिए थे।

सुकेश चंद्रशेखर ने दावा किया है कि केजरीवाल सरकार ने मेट्रोपोलिस लेबोरेटरी एंड पैथोलॉजी सेंटर्स को मेडिकल के कई ठेके दिए हैं। उसने फेसचैट का दावा करते हुए कहा है कि केजरीवाल और सत्येंद्र जैन ने कहा था कि इस फर्म के निदेशक उनके करीबी दोस्त हैं। फर्म की ओर से पैसे मुंबई ऑफिस से दिए जाएंगे और गोवा और बैंगलोर में पहुंचाया जाएगा।

## साउथ एक्सटेंशन में कपड़े के गोदाम में लगी आग

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली में कपड़े के एक गोदाम में शनिवार सुबह आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अग्निशमन विभाग को सुबह पांच बजकर 25 मिनट पर साउथ एक्सटेंशन के पार्ट वन में एक इमारत में स्थित गोदाम में आग लगने की सूचना मिली।

उन्होंने बताया कि आठ दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और करीब नौ बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों ने बताया कि गोदाम में रखे कपड़े जल गए। उन्होंने बताया कि जिस इमारत में आग लगी उसमें एक बेसमेंट, दो तल और छत है।

# राजधानी में सुबह की बारिश से गिरा पारा



● कई इलाकों में जलभराव से हुई लोगों को आवागमन में परेशानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में शनिवार सुबह बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से राहत मिली और इसके साथ ही न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। बारिश के कारण दिल्ली में नजफगढ़ के फिरनी रोड, बहादुरगढ़ रोड, पटपड़गंज, वसंत कुंज, मुंडका और बदरपुर सहित कई इलाकों में यातायात प्रभावित रहा।

राष्ट्रीय राजधानी में सुबह आठ बजकर 30 मिनट तक 13 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने दिन के समय बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। आईएमडी के अनुसार, अधिकतम तापमान करीब 34 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। सुबह आठ बजकर 30 मिनट पर आर्द्रता 96 प्रतिशत रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सुबह आठ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 151 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है।

## संक्षिप्त समाचार

### आनंद स्वरूप वर्मा को प्रथम अनुवाद सम्मान



**नई दिल्ली।** हिंदी के प्रख्यात पत्रकार, लेखक और अनुवादक आनंद स्वरूप वर्मा को प्रथम 'प्रकाशन संस्थान' अनुवाद सम्मान से सम्मानित किया गया। राजधानी के प्रेस क्लब में शुक्रवार को आयोजित एक समारोह में उन्हें प्रशस्ति-पत्र, प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र और 51,000 रुपये की राशि प्रदान की गयी। इस अवसर पर जेएनयू के प्राध्यापक प्रोफेसर देवशंकर नवीन ने वैश्विक संस्कृति के विकास में अनुवाद के योगदान और आनंद स्वरूप वर्मा की अनुवाद चेतना पर विस्तार से जानकारी दी। निर्णायक मंडल में मदन कश्यप रवीन्द्र त्रिपाठी मौजूद रहे।

### धुले में भारतीय लोकत्रंत पर एक दिवसीय सेमिनार

नई दिल्ली। विद्या वर्धनी सभा के डॉ. एमवाई विद्या आर्ट्स, प्रो. पीडी दलाल कामर्स और डॉ. शाह साइंस कॉलेज धुले और महाराष्ट्र तत्वावधान परिषद के संयुक्त संयोजन में फिलॉसफिकल और पॉलिटिकल प्रसपेक्टिव ऑफ इंडियन डेमोक्रेसी विषय पर एक दिवसीय का राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार का आयोजन सोमवार को किया जाएगा। सेमिनार का आयोजन डिपॉर्टमेंट ऑफ फिलासफी और लॉजिक, डिपॉर्टमेंट ऑफ पॉलिटिकल साइंस द्वारा किया जाएगा। जिसमें प्रमुख वक्ता महात्मा बसवेश्वर कॉलेज लातूर, महाराष्ट्र के प्रिंसिपल डॉ. नागाराव कुंभार रहेंगे तथा मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के पॉलिटिकल साइंस के डॉ. ब्रिजेंद्र पांडेय शिरकत रहेंगे। सेमिनार के संबंध में अधिक जानकारी के लिए डॉ. सुनील दत्त गावरे 9152020353, डॉ. संतोष खत्री 9420661068, डॉ. बाजीराव पाटिल 9423345462 से संपर्क किया जा सकता है।

### स्कूली बच्चों ने मनाया हरियाली तीज

**नई दिल्ली।** हरियाली तीज रोहिणी स्थित एमआरजी स्कूल के बच्चों ने शिक्षिकाओं के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के अभिभावकों ने भी भागीदारी का हरियाली तीज पर आयोजित कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस अवसर पर स्कूल में फूड्स स्टॉल के साथ रोमांचक खेल, ट्रेंडी ड्रेस और हथकरघा का प्रदर्शन किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल अंशु मित्तल ने कहा कि तीज महोत्सव हम सभी के लिए विशेष स्थान रखता है। यह उत्सव के माहौल में पारिवारिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और सीखने की खुशी के महत्व को रेखांकित करता है।

# पिता की गलती की सजा बेटी को नहीं दी जा सकती : हाईकोर्ट

● अदालत ने महिला निशानेबाज के खिलाफ सीमा शुल्क मामला रद्द किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय स्तर की उस 28 वर्षीय महिला निशानेबाज के खिलाफ सीमा शुल्क कानून के तहत दर्ज आपराधिक शिकायत को खारिज कर दिया है, जिसके पिता को आग्नेयास्त्रों के कथित आयात में उसके लाइसेंस का उपयोग करते हुए पाया गया था। अदालत ने कहा कि महिला निशानेबाज को उसके पिता की कथित गलती के लिए दंडित नहीं किया जाना चाहिए।

उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रथम दृष्टया सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के तहत याचिकाकर्ता दिशा लैंगन के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता क्योंकि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप उस अपराध के आवश्यक तत्वों का खुलासा नहीं करते हैं जिसके लिए आरोप लगाया गया है और इस बारे में कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि उन्हें अपने पिता द्वारा किए गए अपराधों की जानकारी थी।

न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने कहा, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि याचिकाकर्ता 26 साल की लड़की है जिसका भविष्य उज्ज्वल है और जो कानून की पढ़ाई के साथ-साथ निशानेबाजी के माध्यम से अपनी आकांक्षाओं को ऊंची उड़ान दे रही है और देश का नाम रोशन कर रही है, इस अदालत की सुविचारित राय है कि उसे उसके पिता के कथित कृत्यों के लिए दंडित नहीं किया जाना चाहिए।

उच्च न्यायालय ने कहा कि मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने महिला को समन जारी करने की कार्वाई में गलती की। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा दायर शिकायत के अनुसार, महिला के पिता सहित तीन लोगों को इस तरह की एक विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर 29 अप्रैल, 2017 को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका गया था कि एक गिरोह स्लोवेनिया से भारत में हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी करने में शामिल है। इसमें कहा गया कि गिरोह के सदस्य सीमा शुल्क विभाग को बताए बिना अपने सामान में छिपाकर प्रतिबंधित वस्तुएं लेकर हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर पहुंचेंगे। शिकायत में कहा गया कि याचिकाकर्ता के पिता ने फर्जी चालान का उपयोग करके हथियार आयात करने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा जारी शस्त्र और गोला बारूद लाइसेंस और नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) द्वारा जारी प्रसिद्ध निशानेबाज प्रमाणपत्र का उपयोग किया। यह भी आरोप है कि हथियारों का वास्तविक मूल्य और ब्योरा छिपाया गया।

यह आरोप लगाया गया था कि गिरोह के सदस्य तस्करी करके लाए गए विदेशी मूल के हथियारों को भारी मुनाफा कमाकर भारत में बेच रहे थे। शिकायत में कहा गया है कि इन हथियारों का इस्तेमाल वन्यजीवों के शिकार के लिए किया गया। महिला ने डीआरआई के समक्ष अपने बयान में कहा कि घटना के दिन वह दिल्ली में नहीं थी और उस समय गांधीनगर स्थित गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही थी। लैंगन ने कहा कि उन्होंने कभी भी हथियारों के आयात का आदेश नहीं दिया और यह उनके पिता थे जिन्होंने उनकी ओर से हथियार खरीदे थे। उन्होंने कहा कि उनका ध्यान केवल निशानेबाजी प्रतियोगिताओं पर रहा है और आग्नेयास्त्रों की सारी व्यवस्था और इनकी खरीद उनके पिता द्वारा की गई।

लैंगन ने कहा कि उन्हें अपने नाम पर हथियारों की संख्या के बारे में भी जानकारी नहीं थी क्योंकि सभी कागजी कार्रवाई उनके पिता द्वारा संभाली जाती थी। महिला के वकील ने उच्च न्यायालय के समक्ष कहा कि उनकी मुवक्किल को उसके पिता द्वारा किए गए कथित अपराधों के लिए दंडित नहीं किया जा सकता और उसके खिलाफ कोई मामला नहीं बनता। हालांकि, डीआरआई के वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता के खिलाफ अधिनियम के तहत अपराध करने के बारे में विशिष्ट आरोप लगाए गए हैं क्योंकि उसने हथियारों के कथित आयात में अपने लाइसेंस का इस्तेमाल अपने पिता को करने की अनुमति दी थी।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 20 अगस्त, 2023



# फिर से अमेरिका में धूम मचाने जा रहे हैं गुरुग्राम के प्रतिभाशाली बच्चे

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**योग,** कलाबाजी, जिम्नास्टिक और डांस। यह चार विधाएं हैं जिनके बल पर गुरुग्राम के बच्चों ने महानगर मुंबई से लेकर सुपर पावर देश अमेरिका तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वॉरियर्स इंडिया फाउंडेशन के बैनर तले गुरुग्राम के बच्चों ने विदेशी मंच पर भी वाहवाही लूटी। पहले प्रयास में सफल होने के बाद अब फिर से उन्हें अमेरिका में अपनी कला दिखाने के लिए जाना है। वॉरियर्स इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक राहुल यादव व सह-

## इंडियाज गोट टैलेंट के 9वीं सीजन में बने थे फाइनलिस्ट

संस्थापक सागर के मुताबिक एनजीओ का मुख्य उद्देश्य छिपी हुई प्रतिभा को ढूंढना के साथ उन पर अपना समय और संसाधनों का निवेश करके उन्हें आगे बढ़ाना है।

वे उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। अमेरिकाज गॉट टैलेंट शो के पहले राउंड में अप्रैल 2023 में टीम अमेरिका गई थी। 30



अमेरिकाज गॉट टैलेंट में पहले राउंड में प्रस्तुति देते गुरुग्राम के बच्चे। फाइल फोटो।

जून को कार्यक्रम का प्रसारण हुआ था। अब 23 अगस्त को दूसरे राउंड के लिए टीम जाएगी। टीम के मेंटर जगदीश यादव ने बताया कि अधिकांश बच्चे सेक्टर-45 कन्हई गांव स्थित राव राम सिंह पब्लिक स्कूल से पढ़े हैं। बच्चों की प्रतिभा से ही अमेरिका ने दुबारा से आमंत्रित किया है। देश का प्यार और प्रार्थना बच्चों को चाहिए, ताकि वे अपना बेहतरीन प्रदर्शन करके अमेरिका से जीतकर लौटें।

**17 बच्चों का समूह है वॉरियर स्क्वाड :** वॉरियर स्क्वाड 17 प्रतिभाशाली बच्चों का एक समूह है, जिन्होंने इंडियाज गॉट टैलेंट के 9वें सीजन में राष्ट्रीय स्तर पर एनजीओ का प्रतिनिधित्व किया है। इस सीजन में बच्चे फाइनलिस्ट बने। वॉरियर स्क्वाड भारत में सबसे प्रतिभाशाली और प्रशंसित नृत्य और कलाबाजी समूहों में से एक है। उन्होंने इंडियाज गॉट टैलेंट (सीजन 9 फाइनलिस्ट) के अलावा डांस कर्नाटक डांस का ग्रैंड फिनाले (2022), किडिलम मनोरमा शो (2023) और स्टार विजय अवार्ड्स सहित विभिन्न टेलीविजन शो में प्रदर्शन किया है। वॉरियर स्क्वाड समूह को अमेरिकाज गॉट टैलेंट लाइव शो कार्यक्रम में प्रदर्शन करने के लिए चुना गया है। यह न केवल इन बच्चों के लिए, बल्कि भारत के लिए भी बहुत गर्व और खुशी का क्षण है। उन्हें एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिला है।

# तमिलनाडु से चली राजीव ज्योति सद्भावना यात्रा का गुरुग्राम में हुआ भव्य स्वागत



**गुरुग्राम।** श्रीपेरंबुदुर (तमिलनाडु) से चलकर वीर भूमि दिल्ली पहुंचने वाली राजीव ज्योति सद्भावना यात्रा शनिवार को गुरुग्राम पहुंची। यात्रा का गुरुग्राम में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। राजीव चौक पर इस यात्रा के स्वागत के लिए सेंकड़ों कांग्रेसी पहुंचे। यात्रा में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र यादव, कुलराज कटारिया, पंकज डावर, मनीष खटाना, नरेश सरपंच, सुनील प्रधान एडवोकेट सूबे सिंह यादव, एडवोकेट अरुण शर्मा, जय सिंह हुड्डा, धर्मेंद्र मिश्रा, भूप सिंह, हरकेश बहोत, विजयपाल, श्रीभगवान, राजवीर यादव लक्ष्मण यादव, जीतू यादव, विपिन तनेजा, मनोज आहूजा, दीपक चौहान समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने बताया कि यह यात्रा हर वर्ष तमिलनाडु से चलकर दिल्ली पहुंचती है, जहां दिल्ली पहुंचने पर कांग्रेस के सभी केंद्रीय नेतृत्व द्वारा इस यात्रा का अभिनंदन किया जाता है। इस यात्रा का सभी देशवासियों को हर साल बेसब्री से इंतजार रहता है। इस यात्रा का मकसद लोगों को एकजुटता और एकता का संदेश देना रहता है।

# गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल की इमरजेंसी ओपीडी कक्ष, वार्डों में भरा बरसाती पानी


गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल के मेन गेट के सामने भरा बरसाती पानी। अस्पताल के सर्जिकल वार्ड व ओपीडी में भरा बरसाती पानी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शनिवार** की सुबह 5 बजे से हुई मूसलाधार बारिश में सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में पानी भर गया। यहां इमरजेंसी, ओपीडी कक्ष और वार्डों में पानी भर गया। इस कारण से स्टाफ को काम करने में दिक्कत हुई। अस्पताल के कर्मचारी पानी को निकालने की मशक्कत करते रहे।

शनिवार को बरसात काफी अधिक और तेज हुई। देखते ही देखते जलभराव शुरू हो गया। नागरिक अस्पताल के मेन गेट के सामने करीब तीन फुट तक पानी जमा हो गया। पहले से ही बने गड्ढों के कारण इस पानी में दुपहिया वाहन फंसते रहे। गाड़ियों को भी निकलने में काफी दिक्कत हुई। सार्वजनिक वाहनों ऑटो, ई-ऑटो से अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके तिमारदारों को

## अस्पताल की बिल्डिंग में कई जगह कमियों के कारण भरता है पानी

## इमरजेंसी के पास फाइबर की टूटी छत से आता है ज्यादा पानी

मेन गेट के सामने भरे पानी से होते हुए अस्पताल में प्रवेश करने को मजबूत होना पड़ा। जैसे-तैसे लोग परेशान होकर अस्पताल में पहुंचे। अस्पताल के भीतर भी बरसात का काफी पानी भरा नजर आया। इमरजेंसी, ओपीडी कक्ष, अस्पताल परिसर और वार्डों तक बरसात का पानी भर गया। सर्जिकल वार्ड में पानी भरने से स्टाफ को उपचार करने में कठिनाई हुई। पूरे अस्पताल कैंपस में बरसात का पानी फैला हुआ था। अस्पताल में बरसात का पानी भरने का मुख्य कारण इमरजेंसी के पास फाइबर की शीट का टूटा होना है। बरसात के दौरान इसी जगह से पानी अस्पताल में भरता है। जैसे-जैसे यहां नीचे फर्श पर पानी अधिक भरता जाता है तो वह अस्पताल कैंपस में फैल जाता है। वर्षों से यह फाइबर की शीट टूटी है, लेकिन इसको सही कराने की जहमत नहीं उठाई जाती है। अस्पताल प्रशासन द्वारा अस्पताल में सुविधाओं के दावे तो खूब किए जाते हैं, लेकिन बरसात के मौसम में जलभराव ना होने देने के कोई प्रबंध नजर नहीं आते। एनक्यूएएस और कायाकल्प की टीम के दौरे के दौरान सब कुछ चकाचक करवाने वाले अस्पताल के अधिकारियों को सामान्य दिनों में अस्पताल की शायद कोई चिंता नहीं होती। चिकित्सकों के अपने कक्षों में भी बरसात का पानी भरा रहा, लेकिन इस व्यवस्था को सुधारने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती।

### कादीपुर व हरसरू तहसील में अधिक बारिश हुई

**गुरुग्राम** में तहसील क्षेत्र अनुसार बारिश की बात करें तो सर्वाधिक सब-तहसील कादीपुर व सब-तहसील हरसरू क्षेत्र में 76-76 एमएम बारिश हुई। गुरुग्राम तहसील में 62 एमएम, मानेसर तहसील में 50 एमएम, वजीराबाद तहसील में 45 एमएम, फरूखनगर तहसील में 31 एमएम, सब तहसील बादशाहपुर क्षेत्र में 15 एमएम, पटौदी तहसील में 5 एमएम, तहसील सोहना में 2 एमएम बरसात हुई।

# मां सरस्वती का छात्रों को मिलेगा विद्या का आशीर्वाद: डॉ. विजय सिंह



मां सरस्वती की प्रतिमा का लोकार्पण करने के दौरान ग्रामीणों व स्कूल स्टाफ के साथ मुख्य अतिथि डा. विजय सिंह नंबरदार।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** को वजीरपुर गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मंत्र उच्चारण और वैज्ञानिक विधान के साथ मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। विद्यालय परिसर में इस प्रतिमा की मांग और जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी।

स्कूल के पूरे स्टाफ गांव के लोगों तथा आसपास के गणमान्य लोगों के बीच हुई इस मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में डॉ. विजय सिंह नंबरदार ने अपने प्रेरणादाई उद्गार में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब इस प्रतिमा के स्थापित हो जाने से यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र छात्राओं को मां सरस्वती का आशीर्वाद भी मिल सकेगा।

डा. विजय सिंह ने कहा कि अब छात्रों का भी दायित्व है कि वह मन लगाकर पढ़ाई करें जिससे कि उनके परिवार गांव क्षेत्र और पूरे प्रदेश और देश का नाम रोशन हो सके। अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत की

## मानेसर स्थित वजीरपुर गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्थापित हुई मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा

गई मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी अतिथियों का ध्यान अपनी और आकर्षित किया।

कार्यक्रम में निवर्तमान सरपंच शेर सिंह चौहान, समाजसेवी धर्म सिंह चौहान, एडवोकेट मनीष शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर हुकम सिंह बौंडवाल, रामसिंह बौंडवाल, सतीश सैनी, श्रीराम सरपंच, रामसिंह सैनी, महावीर प्रजापति, जगदीश शर्मा, मदन सिंह, एडवोकेट मनीष शर्मा, स्कूल की प्रधान अध्यापिका सुनीता कुश, ललिता, दीप्ति, ममता, मनीष, सीमा, निधि, मुकेश, रानी, संदीप, मनीष सहित स्कूल के समस्त स्टाफ और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विधायक सिंगला ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन का प्रदेश प्रभारी देब को दिया न्यौता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुग्राम विधानसभा के आगामी 27 अगस्त 2023 को सायं 5:00 बजे प्रस्तावित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में आने का प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब को न्यौता दिया। उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजन के लिए विधायक सुधीर सिंगला को अग्रिम शुभकामनाएं व बधाई दी।

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने विधायक सुधीर सिंगला के समक्ष कहा कि हम सब अपनी पार्टी के कार्यकर्ता हैं। पार्टी आज जिस मजबूत स्थिति में है, उसका श्रेय उस अंतिम कार्यकर्ता तक को जाता है जो छोटे-छोटे कार्यक्रमों में भी जमीन से जुड़कर काम करता है। भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि राष्ट्र को समर्पित कार्यकर्ताओं की फौज वाला संगठन है। प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब से मुलाकात के दौरान विधायक सुधीर सिंगला ने उनसे पार्टी के कार्यक्रमों पर चर्चा की। विधायक


भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब को गुरुग्राम विधानसभा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन का न्यौता देते विधायक सुधीर सिंगला।

सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम विधानसभा का 27 अगस्त की शाम को होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन का स्थान जल्द ही तय करके जानकारी दी जाएगी। प्रदेश में पार्टी की नीतियों से आमजन को भरपूर लाभ मिलने की बात विधायक ने कही।

उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों का पात्रों को बिना किसी बाधा के लाभ मिल जा रहा है। विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुग्राम के पन्ना प्रमुखों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आग्रह करते हुए कहा कि यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। द्रोण नगरी गुरुग्राम के कार्यकर्ताओं की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे इस पन्ना प्रमुख सम्मेलन में इतिहास रचें।

# मातम में से लौट रही चार महिलाओं में से दो की मौत

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बल्लभगढ-सोहना** मार्ग पर केंटर की टक्कर से कार में सवार चार महिलाओं में से दो की मौत हो गई तथा दंपति समेत एक अन्य महिला समेत कुल तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सोहना के नागरिक अस्पताल से रेफर करने के बाद गुरुग्राम के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी अज्ञात केंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद मृतक महिलाओं के शवों को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए।

शुक्रवार की रात करीब नौ बजे बल्लभगढ़-सोहना मार्ग के खरौदा चौक को पार कर रही कार को तेज रफ्तार से आया केंटर सीधा जा टकराया। जिससे कार में सवार चालक व चार महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गए। कार केंटर की टक्कर लगने से चालक साइड से क्षतिग्रस्त हो गई। केंटर का अगला हिस्सा कार में अंदर घूस जाने से खिड़कियों के परखच्चें उड़ गए। हादसे का धमका सुनकर पास के


हादसे में मृतक उर्मिला व रुपवती तथा क्षतिग्रस्त कार।

गांव खरौदा और राहगिरों ने क्षतिग्रस्त में मदद के लिए चिल्ला रही महिलाओं समेत चालक को बाहर निकाला। जिन्हे निजी वाहनों में सवार करके सोहना के नागरिक अस्पताल में पहुंचा। जहा एक घायल महिला ने दम तोड़ दिया तथा चार को डॉक्टरों ने गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया।

गुरुग्राम के जिनी अस्पताल में पहुंचते-पहुचते एक और घायल महिला की मौत हो गई तथा कार चालक समेत दो अन्य महिलाओं को निजी अस्पताल में दाखिल कराया। जहां पर दो घायल महिलाओं की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे में मृतक महिलाओं की पहचान रुपवती (60) व उर्मिला(50) की मौत हो गई। सुशीला (450), वर्षा (23) तथा हरिओम (50) घायलों में शामिल है। सभी गांव दौला के निवासी है। जानकारी के अनुसार कार सवार सभी लोग शुक्रवार की सुबह उत्तर प्रदेश में रिश्तेदारी में मौत में शौक जताने के लिए गए थे। उत्तर प्रदेश से वापस आते समय अपने घर से मात्र दो किलोमीटर पहले हादसा के शिकार हो गए। कार में सवार चारों महिलाएं व चालक एक दूसरे के परिवार व रिश्तेदार है। सुशीला का पति हरिओम कार को चला रहा था।

**पुलिस ने किया मामला दर्ज :** सोहना सदर थाना पुलिस ने शनिवार को अज्ञात केंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद वाहन और चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस घटना स्थल से मात्र एक किलोमीटर दूरी पर बना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों से केंटर का पंजीकरण नंबर तलाश में जुट गई है। शनिवार को पुलिस ने मृतक महिलाओं के शवों का सोहना व गुरुग्राम के अस्पतालों में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# वन महोत्सव के तहत हरियाली बढ़ाने के लिए लगाए पेड़

## गुड़गांव विकास मंच व लायंस क्लब की तरफ से मनाया गया वन महोत्सव

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भीमगढ़ खेड़ी में गुड़गांव विकास मंच व लायंस क्लब की तरफ से वन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा के हरियाणा प्रदेश प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल मुख्य अतिथि, गुड़गांव विकास मंच के प्रमुख अजय शर्मा व लायन दीपक कटारिया एडवोकेट विशिष्ट


गुरुग्राम के भीमगढ़ खेड़ी के स्कूल में वन महोत्सव के दौरान पौधारोपण करते अतिथि व स्टाफ सदस्य।

अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व आईआरएस कल्याण सिंह शर्मा ने की। स्कूल के प्रधानाचार्य नवीन खन्ना ने मुख्य अतिथि नवीन गोयल को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। स्टाफ प्रतिनिधि सुंदर बाला, मीनू सहरावत, मनोज यादव व रीना को विशेष रूप सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नवीन गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण को हरा-भरा करने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाने चाहिए। हम एक-एक परिवार के माध्यम से हर घर में पेड़ लगाएंगे। कल्याण सिंह शर्मा ने कहा कि हरियाली के लिए हम सब मिलकर काम करेंगे।

पेड़-पौधे लगाएंगे। साथ ही वे निजी कोष से स्कूल में लगाए गए पेड़ों के लिए ट्री गार्ड उपलब्ध कराएंगे। गुड़गांव विकास मंच के प्रमुख अजय शर्मा ने कहा कि सरकारी विद्यालयों कि हम ज्यादा से ज्यादा मदद करने का प्रयास करते हैं। संपूर्ण गुड़गांव विकास मंच परिवार शिक्षा के क्षेत्र में सभी स्कूलों के साथ है। स्कूलों में वाटर कूलर, पानी की टंकी, पंखे आदि उपलब्ध कराकर बच्चों को सुविधाएं देना उनकी प्राथमिकताओं में है।

# के. आर. मंगलम् विश्वविद्यालय ने फ्रेशरमेन ओरिएंटेशन ''आरंभ'' को उत्साह के साथ मनाया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**के. आर.** मंगलम् विश्वविद्यालय ने अगस्त 19, 2023 के फ्रेशरमेन ओरिएंटेशन कार्यक्रम ''आरंभ'' को बड़े जोश, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। विश्वविद्यालय द्वारा ''आरंभ : एम्ब्रेसिंग न्यू होराइजन्स'' नामक कार्यक्रम का आयोजन सत्र 2023-24 के नवागंतुकों का स्वागत करने के लिए आयोजित किया गया। आपको बता दें कि इस कार्यक्रम में 10,000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ उपस्थिति दर्ज की।

इस कार्यक्रम में कुलाधिपति पद्मश्री प्रो. दिनेश सिंह, अध्यक्ष श्री यश देव गुप्ता, श्री अभिषेक गुप्ता, श्री रोहित गुप्ता, कुलपति प्रो. सी.एस. दुबे, रजिस्ट्रार ग्रुप-कैप्टन प्रवीण महाजन (सेवानिवृत्त), के.आर. मंगलम् विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के डीन और संकाय सदस्य उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवागंतुकों को विश्वविद्यालय के सकारात्मक वातावरण, शैली एवम् मूल्यों के साथ परिचित कराना था।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवम् सरस्वती वंदना से हुई।



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चन्द्रशेखर दुबे ने नवागंतुको का स्वागत करते हुए कहा कि आपका आगमन हमारे लिए एक गर्व और उत्साहपूर्ण पल है। हमारे यहां आप अकादमिक ज्ञान के साथ व्याहारिक ज्ञान, विभिन्न सांस्कृतिक एवम् कौशल विकास के कार्यक्रमों द्वारा अपना सर्वांगीण विकास करेंगे। इस मौके पर प्रो. वरुणा त्यागी, डीन एकेडमिक अफेयर्स ने विद्यार्थियो को बताया कि वो कैसे विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों, क्लब्स, संगठनों और समृद्ध संसाधनों का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आपकी सोच को नई दिशा देने वाले अध्ययन प्रोग्राम, शोध प्रक्रियाएँ, अन्य विशिष्टताएँ आपके पेशेवर व व्यक्तिगत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए बतौर मेहमान श्री अनिल के. अग्रवाल, अध्यक्ष (कॉसमॉस ग्रुप, संयुक्त व्यापार परिषद-फिक्की), सुश्री सोनल गोयल, आईएएस (एसपी रेजिडेंट कमिश्नर, त्रिपुरा भवन, नई दिल्ली), श्री सतीश कौरा, अध्यक्ष एंड एमडी (सैमटेल), डॉ. देबप्रिया दत्ता, सलाहकार, प्रमुख/वैज्ञानिक- जी (साइंस फॉर इक्विटी अधिकारिता एवं विकास (स्श्वश्वष्ठ) प्रभाग, विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, भारत सरकार), श्री दीपन साहू, सहायक नवाचार निदेशक (शिक्षा मंत्रालय इनोवेशन सेल और एआईसीटीई, भारत सरकार), श्री प्रदीप सिंह, आईएएस (एसडीएम साउथ, गुरुग्राम), श्री करण खुराना, सीईओ ( ग्लोबल पेरिफेरल सॉल्यूशंस, पूर्व छात्र, केआरएमयू) ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की।

# रोहताश खटाना ने दी राजकीय कॉलेज को बस सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**समाज** सेवक रोहतक खटाना रिठौज में राजकीय कॉलेज में विद्यार्थियों के आने-जाने के लिए दो बस निजी कोष से देने की घोषणा की है। कॉलेज में वाहन सुविधा न होने से विद्यार्थियों की संख्या हर वर्ष कम हो रही है। खटाना ने सोहना में बनने वाले गूर्जर भवन निर्माण में 4 करोड़ 11हजार रुपये दान देने की घोषणा की है। शनिवार को समाज सेवी रोहतक खटाना के रिठौज स्थित उनके निवास पर गूर्जर समाज के लोगों की बैठक हुई। इस बैठक में समाज के बुद्धिजीवियों ने सामाजिक कार्यों को लेकर चर्चा की। इस बैठक में अंतराम तवंर, समाज सेवी बलबीर रावत, श्योराज खटाना, सतबीर पहलवान, प्रताप खटाना समेत अन्य लोग मौजूद थे।वक्ताओं ने समाज उत्थान पर विचार विमर्श किया। बैठक के आखिर में समाज सेवी रोहताश खटाना ने गूर्जर समाज का सोहना में बनने वाले गूर्जर भवन निर्माण में 4 करोड़ 11 हजार रुपये का दान दिया है।समाज सेवी ने रिठौज में स्थित राजकीय कॉलेज में विद्यार्थी के आने जाने के लिए वाहन


समाज सेवी रोहतक खटाना।

सुविधा न होने से हर साल कम हो रही संख्या पर चिंतन किया। उन्होंने ने बताया कि कॉलेज में वाहन सुविधा अपने निजी कोष से दो बसें उपलब्ध कराने की घोषणा की है। जिससे विद्यार्थियों को कॉलेज आने जाने की सुविधा उपलब्ध होने से कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी।

**कहां से कहां मिलेगी बस सुविधा :** रोहतक खटाना ने कहा उनके द्वारा दी जाने वाले दो बसों से ग्वाल पहाड़ी, बंधवाड़ी, कादरपुर, मैदावास, निमौठ, खेड़ली लाला, बादशाहपुर टैठड़, निमौठ, हरचंदपुर, अभयपुर, दमदमा, खेड़ला आदि गांवों से विद्यार्थी को बस की सुविधा मिलेगी।

# मेट्रोपॉलिस हेल्थकेयर ने रोहिणी में लॉन्च किया नया डायग्नोस्टिक टेस्टिंग सेंटर

## अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए मरीजों को मिलेगी हाई-क्वालिटी टेस्टिंग सर्विस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के अग्रणी डायग्नोस्टिक सर्विस प्रोवाइडर मेट्रोपॉलिस हेल्थकेयर लिमिटेड ने आज दिल्ली के उत्तर पश्चिम जिले में स्थित रोहिणी में नया एवं एडवांस्ड डायग्नोस्टिक टेस्टिंग सेंटर खोलने का एलान किया। इस नए डायग्नोस्टिक लैब की क्षमता हाई क्वालिटी रिपोर्ट के साथ रोजाना 200 से ज्यादा सैंपल टेस्ट करने की है।

आईएमए हेडक्वार्टर्स के नेशनल ज्वाइंट सेक्रेटरी और दिल्ली मेडिकल काउंसिल के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. नरेश चावला ने कहा, 'रोहिणी में इस नए लैब का उद्घाटन करने की मुझे खुशी है। यहां मरीजों को व्यापक डायग्नोस्टिक टेस्ट की रेंज मिलेगी। आसानी से और समय पर हाई क्वालिटी डायग्नोस्टिक टेस्टिंग सर्विस का मिलना सफल इलाज और मरीज के जीवन को बचाने की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को सक्षम बनाता है, जिससे वे मरीज के इलाज से जुड़ा सही फैसला ले पाते हैं।'

मेट्रोपॉलिस हेल्थकेयर लिमिटेड के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर श्री सुरेंद्रन चेमेनकोट्टिल ने कहा, 'विगत वर्षों में मेट्रोपॉलिस ने 10 एडवांस्ड लैब और 60 से ज्यादा पेशेंट कलेक्शन सेंटर खोलते हुए दिल्ली में अपनी उपस्थिति को बढ़ाया है, जो राज्य में कई अस्पतालों और डॉक्टरों को अपनी सेवाएं देते हैं। रोहिणी में नए लैब की




ओपनिंग के साथ हम आगे नई उम्मीद कर रहे हैं। इससे हम रोहिणी एवं आसपास के क्षेत्रों में लोगों को हाई क्वालिटी डायग्नोस्टिक टेस्टिंग सर्विसेज प्रदान करने की अपनी मौजूदा शाखाओं की जिम्मेदारियों को बांट सकेंगे। हमारी आधुनिक टेक्नोलॉजी और कुशल पेशेवरों के साथ हम डायग्नोसिस एवं पेशेंट-सेंट्रिक केयर के मामले में नए मानक स्थापित करने के लिए तैयार हैं।'

मेट्रोपॉलिस हेल्थकेयर लिमिटेड की चीफ ऑफ लैबोरेटरी ऑपरेशंस (नॉर्थ एसबीयू) डॉ. गीता चोपड़ा ने कहा, 'रोहिणी में क्लीनिशियंस, हॉस्पिटल्स और मरीजों को डायग्नोस्टिक एक्यूरेसी और सुपर स्पेशियलिटी पैथोलॉजी एक्सपर्टाइज को विस्तार देने की हमें खुशी है। हम सही और सटीक डायग्नोस्टिक्स एवं लैब मॉनिटरिंग में विश्वास रखते हैं, फिर बात चाहे वेलनेस की हो, क्रोनिक डिजीज मैनेजमेंट की हो, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की हो या ऑन्कोलॉजी एवं ट्रांसप्लांट इम्यूनोलॉजी की। यहां बेसिक लैब टेस्ट से लेकर मॉलीक्युलर जीनोमिक्स तक सब उपलब्ध है, जिससे सही इलाज में मदद मिलती है।' नई लैब 530/1 ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक-सी, सेक्टर-8, रोहिणी में स्थित है।

# फंड न आने से एमसीएफ बल्लभगढ़ जोन में विकास कार्य बाधित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एमसीएफ** बल्लभगढ़ जोन में फंड की कमी का खामियाजा जोन में पड़ने वाले शहरी क्षेत्र के लोगों को उठाना पड़ रहा है। ऊपर से फंड नहीं मिलने की वजह से जोन में पड़ने वाले शहरी और ग्रामीण क्षेत्र का विकास बाधित है।

वहीं इसकी वजह से नालियां, सड़कों, सीवर व पानी की निकासी के साथ-साथ सभी दूसरे विकास कार्य बंद पड़े हैं। जिससे लोगों में एमसीएफ के अधिकारियों के खिलाफ रोष है।

बल्लभगढ़ एमसीएफ क्षेत्र में बल्लभगढ़ शहरी क्षेत्र के अलावा

## विकास कार्य न होने से लोगों को हो रही परेशानी

चावला कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी, अहीरवाड़ा, त्रिखा कॉलोनी, सेक्टर तीन, राजीव कॉलोनी, झाड़सेंतली, गोंछी, नंगला, जैन कॉलोनी, सेक्टर 55, सेक्टर-24 , सेक्टर-25, सेक्टर-23, मुजेसर, सारण, जैन कॉलोनी, अनाज मंडी, सब्जी मंडी, सेक्टर-8, सिही, जगदीश कॉलोनी आदि क्षेत्र आता है।

फंड नहीं मिलने से इन क्षेत्रों के विकास के सारे कार्य बाधित हैं। जिसकी वजह से इन क्षेत्रों की सड़कें, गलियों की हालात काफी दयनीय है। वहीं इसकी वजह से नई व पुरानी सीवर व पानी की लाइन भी नहीं डल पा रही है। जिससे इन सभी क्षेत्रों में बरसाती व सीवर का पानी भरा रहता है।

थोड़ी सी बरसात होते ही कॉलोनियों कई-कई फुट पानी भर जाता है। जिससे लोगों का आना-जाना दूभर हो जाता है। कई जगह सीवर के ढक्कन नहीं होने की वजह से बरसात के समय लोग वाहनों के साथ सीवर के मैन होल आदि में लोग गिरकर घायल हो जाते हैं। इन क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की स्थिति भी काफी खराब है। अंधेरे में लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर कई बार चोरी भी हो चुकी है।

स्थानीय निवासी सविता रावत, नीरज कुमारी, राजेश पांचाल, राकेश, बाला सिंह, कश्मीरा, रूबी अटाली, सचिन अटाली, निर्मला देवी का कहना है कि बल्लभगढ़ में विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। जिससे लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

बल्लभगढ़ जोन के उपमंडल अभियंता अमित चौधरी का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से कोई भी विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। इसके बारे में कार्यकारी अभियंता ओपी कर्दम ही अधिक जानते हैं।



एमसीएफ बल्लभगढ़ जोन में पिछले कुछ दिनों से विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। जिसकी वजह से बल्लभगढ़ जोन के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

**-राजेश पांचाल, एडवोकेट**

---------------

**क्षेत्र** में बारिश से पहले सीवर व बरसात के पानी की निकासी के प्रबंध नहीं करने से थोड़ी सी बरसात होते ही शहर की सड़कों पर सीवर व बरसाती पानी बहने लगता है। वहीं शहर में पार्कों का भी अभाव बना हुआ है।



**-रूबी सिंह, अटाली**

---------------

कुछ दिनों से ऊपर से फंड न आने से एमसीएफ बल्लभगढ़ जोन के सभी विकास कार्य बाधित है। कई बार उच्च अधिकारियों से फंड जारी करने की मांग की है।

**-ओपी कर्दम, कार्यकारी अभियंता, एमसीएफ बल्लभगढ़**

# पुलिस व प्रशासन ने तीन नशा तस्करों के निर्माण किए ध्वस्त

## आरोपियों ने अवैध रूप से अर्जित कमाई से एमसीएफ की जमीन पर मकान बनाए थे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**फरीदाबाद** पुलिस व जिला प्रशासन ने तीन नशा तस्करों के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया है। राहुल कॉलोनी में यह कार्रवाई शनिवार सुबह की गई। हरियाणा सरकार के नशा तस्करों की कमर तोड़ने की सरकार के अभियान को गति देते हुए फरीदाबाद पुलिस ने राहुल कॉलोनी में रहने वाले तीन नशा तस्करों के मकानों को चिन्हित किया था। मकानों को चिन्हित करने पर पाया कि ये मकान एमसीएफ की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए हैं। आरोपी अवैध नशा से अर्जित कमाई से एमसीएफ की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से मकान बनाकर रह रहे थे।

डीसीपी क्राइम ने एमसीएफ को लिखित रूप से सरकारी जमीन पर बने अवैध मकानों के बारे में सूचित किया। इसके बाद एमसीएफ द्वारा आरोपियों को नोटिस दिया गया। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि नशा तस्करी में संलिप्त आरोपी सुधीर, संतोष, रणधीर तीनों राहुल कॉलोनी एसजीएम नगर के रहने वाले हैं। नशा तस्कर आरोपी रणधीर पर नशा तस्करी के तीन मामले, सुधीर पर नशा तस्करी के सात मामले, संतोष पर नशा तस्करी के तीन मामले थाना एसजीएम नगर में दर्ज है। आरोपी सुधीर 2014 से, रणधीर पिछले पांच वर्षों से तथा आरोपी संतोष पिछले तीन वर्षों से नशा तस्करी के मामलों में संलिप्त था।

एमसीएफ द्वारा आरोपियों को नोटिस दिया गया। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए एमसीएफ के तोड़फोड़ दस्ते ने डीसीपी नरेंद्र कादियान के नेतृत्व में ड्यूटी मजिस्ट्रेट की निगरानी पर पुलिस बल की मौजूदगी में आरोपियों के मकान को धवस्त कर दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक नशा तस्करी से अर्जित अवैध कमाई से बनाई गई संपत्तियों की लिस्ट बनाई जा रही है, ऐसे आरोपियों की प्रॉपर्टी दुकान, मकान को ध्वस्त किया जाएगा।

# हाईवे पर चाकू की नोक पर बाइक व नकदी लूटी

## पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हाईवे** पर गदपुरी टोल प्लाजा के निकट तीन युवकों ने चाकू की नोक पर दो लोगों से मारपीट कर उनकी बाइक व नकदी लूट ली। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, डबुआ कॉलोनी (फरीदाबाद) निवासी जगदीश ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने साथी आशाराम के साथ बाइक पर सवार होकर फरीदाबाद से अलीगढ़ सगाई समारोह में शामिल होने जा रहा था। लेकिन जब उनकी बाइक नेशनल हाईवे पर गदपुरी टोल प्लाजा से आगे पहुंची, तभी एक स्कूटी पर तीन युवक सवार होकर आए और उनका रास्ता रोक लिया। उनकी बाइक रुकते ही आरोपियों में से एक ने चाकू निकाला और उनकी तरफ तान दिया। जिससे दोनों डर गए, इसका फायदा उठाते हुए दूसरे आरोपी ने उसकी जेब से एक हजार रुपए निकाल लिए, जबकि तीसरे लुटेरे ने उनकी बाइक की चाबी लूट ली। उनके विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और बाइक व नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपी उन्हें इस बारे में कार्रवाई करने पर गोली मारकर जान से मारने की धमकी देकर गए हैं। पीड़ित का कहना है कि आरोपी बाइक को लूटकर ले गए तो उसने 112 पर पुलिस को फोन कर वारदात की सूचना दे दी। पीड़ित ने शिकायत में कहा है कि उसने आरोपियों के अपने मोबाइल से फोटो खींच लिए थे, जो पुलिस को सौंप दिए हैं।

# युवाओं में साइलेंट किलर बन रहा हार्ट अटैक : डॉ. ऋषि गुप्ता

**फरीदाबाद।** जिम में वर्कआउट, डीजे पर डांस के दौरान हार्ट अटैक से मौत की घटनाएं अभी थमी भी नहीं थी कि बीते दो दिनों में दो अलग-अलग एयरलाइन में दो पायलट की हार्ट अटैक से मौत हो गई। एक पायलट की मौत जहां फ्लाइट टेक ऑफ करने से पहले हुई, तो दूसरे पायलट की मौत तब हुई जब फ्लाइट हवा में थी। इससे हार्ट स्पेशलिस्ट काफी चिंतित है। ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने इसे एक गंभीर समस्या बताया है।

वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. ऋषि गुप्ता ने बताया कि पिछले कुछ समय में एक्टिव लाइफस्टाइल जीने वाले 40-45 साल के कई सेलिब्रिटी की मौत हुई। हाल ही में दो पायलट की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई। डॉ. गुप्ता ने कहा-भारत में युवाओं में हार्ट अटैक होने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके लिए जिम्मेदार विभिन्न फैक्टर्स में से कुछ आनुवंशिक फैक्टर्स भी होता हैं। इससे भारतीयों में त्वरित एथेरोस्क्लेरोसिस होता हैं, प्रमुख कार्बोहाइड्रेट और फैट वाला खानपान, बदलती आदतें और गतिहीन लाइफस्टाइल और विभिन्न प्रकार के रोजमर्रा के तनाव इसमें प्रमुख भूमिका निभा रहा है।



इसके अलावा सीएडी और इसके जोखिम फैक्टर्स के प्रति जागरूकता की कमी और देरी से पहचान तथा मैनेजमेंट की वजह से भी युवा भारतीय नागरिकों में हार्ट अटैक से मृत्यु दर बहुत ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा कि यह सच है कि तनाव वह फैक्टर होता है, जिस पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है और इस वजह से भारत में कार्डियोवैस्कुलर मृत्यु दर ज्यादा है। किसी भी प्रकार का तनाव चाहे शारीरिक या मानसिक तनाव हो, ये तनाव विभिन्न हार्मोनों को रिलीज करते हैं, जो हार्ट की ऑक्सीजन की मांग को कई गुना बढ़ा सकता है और हार्ट में आपूर्ति कम हो जाती है। इससे हार्ट में ऑक्सीजन की मांग और आपूर्ति बेमेल हो सकती है, जो हानिकारक हो सकता है। इसलिए तनाव नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन, कंसल्टेशन, नियमित एक्सरसाइज से हार्ट की समस्याओं से बचा जा सकता है।

# भारत विकास परिषद शाखा पलवल द्वारा मनाया गया हरियाली तीज महोत्सव



पायनियर समाचार सेवा । पलवल

**भारत** विकास परिषद शाखा पलवल द्वारा हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। तीज महोत्सव में शाखा की महिलाओं सहित सभी आयु के सदस्यों ने अति उत्साह से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संयोजन एवं मंच संचालन शाखा की महिला संयोजिका अल्पना मित्तल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पलवल के विधायक दीपक मंगला, प्रांतीय महिला संयोजिका शशि मंगला, अतुल मंगला और परिषद् के शाखा अध्यक्ष स्वतंत्र गोयल, अनिल मोहन मंगला ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

दीपक मंगला ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं। प्रांत महिला शशि मंगला ने तीज के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाली तीज को भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक माना गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मा पार्वती ने भगवान शंकर को अपने पति के रूप में प्राप्त करने के लिए 108 जन्मों तक कठोर तप किया था। इस कठोर तप के बाद भगवान शिव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। कार्यक्रम संयोजिका अल्पना मित्तल ने बताया कि तीज कार्यक्रम में जहां परिषद की महिलाओं और बच्चों ने मनोहारी प्रस्तुती दी और साथ ही सोलह श्रृंगार, मिसेज तीज सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, वहीं पुरुष सदस्यों के लिए भी सनातन संस्कृति पर आधारित आकर्षक व मनोरंजक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया। जिसका सभी सदस्यों द्वारा भरपूर आनंद लिया गया। रिया जैन को मिसेज तीज चुना गुया। प्रतियोगिताओं में विजयी सदस्यों को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम में शिरकत करते हुए परिषद के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व क्षेत्रीय मंत्री अनिल मोहन मंगला द्वारा अतिथियों को परिषद द्वारा किए जा रहे सेवा के कार्यों, उद्देश्य एवं स्थाई प्रकल्पों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने सपरिवार सावन की विशेष मिठाई घेवर व अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों का भी भरपूर आनंद लिया।

इस अवसर पर परिषद के पूनम गोयल, मनीषा मंगला, आरती गर्ग, साक्षी गोयल, प्रभा अग्रवाल, गरिमा, मीनाक्षी, उमा, नीलम, पूनम बंसल, डॉ. अमिता गुप्ता, डॉ. संतोष गोयल, प्रतिभा सिंगला, प्रांतीय संयोजक सतीश कौशिश, पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयोजक विकास मित्तल, पूर्व प्रधान डॉ जेपी पाराशर, शाखा सचिव रविदत्त शर्मा, राहुल गर्ग, सतवीर पटेल, हेमचंद मंगला, रूप कुमार, महेश गर्ग, नरेंद्र अग्रवाल, भूषण गोयल, पुनीत भारद्वाज, भगवत सिंगला, मुकेश मित्तल, वीणा मित्तल, डॉ. दमनजीत, उपासना बागला, गुलशन गोयल, देवेंद्र गुप्ता, रुद्रांश, अक्षत जैन आदि उपस्थित थे।

# खेत से अनाजमंडी तक फसल पहुंचाने में नहीं आएगी समस्या : प्रवीण डागर



**पलवल।** विधायक प्रवीण डागर ने हथीन अनाजमंडी की जर्जर सड़कों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। विधायक ने अनाजमंडी में किसानों व आढ़तियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार किसानों को खेत से अनाजमंडी तक फसल पहुंचाने में कोई समस्या नहीं होने देने के उद्देश्य को पूरा कर रही है। इसके लिए मंडी बोर्ड की नई सड़कों का निर्माण पूरे प्रदेश व हथीन विधानसभा क्षेत्र में किया गया है। पूर्व में चार सड़कें बनाई गई व अब और तीन नई सड़कों के निर्माण कार्य शुरू किए गए हैं। हथीन अनाजमंडी के अंदर की सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं नवीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया है, जिस पर 99 लाख रुपए का खर्च आएगा। हथीन मंडी बोर्ड चेयरमैन लेखराज, हथीन अनाजमंडी प्रधान धीरज, उप प्रधान सतपाल, विनोदागढ़ी सरपंच श्यामलाल, सूरज पांडेय, संपत घर्रोट, नवनीत राघव, पवन सहरावत व मंडी बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहे।

# हरियाणा की सभी विधानसभा क्षेत्रों में हो रहा है समान रूप से विकास : जगदीश नायर

## होडल में 3.50 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विकास कार्यों के लिए धन का पिटारा खोल रखा है। विकास कार्य करवाने के लिए किसी भी विधानसभा क्षेत्र में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जा रही है। यह बात विधायक जगदीश नायर ने कई गांवों की सड़कों के शिलान्यास करने के उपरांत ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कही।

होडल के विधायक व हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन जगदीश नायर ने विधानसभा होडल में लगभग 3.50 करोड रुपये के विकास कार्य का शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों में 45 लाख रुपये की लागत से गांव भुलवाना से बेढापट्टी तक एक किलोमीटर लंबी सड़क तथा एक करोड़ 45 लाख रुपये की लागत से गोड़ोता से डकोरा तक व एक करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से बनने वाली गांव सोंदहद से लोहिना तक की करीब तीन किलोमीटर लंबी सड़क का शिलान्यास शामिल है।

विधायक ने कहा कि इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ होगा। यह यहां के लागों की बहुत पुरानी मांग थी। यह कार्य आगामी छह महीने में पूरा हो जाएगा। विधायक ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में इतने विकास कार्य कराए गए हैं, जितने पिछले 70 वर्षों में भी कभी नहीं हुए थे। उन्होंने कहा कि आगामी एक वर्ष में और भी करोड़ों रुपये के विकास कार्य पूरे करवा दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार किसान हितैषी सरकार है। केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक योजनाएं बनाई गई हैं, जिसका सीधा लाभ किसानों तक पहुंच रहा है। हरियाणा सरकार ने सभी आमजन के लिए अनेक तरह की योजनाएं बनाई हैं, जिससे लोगों को उसका फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर समान रूप से विकास कार्य करवाए हैं। हरियाणा में विकास कार्य तीव्र गति से हो रहे हैं। इसी कड़ी में होडल विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा चुके हैं व करोड़ों रुपये के विकास कार्य अभी चल रहे हैं, जोकि शीघ्र ही पूरे कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विकास कार्यों के लिए किसी भी क्षेत्र में पैसे की कोई कमी आड़े नहीं आने दी है।

उन्होंने सभी आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि आपस में किसी प्रकार का कोई भेदभाव न रखें। सभी आपस में मिलकर प्रेम सद्भाव से रहें। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विधायक सहित अन्य अतिथियों का पगड़ी बांधकर व फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में चौधरी अरुण जेलदार, मास्टर मनोहर लाल, पूर्व पार्षद चंदन सिंह, सरपंच कुंवर सिंह, पंच खचेरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमराज, पूर्व सरपंच गोकल, पंडित रमेश, अतर सिंह, लाल सिंह, श्यामलिया फौजी, बच्चू सिंह, पूर्व सरपंच बलदेव, गोड़ोता सरपंच बहादुर, देशराज, पंच निरंजन, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ विक्रम सिंह, जेई पवन कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया हरियाली तीज महोत्सव



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**रसूलपुर** रोड पर स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में हरियाली तीज के उपलक्ष्य में तीज महोत्सव बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। तीज हर वर्ष सावन माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। तीज के त्योहार पर बच्चे व अध्यापिका पारंपरिक परिधान पहनकर आए।

विद्यालय में ग्रेड केजी से दूसरी के विद्यार्थियों के लिए पतंग बनाओ और रंग भरो व ग्रेड तीसरी से पांचवीं में रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रेड पांचवीं अ की हर्षिता ने प्रथम स्थान व सेजल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और पांचवीं ब के शौर्य पाराशर ने प्रथम स्थान व जानवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ग्रेड केजी से पांचवीं के विद्यार्थियों ने तीज पर्व के अवसर पर झूला झूलने का भरपूर आनंद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम राजस्थानी घूमर नृत्य की शानदार प्रस्तुति ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नम्रता कुंडू ने सभी विद्यार्थियों को तीज के त्योहार का महत्व बताया व सभी को इस पावन पर्व की बधाई दी। प्रतियोगिता में विजयी छात्र व छात्राओं को मेडल व सर्टिफिकेट द्वारा सम्मानित किया।

# संक्षिप्त समाचार

## केसीएम स्कूल बंचारी में तीज का त्योहार धूमधाम से मनाया



**फरीदाबाद।** केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में शनिवार को तीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के सभी विद्यार्थी रंग बिरंगी पोशाकों में आए। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी विद्यार्थी अपने घर से रंग बिरंगी पतंगें लेकर आए। अध्यापिकाओं की मदद से उन्होंने विद्यालय में पतंग उड़ाने का आनंद लिया। विद्यालय में बच्चों के लिए झूलों को सजाया गया। बच्चों ने झूले झूले और तीज के महत्व को जाना। सभी विद्यार्थी इसी त्योहार से संबंधित अपना लंच लेकर आए। कक्षा नौवीं से 12वीं तक की छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता में भाग लेकर इस त्योहार को मनाया। विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरण किए गए। स्कूल प्रबंधक राम नारायण भारद्वाज, देवदत्त भारद्वाज व सुनील आर्य ने सभी को इस पर्व की शुभकामनाएं दीं तथा बताया कि यह पर्व हमारी भारतीय संस्कृति को दर्शाता है। हरियाली तीज का पर्व हिंदू धर्म संस्कृति का हिस्सा है और इस दिन से भारतीय संस्कृति अनुसार त्योहारों की शुरुआत होती है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के लिए मिठाई वितरण किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किरण दीवान की देखरेख में किया गया।

## फरीदाबाद की दो बहनों ने आठ देशों में जीते 29 गोल्ड



**फरीदाबाद।** बेटी बचाओ अभियान के संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीशचंद्र आजाद ने बताया कि फरीदाबाद की दो किक बॉक्सिंग बहनों मोनल कुकरेजा व नीरल कुकरेजा से मुलाकात हुई और यह जानकर गर्व हुआ कि शहर की इन दो बहनों ने पिछले तीन वर्षों में आठ देशों में 29 गोल्ड व सिलवर मेडल जीते। उन्होंने हरियाणा सरकार से अपील करते हुए कहा कि इन दोनों विभूतियों की हर संभव मदद करके एशिया व ओलंपिक का भविष्य तैयार करें, जो देश के लिये एशिया व ओलंपिक मैडल जीतने की दहलीज पर खड़ी हैं। हरीशचंद्र आजाद ने कहा कि इन दोनों बेटियों को बेटी बचाओ अभियान की ब्रांड एंबेसडर बनाने का ऐलान करते हैं, ताकि इससे न सिर्फ शहर, बल्कि देश की बेटियों को प्रेरणा मिलेगी व प्रत्येक माता-पिता को एहसास होगा कि बेटियां भी वंश का नाम रोशन करके वंश को आगे बढ़ा सकती हैं। बेटी बचाओ अभियान इन दोनों बेटियों को सम्मानित करके ब्रांड एंबेडसर का पत्र सौंपेगा। हरीशचंद्र आजाद ने कहा कि इन दोनों बेटियों को भारत की एशिया व ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट भविष्य बनाने का दायित्व बेटी बचाओ अभियान का है। इन बेटियों के लिये प्रदेश व राज्य सरकार के पास जाएंगे।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का कैलेंडर जारी

**पलवल।** जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी किया गया है। सहायक जिला शिक्षा अधिकारी खेल राजवीर तेवतिया ने बताया कि आने 21 अगस्त से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं नेताजी सुभाष खेल स्टेडियम पलवल में कराई जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में कबड्डी, खो खो, वालीबॉल, हैंडबॉल, फुटबॉल, कुश्ती, एथलेटिक्स, स्विमिंग सभी प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। अंडर-19, अंडर 17 और अंडर14 की टीम के खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड की कॉपी, जन्म प्रमाणपत्र, एडमिशन विड्रोल, प्रीवियस रिजल्ट सहित सारे डाक्यूमेंट्स पूरे करके 21 अगस्त को नेताजी सुभाषचंद्र बोस खेल परिसर में भाग लें।

## धर्म पब्लिक स्कूल में तीज उत्सव का हुआ आयोजन



**पलवल।** धर्म पब्लिक स्कूल पलवल में तीज समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सर्व प्रथम बोस हाउस द्वारा स्पेशल असेंबली से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। गायत्री मंत्र पाठ एवं प्रात:कालीन प्रार्थना के बाद, हरियाली तीज पर्व की उपयोगिता, स्वीकार्यता एवं इसके महत्व पर प्रकाश डालते ग्यारहवीं कक्षा की छात्राओं अर्पिता एवं प्रियांशी ने अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा में अपने विचार प्रकट किए। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चल पड़ी। छठी से आठवीं कक्षा की छात्राओं ने झूले एवं कजली का उल्लेख करते हुए मन भावन गीत प्रस्तुत किया। ग्यारहवीं कक्षा की छात्राओं ने रंग बिरंगी वेशभूषा में अद्भुत राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर तीज पर्व की सार्थकता सिद्ध कर दी। विद्यालय के विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी पतंग बनाकर तथा खुले ग्राउंड में आकाश चुंबी पतंगें उड़ाकर आसमान को सतरंगी बना दिया। नर्सरी से चौथी कक्षा के बच्चों ने प्ले ग्राउंड में झूलों की रंग-बिरंगी सजावट कर झूलों का खूब आनंद लिया। शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों की खुशी में शामिल होकर खूब आनंद लिया। नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के बच्चों ने हरित दिवस सेलिब्रेट किया। छोटे बच्चे हरी रंग की पोशाकों में विद्यालय आए। नर्सरी और यूकेजी के बच्चों ने फलों एवं सब्जियों का शानदार स्टॉल लगाकर क्रय-विक्रय किया। इन बच्चों ने हरी सब्जियों एवं फलों के प्रदर्शन द्वारा रोल प्ले किया। इस अनूठे प्रयोग ने सभी को खूब गुदगुदाया। विद्यालय के निदेशक पवन अग्रवाल, प्रधानाचार्या ज्योति डांगे, डॉ. प्रभाकर कौशिक एवं वरिष्ठ समन्वयक डॉ. विकास साध ने इस शानदार के लिए आयोजन सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुए सभी को तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## 25 अगस्त तक करवा सकते हैं फसल का पंजीकरण : नेहा सिंह



**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिला की कृषि योग्य भूमि को मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत करवाया जाना है। इसके लिए कृषि अधिकारियों की ग्रामवाइज ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि जो रकबा शेष रह गया है, उसे भी फसल सत्यापन पोर्टल के माध्यम से विभाग द्वारा पंजीकृत किया जाना है। इस कार्य के लिए कृषि विभाग के साथ-साथ जिला विपणन कार्यालय के कर्मचारियों का सहयोग लिया जा रहा है। सरकार के दिशा निर्देशानुसार 25 अगस्त तक इस कार्य को पूर्ण करने के आदेश प्राप्त हुए हैं। कृषि उप निदेशक डॉ. अनिल सहरावत ने गांव कुसलीपुर में कृषि विभाग द्वारा मेरी फसल मेरा ब्योरा के अंतर्गत फसल का पंजीकरण करते हुए कृषि विभाग के कर्मचारियों का औचक निरीक्षण किया और कर्मचारियों को पंजीकरण के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। मेरी फसल-मेरा ब्योरा योजना के अंतर्गत किसानों द्वारा लगभग 60 प्रतिशत पंजीकरण ही किया गया था। उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार शेष रकबे को फसल सत्यापन पोर्टल के माध्यम से विभाग द्वारा पंजीकृत किया जाना है। इस कार्य के लिए कृषि विभाग के साथ-साथ जिला विपणन कार्यालय के कर्मचारियों का सहयोग लिया जा रहा है।

## श्री अविमुक्तेश्वरानंद स्वामी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया

**वाराणसी।** श्री भारत धर्म महामंडल भवन लहुराबीर वाराणसी परिसर में आज शुक्रवार को सायं काल 6:00 बजे विनोद शंकर उपाध्याय एडवोकेट की अध्यक्षता में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का 54 वा प्रकाश उत्सव मनाया गया द्यसत्येंद्र मिश्र जनरल सेक्रेटरी ने कहा कि शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज सनातन धर्म की रक्षा के लिए अनवरत पूरे भारत में भ्रमण कर रहे हैं और विश्व कल्याण के लिए धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ का आयोजन कर रहे हैं तथा नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए शिक्षा की व्यवस्था तथा पिछड़े इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए निशुल्क दत चिकित्सालय गौ रक्षा के लिए गौशाला का निर्माण तथा ज्योतिष पीठ में आए भूस्खलन के निवारण के लिए प्रदेश शासन का ध्यान आकर्षित किए एवं क्षेत्र के लोगों की सुख सुविधा का इंतजाम अपने स्रोत से कर रहे हैं तथा विशेष विकास के लिए धार्मिक अनुष्ठान करके लोगों में विश्वास पैदा कर रहे हैं प् इसी क्रम में पंडित परमेश्वरी दत्त शुक्ला ने जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अभी मुक्तेश्वर आनंद सरस्वती जी महाराज के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में सर्वप्रथम ज्योतिषपीठाधीश्वर एवं शारदापीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज एवं महर्षि स्वामी ज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज के तेलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्वश्री प्रोफेसर राम मोहन पाठकए डॉ0 परमेश्वर दत्त शुक्लाए दिनेश मणि तिवारीए सत्येंद्र मिश्रए आलोक चंद भारद्वाजए शिव प्रसाद श्रीवास्तव शशि एनंदन लाल दरए हरि जी पाठकए सत्य नारायण पांडेए गोपाल नारायण पांडेए पं0 सुदामा तिवारी; सांड बनारसीद्धए वीरेंद्र नाथ तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## टैक्सटाइल्स फेयर 31 अगस्त से

कानपुर। हिंदुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में एशियाटैक्स .2023 टेक्सटाइल ट्रेड फेयर 31 अगस्त से 2 सितंबर 2023 के दौरान मुंबई. बीकेसी के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। 3 दिन का यह फेयर होगाए जो एशियाटैक्स का पांचवा संस्करण होगा। हिंदुस्तान चैंबर ऑफकॉमर्स के प्रमुख शिखरचंद जैन ने कहा कि चेंबर के 125 वर्ष पूरे होने से इस फेयर में 125 विशालकाय स्टॉल होंगे। एशिया टैक्स ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के कन्वीनर सुशील आर गाडिया हैं। पब्लिक रिलेशन कमेटी के कन्वीनर उत्तम वी जैन है।हिंदुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष सज्जन कुमार डोकानिया है।

## इन्फिनिटी प्रोग्राम लांच

कानपुर। लिशियस ने हाल ही में देश में अपने सफ़र के आठ साल पूरे किए हैं। और इसी अवसर पर ब्रांड ने अपने ग्राहकों से मिल रहे लगातार प्यार और भरोसे के एवज में लिशियस इन्फिनिटी की घोषणा की। यह एक विशेष रिवाड्र्स पर आधारित कार्यक्रम म है जो सिर्फ़ लिशियस ऐप पे उपलब्ध है। जैसा कि आप नाम से समझ ही गए होगें कि यह प्रोग्राम ग्राहकों को असीमित लाभ देने के लिए चलाया जा रहा हैए जिसमें कोई नियम और शर्तें लागू नहीं होंगी। ग्राहक अब लिशियस ऐप से किए गए अपने सभी ऑर्डर्स पर सुनिश्चित 10: कैशबैक का आनंद ले सकते हैं।

## विधि विधान से गायत्री महामंत्र लेखन का संग्रह

तिलोईएअमेठी। सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के चिलौली गांव में शनिवार को गायत्री महामंत्र लेखन संग्रह पूरे विधि विधान के साथ किया गया। 11 लाख मंत्र लेखन करने के बाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गांव निवासी पंडित शिव कुमार शुक्ला द्वारा पिछले पांच वर्षों से शांतिकुंज द्वारा चलाए जा रहे महालेखन अभियान में हिस्सा लिया था। 11 लाख मंत्र पूरा होने पर शांतिकुंज परिवार के लोग घर पहुंचे। गायत्री परिवार जगदीशपुर से आए कौशल जी का परिवार जनों ने भव्य स्वागत किया। कौशल जी ने कहा कि गायत्री महामंत्र को सूर्य की उपासना के लिए सबसे सरल और फलदायी मंत्र माना गया है।





अयोध्या में शनिवार को श्रीराम मंदिर के निर्माण कार्य का जायजा लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# सपा में गुंडे-माफिया को पुष्पित पल्लवित करने वाले लोग: पाठक

**भाषा।** बलिया

**उत्तर प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के भारत छोड़ो आंदोलन वाले बयान पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि सपा अपनी नीतियों से भटकी हुई है, यह असली समाजवादी नहीं है, सपा में गुंडे-माफिया को पुष्पित पल्लवित करने वाले लोग हैं। उप मुख्यमंत्री ने शनिवार को बलिया बलिदान दिवस समारोह से इतर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, सपा डीरेल्ड (पटरियों से उतरी हुई) है, वह अपनी नीतियों से भटकी हुई है। यह असली समाजवादी नहीं है। सपा में गुंडे माफिया को पुष्पित पल्लवित करने वाले लोग हैं। उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोक जागरण अभियान के तहत शुक्रवार को फतेहपुर में समाजवादी पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर हमला बोलते हुए कहा, भाजपा की



विचारधारा के लोगों और उनके मातृ संगठन (आरएसएस) ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए भारत छोड़ो आंदोलन का विरोध किया था। उसी को छिपाने के लिए अब घर-घर झंडा लगाने का काम करते हैं। सपा पर तीखा प्रहार करते हुए पाठक ने कहा, उत्तर प्रदेश के लोगों ने इन्हें (सपा) हाशिए पर धकेल दिया है। जब सत्ता में रहे, गुंडों व माफिया को बढ़ावा दिया। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश के लोग अब कभी भी सपा को स्वीकार नहीं करेंगे। पाठक ने बलिया बलिदान दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता आंदोलन में बलिया के योगदान का स्मरण करते हुए कहा, अंग्रेजों ने दो सौ वर्ष तक गुलाम बनाए रखा। 1942 में आज ही के दिन बलिया आजाद हो गया था। तिरंगा आसमान में लहलहाने लगा था। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने करो या मरो का नारा दिया था, जिसे बलिया के लोगों ने हृदय से लगा लिया। बलिया में नौ अगस्त से 19 अगस्त तक विविध आंदोलन चले। पाठक ने कहा, स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों के सपनों को पूरा करने के लिए देश में मुहिम चलाया जाना चाहिए। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और भाजपा के स्थानीय विधायक दयाशंकर सिंह ने अपने वेतन से एक कार खरीदकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम विचार पांडेय को दिया। इसके साथ ही वाहन कंपनियों के सहयोग से 75 इलेक्ट्रिक स्कूटी 1942 की क्रांति में शहीद सेनानियों के परिजनों को दिया। इस मौके पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, सांसद रवींद्र कुशवाहा, वीरेंद्र सिंह मस्त व नीरज शेखर भी मौजूद रहे।

## नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के जुर्म में दो लोगों को चार वर्ष की कैद

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जिले की एक अदालत ने नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के जुर्म में शुक्रवार को दो लोगों को चार वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार जिला अपर सत्र न्यायाधीश आलोक द्विवेदी की अदालत ने नाबालिग छात्रा से छेड़खानी के मामले की सुनवाई करते हुए दो दोषियों को सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि पीड़िता के भाई ने पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा कि उसकी बहन एक नर्सिंग कालेज के छात्रावास में रह कर पढ़ाई करती है और 10 अक्टूबर 2015 को शाम लगभग छह बजे वह घर आने के लिए पट्टी कस्बा के ढखवा चौराहे पर वाहन का इंतजार कर रही थी। शिकायत में कहा गया कि तभी एक टैम्पो वहां पहुंचा जिसमें छात्रा बैठ गई। कुछ दूर जाने के बाद चालक सोनू सरोज व एक अन्य युवक ने छात्रा से छेड़छाड़ शुरू कर दी और इसका विरोध करने पर उन्होंने छात्रा से मारपीट की और उसे टैम्पो से धक्का दे कर नीचे गिरा दिया। शिकायत के अनुसार इस वाहन से गिरने से छात्रा बेहोश हो गई, एक महिला ने छात्रा के परिजन को घटना की सूचना दी। गंभीर रूप से घायल छात्रा को स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी सोनू सरोज और दीपू सरोज के खिलाफ मामला दर्ज किया। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों व्यक्तियों को चार-चार वर्ष कारावास की सजा सुनाई और ग्यारह-ग्यारह हजार रूपए का अर्थदण्ड की लगाया।

## बलिया में किशोरी के साथ दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

बलिया। बलिया की स्थानीय अदालत ने किशोरी के साथ बलात्कार के दो वर्ष पुराने मामले में एक व्यक्ति को दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष ने शनिवार को बताया कि विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) हरिश्चंद्र की अदालत ने शुक्रवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सतएंद्र कुमार को दोषी करार देते हुए उसे दस वर्ष के कारावास व पचास हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने बताया कि सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में चार फरवरी, 2021 की शाम एक किशोरी के साथ सतएंद्र कुमार नामक युवक ने खेत में बलात्कार किया।

## वाई-20 शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन, शांति निर्माण व जैसे मुद्दों पर चर्चा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में जारी वाई-20 शिखर सम्मेलन में प्रतिनिधियों ने शनिवार को जलवायु परिवर्तन, शांति निर्माण और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर चर्चा की। यूथ-20 (वाई-20) भारत की अध्यक्षता में जी 20 के आधिकारिक सहभागिता समूहों में से एक है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, 17 अगस्त को शुरू हुए चार दिवसीय शिखर सम्मेलन के तीसरे दिन, सहभागी शासन के माध्यम से अमृत पीढ़ी को सशक्त बनाना विषय पर एक सत्र आयोजित किया गया। बयान में कहा गया है कि सत्र की शुरुआत युवा शक्ति पर जोर देने वाले एक वीडियो के साथ हुई। इसके बाद माईगव मंच के बारे में जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि माईगव को सरकार के नागरिक जुड़ाव मंच के रूप में स्थापित किया गया है, जो नीति निर्माण के लिए नागरिकों से जुड़ने और सार्वजनिक हित एवं कल्याण के विषयों पर उनकी राय लेने के लिए कई सरकारी निकायों तथा मंत्रालयों के साथ सहयोग करता है। बयान के अनुसार, जी20 देशों, अतिथि देशों तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि काम के भविष्य, शांति निर्माण से लेकर जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर विचार-विमर्श और चर्चा में शामिल हुए। इसमें कहा गया है कि इस चर्चा के बाद वाई 20 बयान के मसौदे का मार्ग प्रशस्त हुआ। बयान में कहा गया है, वाई20 बयान को अंतिम रूप देना कई महीनों की सिफारिशों, विचारों, विचार-मंथन सत्रों, युवा परामर्शों और चर्चाओं का परिणाम है, जिसने वैश्विक मामलों पर एक संवाद का निर्माण किया है।

## नावन्तुक प्रशासनिक कंधों पर प्रांतीय मेला की जिम्मेदारी,बैठक से नदारद कई विभाग



डलमऊ रायबरेली डलमऊ कार्तिक पूर्णिमा के वृहद स्नान पर्व को प्रदेश सरकार द्वारा प्रांतीय मेला घोषित किया जा चुका है पिछले वर्ष महामारी के बढ़ते संक्रमण के खतरे के दृष्टिगत प्रांतीय मेले के दौरान लगने वाले पशु मेले को स्थगित करने का निर्णय डलमऊ प्रशासन द्वारा लिया गया था परंतु इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा स्नान व प्रांतीय मेले को सम्पन्न कराने की चुनौती नावन्तुक उपजिलाधिकारी व तहसीलदार के कंधों पर होगी जहां तहसीलदार अजय गुप्ता का स्थांतरण आदेश हो चुका है लेकिन अनुभवशाली नगर अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौर के कंधों पर होगी जिनके1पास कार्तिक पूर्णिमा का बहुत लंबा अनुभव प्राप्त है साथ ही अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव भी पिछली कार्तिक पूर्णिमा को सम्पन्न कराने का अनुभव है नगर अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को छोड़ कर लगभग सभी प्रशासनिक कुर्सियों पर नए अधिकारियों के कंधों पर होगी.कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए दूर दराज क्षेत्रों से लगभग दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन होता है इसी क्रम में आगामी 27 नवंबर माह में होने वाले ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों को लेकर प्रबंधन समिति शनिवार को तहसील सभागार में बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अभषेक वर्मा एवं तहसीलदार अजय गुप्ता ने की।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी गईं जनसमस्याएं, निस्तारण के निर्देश

**मुसाफिरखाना** एअमेठी। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को तहसील सभागार में एडीएम वित्तध्राजस्व अर्पित गुप्ता की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायेए शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस उपाधीक्षक गौरव सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक 30 शिकायतें राजस्व विभागए पुलिस विभाग 11 तथा विकास विभाग 11 व अन्य विभाग 09 से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण करर अवैध कब्जा सहित छोटे.मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही अवैध कब्जा सहित छोटे.मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 03 शिकायत का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सविता यादव तहसीलदार आशीष कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक गौरव सिंह खंड शिक्षा अधिकारी राम ललित प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना विनोद कुमार सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनता की समस्याओं से सरकार का लेना-देना नहीं

**रायबरेली।** सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के प्रतिनिधि के.एल.शर्मा की अगुवाई में एक 7 सूत्रीय ज्ञापन महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित उपजिलाधिकारी महराजगंज-रायबरेली को सौंपा गया। बछरावां के राजामऊ में प्रर्दषन के दौरान सांसद प्रतिनिधि के.एल.शर्मा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार जनता की समस्याओं व पीड़ा पर ध्यान न देते हुए उनके निराकरण पर कोई रूचि नहीं दिखा रही है और मूल मुद्दो व समस्याओं से भटकाने का लगातार प्रयास कर रही है। भाजपा की दोहरी राजनीति से गरीब, मध्यम वर्गीय किसान, मजदूर, नौजवान सभी पिस रहे है। उन्होने कहा कि रायबरेली और गांधी परिवार के बीच अटूट रिष्ता रहा है, भाजपा चाहे जितना भ्रम फैला ले रायबरेली की जनता के दिलों से गांधी परिवार का प्रेम कभी भी कम नहीं कर सकती है।कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने मौके पर मांगो को दोहराते हुए कहा कि




स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मुंषी चन्द्रिका प्रसाद (गुरू जी) द्वारा राजामऊ बछरावां में कराये गये निर्माण विषेष्वर सार्वजनिक पुस्तकालय भवन का जीर्णोद्धार कराया जाय, मंहगाई पर रोक लगाई जाय, किसानों को आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाय, राजामऊ रजबहा नहर में पानी की क्षमता को बढ़ाया जाय, विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे उपभोक्ताओं के उत्पीड़न को रोका जाय और क्षेत्र के सभी गरीब आवास-विहीन पात्र लोगों को आवास दिये जाय।इस अवसर पर प्रत्याषी विधानसभा बछरावां सुषील पासी, प्रत्याषी विधानसभा हरचन्दपुर सुरेन्द्र विक्रम सिंह, प्रदेष सचिव रमेष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष विजयषंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, अमर सिंह चौधरी, विधानसभा प्रभारी नागेन्द्र सिंह, जिला सचिव अजीत सिंह, ब्लाक ब्लाक प्रभारी गिरिजेष श्रीवास्तव, जिला सचिव सुरेष त्रिवेदी, अध्यक्ष बछरावां अवधेष चौधरी, षिवगढ़ गौरव मिश्रा, ब्लाक उपाध्यक्ष रमाकान्त मिश्रा, गंगाराम, धर्मेन्द्र पटेल, अविनाष चन्द्र बाजपेई, राम प्यारे सहित ब्लाक कमेटी के पदाधिकारी गण व न्याय पंचायत/ग्राम पंचायत अध्यक्ष गण व कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पत्रकार को जान से मारने की धमकी,शिक्षक पर मुकदमा हुआ दर्ज

बीजपुर/सोनभद्र। बीजपुर के पत्रकार रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 लालमोहन श्रीवास्तव निवासी बकरिहवाँ, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र को मोबाइल फोन पर गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर जान से मारने की धमकी पर शनिवार को पत्रकार की तहरीर पर बीजपुर पुलिस ने कम्पोजिट विद्यालय महुली, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र में कार्यरत शिक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है। रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि वे एक दैनिक अखबार के बीजपुर से पत्रकार हैं, 17 अगस्त 2023 को लगभग 6 बजे शिक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव ने मोबाइल फोन पर उन्हें माँ बहन की भद्दी भद्दी गालियाँ देते हुए घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने तहरीर में यह भी दर्शाया है कि शिक्षक ने अपने आप को सपा का नेता तथा ऊँची पहुँच वाला बताया है।

## आरेडिका के पार्को का सौन्दर्यीकरण व वृक्षारोपण



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में पार्क सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण अभियान के तहत टाइप.2 के 10 पार्को को महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने सौन्दर्यीकरण के पश्चात लोकार्पण किया एवं कॉलोनी की महिलाओं एबच्चों एवं अधिकारियों के साथ पार्क में वृक्षारोपण में सहभागिता की।इसी के साथ.साथ प्रशासनिक भवन परिसर में 100 नारियल एवं 200 अन्य पौधों का रोपण कार्य किया गया। टाइप.2 के पार्क में लगी सुविधाओं को देख कर बच्चों ने खुशी जाहिर की तथा महाप्रबंधक का आभार जतायाए महाप्रबंधक महोदय ने बच्चों से बात.चीत की।यह पार्क सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रधान मुख्य अभियंता श्री राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। श्री अग्रवाल ने बताया कि महाप्रबंधक महोदय ने आवासीय परिसर के सभी पार्कों के सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण का आदेश दिया है। जिसके तहत पार्कों में बच्चों के खेल.कूद के उपकरण झूलाए बैठने की सीट इत्यादि लगाए गए हैं। जिससे बच्चों को मनोरंजन के साधन उनके घर के पास ही मिल सकें।इसी कड़ी में आगे महाप्रबंधक महोदय से कॉलोनी की महिलाओं ने पेड़ों को पानी देने के लिए वाटर पॉइन्टए गार्डनरी एवं किचिन गार्डन प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार को आरम्भ करने के लिए निवेदन कियाए महाप्रबंधक महोदय ने सुझाव को सराहा एवं संबंधित विभागों को पुरस्कार प्रारम्भ करने को निर्देशित किया। टाइप.2 के 10 पार्को सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण के लिए महाप्रबंधक महोदय ने सिविल विभाग के लिए नगद पुरस्कार की घोषणा की।इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री एस के कटियारए प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री राजीव खण्डेलवाल प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता श्री हरीश चंद्रए प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अमर नाथ दूवे प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री रमेश चंद्र सहित उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 20 अगस्त, 2023




## फिर से मंत्री बनने की चाहत

हुजूर, महाराज दया करो, मंत्री बना दो, एक बार फिर से मंत्रिमंडल की पिच पर उतार दो ठीक से बैटिंग करूंगा। कहीं कोई गलती नहीं करूंगा। पिछली सरकार में मंत्री था तो शान से समय बिता रहा था। अब आलम यह है कि एक धार्मिक समिति में होने के बावजूद भी धक्के खा रहा हूं और धक्का दे रहा हूं। कमजोर मंत्री, विधायक पाता हूं तो धक्का देकर आगे बढ़ आता हूं, जब कोई हमसे जबर मंत्री और सांसद पड़ता है तो वह हमें धक्का देकर पीछे कर देता है। फिर भी मैं कोशिश करता हूं कि आप यानी बड़े महाराज के अगल-बगल दिखाई पड़ जाऊं। राजनीति से पहले जिस प्रोफेशन में था वहां भी मेरे साथ अस्थिरता ही बनी रहती थी हर कोई धक्का ही दिए रहता था। बस वहीं से मैंने धक्का देकर आगे बढ़ाने की प्रवृति सीखी है, वही राजनीति में भी अपनाता रहता हूं। चाहे कोई कार्यक्रम हो जा फिर सभा, धक्का देकर आगे बढ़ता हूं और बड़े महाराज के बगल में आकर फोटो खिंचाकर सामने आने की कोशिश करता हूं। हो सकता है बड़े महाराज हमें देख लें, दया कर दें और मंत्री बना दें।



## टेंडर का पचड़ा

हर साल घाटे का बजट पेश करने वाले राजधानी के एक विश्वविद्यालय में घाटे पर रुपए का बुखार चढ़ गया है। यह सब विवि के जिम्मेदारों की गलती से हुआ है। अब गलती की है तो सजा भी उसे ही भुगतना पड़ेगा। चाहे भले उसका मामले से कोई लेना देना न हो पर सम्बन्ध तो उसी से है। हुआ यूं कि मेस संचालन को लेकर टेंडर की प्रक्रिया कराई गई। टेंडर की प्रक्रिया में जो रिजर्व प्राइस रखा गया था, उससे काफी नीचे जाकर टेंडर को निरस्त करने के बजाय खोल दिया गया। जो रेट खुला, वो पिछले साल से एक रुपए कम का था। अभी तक तो मेस घाटे में चल रही थी और उस पर से एक रुपया कम हो गया। तारीफ की बात यह भी है कि इस साल से एक चाय और बढ़ गई जबकि राजाज्ञा की माने तो रिजर्व प्राइस से केवल 10 फीसद कम पर ही टेंडर डाला जाता है। यह 10 फीसद कांट्रेक्टर का माना जाता है। अगर टेंडर 10 फीसद के जगह 25 से 40 फीसद कम पर पड़ा है तो उसे निरस्त कर दिया जाता है लेकिन यहां पर निरस्त करने के बजाय उसे मूर्त रूप देने की तैयारी है। गलती जिम्मेदारों की है लेकिन उसे माने कौन। जो हो गया सो हो गया, की तर्ज पर अब शायद घाटे वाली बात नहीं आएगी। क्योंकि यहां घाटे पर रुपये का बुखार चढ़ा हुआ है।




## बड़े बेआबरू होकर...

बड़े बेआबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले....बुंदेलखंड की पथरीली राहों को पार कर राजनीति में अपना मुकाम बनाने वाले और एक बार देश की संसद के भी सदस्य नेताजी पर उक्त लाइनें इस वक्त सटीक बैठती हैं। जिस दल ने संसद तक पहुंचाया उसे रिश्ता तोड़कर देश की सबसे पुरानी पार्टी से राफ्ता कायम किया। इस पार्टी का हाथ हीं नहीं थामा बल्कि राजनीतिक विशेषज्ञों को चौंकाते हुए पार्टी के सूबाई अध्यक्ष पद पर काबिज हो गए। इसके बाद तो उन्हें लगा कि अब जल्द ही बड़े नेताओं में उनका शुमार होगा लेकिन ख्वाब जल्द ही टूट गया। अव्वल तो पद मिलने के बाद अधिकार नहीं मिले। नए साथियों ने न तो तव्वजो दी और न तो आलाकमान ने भाव। इतना ही नहीं अंदरखाने पार्टी में चर्चा तो यह है कि नई कार्यकारिणी गठित करने की गुहार करने दिल्ली दरबार पहुंचे तो 'मैडम' ने मिलने तक का टाइम नहीं दिया। पार्टी अध्यक्ष ने तो यहां तक कह दिया कि दूसरे दल से आए व्यक्ति को सूबाई अध्यक्ष कैसे बना दिया। क्या करते, मन-मसोस कर वापस लौट आए और पुरानी कार्यकारिणी और ऊपर से थापे गए आधा दर्जन जोनल अध्यक्षों के सहारे ही काम चलाना शुरू किया। अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के दस महीने भी नहीं बीते थे कि आलाकमान ने उनकी कुर्सी छीनकर पूर्वांचल के बड़े नेता को सूबे की कमान सौंप दी। नेताजी से जब इन सब स्थितियों में उनके अगले कदम के बारे में मीडिया ने जानना चाहा तो उनका कहना था कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई उसका पूरी निष्ठा से पालन किया। कहा, मैं कहीं और नहीं जाने वाला। अगर पार्टी ही छोड़नी होती तो कब की छोड़ चुका होता। अब नेताजी चाहे जो भी कहें लेकिन अंदरखाने वह इस पूरे घटनाक्रम से आहत बहुत हैं।



## सपना हुआ चकनाचूर

नगर निगम सदन में सदस्यों के ढाई करोड़ कोटे को लेकर भाजपा और विपक्षी पार्षद आपस में भिड़ गए। महापौर के डेस्क पटल पर ही जोशीली पार्षद नेत्री महापौर से बहस कर बैठी। बहस करते करते लालटोपी पार्षद भी पहुंच गए, ढाई करोड़ कोटे पर उन्होने भी रार छेड़ दी। पार्षद नेत्री ने महापौर पर आरोप लगाते हुए कहा कि बंद कमरे में वादा होता है, आश्वासन दिया जाता है, लेकिन बाहर आते ही तेवर बदल जाते हैं। ऐसे में सदन अध्यक्ष के आश्वासन पर क्या भरोसा किया जाए। सदन स्थगन के बाद बंद कमरे में एक घंटे वार्ता करने के बाद मुस्कुराते हुए बाहर निकलीं नेत्री ने इशारे में कहा, ऑल इज वेल। अब सत्ता और विपक्ष दोनों कोटा बढ़ने के सपने देखने लगे लेकिन महापौर के सदन में आते ही प्रस्तावों पर चर्चा शुरू करने की घोषणा ने सबको चौका दिया, सपना चकनाचूर हो गए। विरोध करने उतरी पार्षद नेत्री को बड़ा बुरा लगा। हंगामा और प्रदर्शन के बाद भी महापौर नहीं पिघली। अब महापौर के पटल पर पहुंचे विपक्षी पार्षदों और सत्ता पक्ष के पार्षदों के बीच जमकर तकरार शुरू हो गया। गुस्सा, नाराजगी और अवहेलना केबाद सदन अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया।

## प्रो. कृष्णपाल सिंह रुहेलखंड विवि बरेली के दोबारा कुलपति बने

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने प्रो. कृष्णपाल सिंह कुलपति महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली को इसी विश्वविद्यालय का दोबारा कुलपति नियुक्त किया है। प्रो. कृष्णपाल सिंह की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए की गई है। यह जानकारी शनिवार को अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने दी।

## प्रो. बिहारी लाल शर्मा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विवि, वाराणसी के नए कुलपति

**लखनऊ।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने प्रो. बिहारी लाल शर्मा, राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी का कुलपति नियुक्त किया है। प्रो. बिहारी लाल शर्मा की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए की गयी है। यह जानकारी शनिवार को अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने दी है।

**विवेक तिवारी हत्याकांड**

## पुलिसकर्मी की दूसरी जमानत याचिका भी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**वर्ष** 2018 में एप्पल कंपनी के अधिकारी विवेक तिवारी की हुई हत्या के मामले में निरुद्ध पुलिसकर्मी प्रशांत चौधरी की दूसरी जमानत याचिका को भी हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ का कहना था कि अभियुक्त ने विवेक तिवारी के चेहरे पर गोली मारी थी जो आधी रात में एक पुलिसकर्मी द्वारा की गई क्रूर हत्या थी।

जस्टिस बृजराज सिंह की एकल पीठ ने यह टिप्पणी प्रशांत चौधरी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए की है। अभियुक्त की ओर से कहा गया था कि उक्त घटना मृतक दवारा उकसाने के फलस्वरूप घटित हुई थी। मृतक ने अभियुक्त पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया था जबकि अभियुक्त ने स्वयं को बचाने के लिए उस पर गोली चलाई थी। सुनवाई के दौरान इस याचिका का मृतक की पत्नी कल्पना तिवारी की ओर से जोरदार विरोध किया गया। इनके वकील प्रांशु अग्रवाल व चन्दन श्रीवास्तव का तर्क था कि अभियुक्त द्वारा सेल्फ डिफेंस का आधार अपनी पहली जमानत याचिका में लिया जा चुका है। लिहाजा उस पर दोबारा विचार करने की कोई आवश्यकता नहीं है। दूसरी तरफअभियुक्त की ओर से यह भी दलील दी गई कि वह चार साल से अधिक समय से जेल में है। अब तक सिर्फ छह गवाहों का बयान ट्रायल कोर्ट के समक्ष दर्ज हो सका है। जबकि कुल 40 गवाहों के बयान दर्ज होने हैं। इसके जवाब में कल्पना के वकील की ओर कहा गया कि ट्रायल कोर्ट के ऑर्डर शीट्स से स्पष्ट है कि तमाम तिथियों पर अभियुक्त द्वारा सुनवाई में सहयोग नहीं किया गया। कोविड महामारी के चलते भी गवाहों का बयान दर्ज होने में विलम्ब हुआ। याचिका का राज्य सरकार की ओर से भी विरोध किया गया। एकल पीठ ने सभी पक्षों की बहस के पश्चात पारित अपने विस्तृत आदेश में कहा है कि यह प्रथम दृष्टया हत्या का ही मामला है न कि सेल्फ डिफेंस का।

# बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से फंड आकर्षित करने में यूपी नंबर एक

## कोविड के बाद भी तेज है यूपी की आर्थिक रफ्तार, रंग ला रही सरकार की नीति



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- 15 गुना बढ़ोतरी के साथ देश मे 16.2 प्रतिशत हिस्सेदारी
- 2022-23 में राज्य को 21.91 लाख करोड़ आय होने का है अनुमान

**प्रदेश** को वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का राज्य बनाने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कोशिशें रंग लाने लगी हैं। बात निजी निवेश आकर्षित करने की हो या अंत्योदय के संकल्प के साथ करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाकर मुख्य धारा में शामिल करने कीए हर सेक्टर में योगी सरकार की नियोजित कोशिशें नए यूपी की तस्वीर पेश कर रही हैं।

आंकड़ों के हवाले से देखें तो कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण बीते 2-3 वर्ष पूरे विश्व और देश में आर्थिक मंदी रही। इसके बावजूद प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ता के साथ अपनी ग्रोथ को बनाये रखने में सफल रही। यह नियोजित और समन्वित प्रयासों का परिणाम ही है कि प्रदेश की वार्षिक आय में सतत बढ़ोतरी हो रही है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) 1645317 करोड़ थी जो 2021-22 में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1974532 करोड़ हो गई है। वहीं 2022-23 के लिए तैयार अग्रिम अनुमानों के आधार पर राज्य आय 21.91 लाख करोड़ से आंकलित हुई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अगस्त 2023 के बुलेटिन के अनुसार बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से फंड आकर्षित करने के लिहाज से 16.2 प्रतिशत निवेश में हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष स्थान पर है। आरबीआई की रिपोर्ट बताती है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 के 1.1 प्रतिशत के सापेक्ष 15 गुना बढ़कर 2022-23 में यूपी ने बैंकों व अन्य वित्तीय संस्थाओं से फंड जुटाने में 16.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। यही नहीं, आयकर रिटर्न फाइल करने की संख्या के पैमाने पर भी उत्तर प्रदेश, देश में दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। जून 2014 में जहां 1.65 लाख आयकर रिटर्न यूपी से फाइल होते थे, वहीं, इनकी संख्या जून 2023 में बढ़कर 11.92 लाख हो गई है। योगी सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों की आय बढ़ाकर उन्हें गरीबी रेखा से बाहर निकालने के लिए किए जा रहे प्रयासों के सुखद परिणाम सामने आए हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट 'राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: एक प्रगति समीक्षा 2023' के अनुसार 2015-16 और 2019-21 के बीच जहां भारत मे रिकॉर्ड 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं तो वहीं उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक सरकार की सार्थक कोशिशों से 3.43 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से उबरने में कामयाब रहे हैं। 36 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और 707 प्रशासनिक जिलों के लिए बहुआयामी गरीबी अनुमान प्रदान करते हुए, रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुआयामी गरीबों के अनुपात में सबसे व्यापक गिरावट उत्तर प्रदेश में दर्ज की गई है। बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान जैसे राज्यों का नंबर अब यूपी के बाद आता है।

कभी बीमारू कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज रेवेन्यू सरप्लस राज्य हो गया है। वर्ष 2016-17 में राज्य का कर राजस्व लगभग 86 हजार करोड़ था जो वर्ष 2021-22 में 1 लाख 47 हजार करोड़ से अधिक (71 प्रतिशत वृद्धि) तक पहुंच गया। वर्ष 2016-17 सेल्स टैक्स/वैट लगभग 51883 करोड़ था जो वर्ष 2022-23 में 125 करोड़ के पार रहा। यहां महत्वपूर्ण यह भी है कि उत्तर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एटीएफ वैट दर कई राज्यों से कम है और मई 2022 के बाद दरों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। योगी सरकार के वित्तीय प्रबंधन का ही परिणाम है कि वर्ष 2022-23 एफआरबीएम एक्ट में राजकोषीय घाटे की निर्धारित सीमा 4.0 फीसदी के सापेक्ष 3.96 प्रतिशत रखने में सफलता हासिल हुई है। आंकड़े बताते हैं कि यूपी में पूर्व में बजट का लगभग 8 प्रतिशत ऋणों के ब्याज के लिए खर्च होता था जो वर्ष 2022-23 बजट में 6.5 प्रतिशत पर आ गया है। जाहिर है बगैर अर्थव्यवस्था मजबूत हुए ऐसा होना संभव नहीं।





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को उनके सरकारी आवास पर स्वामी रामभद्राचार्य, फिल्म अभिनेता रजनीकांत व केंद्रीय राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने अलग-अलग शिष्टाचार भेंट की

## बुंदेलखंड क्षेत्र में रोपे गए पांच करोड़ 96 लाख 47 हजार से अधिक पौधे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- पूर्वांचल, मध्यांचल और पश्चिमांचल क्षेत्र में भी खूब हुआ पौधरोपण

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने बुंदेलखंड के हालात बदल लिए। अलग-थलग हो चुके और सूखे की पहचान बन चुके बुंदेलखंड में योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले हर घर जल पहुंचाने की मुहिम को साकार किया। फिर यहां निवेश के लिए बड़े औद्योगिक घराने को माहौल दिया। लिहाजा सीएम योगी के आह्वान पर स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, संस्थाओं आदि ने मिलकर बुंदेलखंड क्षेत्र में 5 करोड़ 69 लाख 47426 पौधे लगाए। वहीं पूर्वांचल का सोनभद्र शीर्ष पर रहा। मध्यांचल व पश्चिमांचल क्षेत्र में भी खूब पौधे लगाए गए। बुंदेलखंड क्षेत्र में पौधरोपण का सर्वाधिक उत्साह झांसी में देखने को मिला। झांसी में सबसे अधिक एक करोड़ 16 हजार पौधे लगाए गए। वहीं बुंदेलखंड के अन्य जिलों जालौन, ललितपुर, हमीरपुर, चित्रकूट, महोबा में भी लाखों पौधे रोपे गए। इनमें औषधीय पौधों के साथ फलों के भी काफी पौधे रहे। इस क्षेत्र में सबसे कम पौधे बांदा में लगाए गए लेकिन ये संख्या भी 63 लाख 52 हजार से अधिक रही। महाभियान में पूर्वांचल ने भी काफी साथ दिया। सूबे में सर्वाधिक पौधरोपण पूर्वांचल के सोनभद्र में ही हुआ। यहां लगभग 1.50 करोड़ पौधरोपण किया गया। पूर्वांचल के मिर्जापुर में 89 लाख तो चंदौली में 62 लाख से अधिक पौधे रोपे गए। वहीं पश्चिमांचल व मध्यांचल क्षेत्र भी आगे रहा। यहां भी खूब पौधरोपण हुए। पश्चिमांचल के बिजनौर में जहां 75 लाख, वहीं मध्यांचल के लखीमपुर खीरी में 95 लाख से अधिक पौधे लगाए गए।

## दूसरों पर उंगली उठाने वाली भाजपा अपने गिरेबान में झांके: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग से मिलकर धांधली करने का भाजपा पर लगाया आरोप

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया को घमंडी कहने वाले खुद सबसे बड़े घमंडी हैं। इंडिया गठबंधन में जितने भी दल और नेता हैं वे अपने राज्यों में बहुत ताकतवर हैं। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन भाजपा गठबंधन को केन्द्र की सत्ता से हटाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को लेकर तरह-तरह की बातें करने वाली भाजपा खुद कितनी कमजोर है इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जो दल कुछ भी नहीं है उनके साथ भी वह गठबंधन को तैयार है। जो दल भाजपा को दिन रात कोसते थे और तमाम तरह के आरोप लगाते थे उनके भी सामने उसे झुकना पड़ रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा उत्तर प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा ऐसे दलों के सामने झुकी हुई है, जो उसे दिन रात बुरा भला कहते है। अखिलेश यादव ने कहा कि दूसरों पर उंगली उठाने वाली भारतीय जनता पार्टी को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। भाजपा अपनी कमियां छुपाती है और दूसरों पर उंगली उठाती है। आज भाजपा देश की सबसे बड़ी परिवारवादी पार्टी है। उसकी सूची बहुत लम्बी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी खुद परिवारवाद की वजह से गोरखपुर से सांसद बने और गोरक्षनाथ पीठ के महंत बने। उन्होंने कहा कि जो लोग हमारे ऊपर परिवारवाद का आरोप लगाते हैं वे लोकतंत्र में चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हैं।



अखिलेश ने कहा कि भाजपा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बनाये संविधान को नुकसान पहुंचा रही है। डॉ. राम मनोहर लोहिया के सपनों को तोड़ रही है। लोकतंत्र को खत्म कर रही है। देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने, गरीबों, किसानों और नौजवानों को उनका हक दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी लड़ाई लड़ रही है। भाजपा ने 2014 से चुनाव लड़ने का तरीका बदल दिया है। इसलिए समाजवादी पार्टी ने भी पिछले चुनाव में बड़े दिल के साथ गठबंधन किया और भाजपा का मुकाबला किया। उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता ने समाजवादी पार्टी को नहीं हराया था। हम मैनेजमेंट की वजह से चुनाव हारे। भाजपा ने बेईमानी और चोरी से विधानसभा चुनाव जीता। भाजपा ने चुनाव आयोग से मिलकर धांधली की। अखिलेश यादव ने कहा कि हर गठबंधन में हमें कुछ न कुछ सिखाया है। समाजवादियों का वोट कभी कम नहीं हुआ। हर चुनाव में सपा का वोट बढ़ा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने चुनाव के दौरान चुनाव आयोग में जितनी भी शिकायते की, किसी अधिकारी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# यूपी में 50 हजार युवाओं को मिलेगा पॉलीटेक्निक में प्रवेश

## राजकीय व अनुदानित पॉलीटेक्निक में प्रवेश के लिए सीटों की संख्या निर्धारित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के नियंत्रण वाले राजकीय एवं अनुदानित पॉलीटेक्निक संस्थाओं में संचालित होने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश क्षमता निर्धारित कर दी है। शासन की ओर से मिले अनुमोदन के अनुसार डिप्लोमा स्तरीय संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में कुल 49778 अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेंगे। सीटों की क्षमता का निर्धारण 2022-23 सत्र में प्रवेश क्षमता में विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों की रुचि को देखते हुए किया गया है। यही नहीं निर्धारित सीटों पर प्रवेश में आरक्षण संबंधी नियमों का अनुपालन भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत सीटों में 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस कोटा भी उपलब्ध होगा।



उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के युवाओं का कौशल निखारकर उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयासरत योगी सरकार प्रति वर्ष हजारों युवाओं को पॉलीटेक्निक के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित करती है। सरकार की मंशा छात्रों को उनके पसंदीदा पाठ्यक्रमों में प्रवेश देकर मनपसंद करियर चुनने के प्रति प्रोत्साहित करना है। विगत वर्षों में देखा गया है कि कई पाठ्यक्रमों में युवाओं की ज्यादा दिलचस्पी रहती है जबकि कुछ पाठ्यक्रमों में रुझान कम हुआ है। इसी को देखते हुए सरकार ने सीटों की संख्या का निर्धारण किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि प्रवेश प्रक्रिया के दौरान सभी संस्थानों को सुनिश्चित करना होगा कि छात्रों का प्रवेश निर्धारित सीटों तक ही किया जाएगा। सुनिश्चित करना होगा कि जिन संस्थाओं के लिए प्रवेश क्षमता का निर्धारण किया गया है, उनमें प्रवेश या पंजीकरण के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए अनुमोदन प्राप्त हो गया हो। समस्त राजकीय या अनुदानित पॉलीटेक्निक संस्थाओं में शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए निर्धारित 49778 सीटों पर काउंसिलिंग के पूर्व समस्त तथ्यों एवं एआईसीटीई से अनुमोदन की स्थिति सचिव संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा अपने स्तर से सुनिश्चित की जाएगी। सचिव प्राविधिक शिक्षा परिषद भी छात्रों का पंजीकरण करते समय यह पुष्टि करेंगे कि सभी सीटें एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त हैं। फॉर्मेसी पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रवेश क्षमतानुसार पीसीआई, नई दिल्ली से अनुमोदन प्राप्त होने पर ही प्रवेश लिया जाएगा। पीसीआई सर्कुलर के अनुसार फॉर्मेसी पाठ्यक्रम में पीसीआई द्वारा अनुमोदित प्रवेश क्षमता की 10 प्रतिशत सीटें ईडब्ल्यूएस के तहत प्रवेश के लिए अनुमन्य की गई हैं। फॉर्मेसी पाठ्यक्रम को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रमों में एआईसीटीई सर्कुलर के अनुसार कुल प्रवेश क्षमता का 10 प्रतिशत सीटें ईडब्ल्यूएस प्रवेश के लिए अनुमन्य किया गया है। आर्किटेक्चरल असिस्टेंटशिप एवं इंटीरियर डिजाइन एंड डेकोरेशन पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित प्रवेश क्षमता के अनुसार काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर के निर्देशानुसार प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी।

प्रवेश क्षमता निर्धारण के लिए जो अनुमोदन प्राप्त हुआ है उसके अनुसार 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए 9881 सीटों की वृद्धि की गई है जो कुल निर्धारित 49778 सीटों में निहित है। इसके अनुसार राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थाओं में सामान्य पाली के तहत कुल प्रवेश क्षमता 44139 निर्धारित की गई है। स्ववित्त पोषित योजना के तहत 2162 सीटों का निर्धारण किया गया है। इसी तरह इंटीग्रेटिंग पर्सन विद डिसेबिलिटी इन दि मेन स्ट्रीम टेक्निकल एंड वोकेशनल स्कीम के अंतर्गत 35 सीट, द्वितीय पाली (दोपहर 2 बजे से शाम 8.30 बजे तक) के लिए 2542 और पीपीपी मोड में संचालित संस्थाओं में 900 सीटों का निर्धारण किया गया है। योगी सरकार ने छात्रावास में रहकर तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांग छात्रों को बड़ी राहत दी है। कानपुर स्थित डॉ. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर हैंडीकैप्ड में छात्र एवं छात्राओं की फूड सब्सिडी को 250 से बढ़ाकर 1000 रुपए कर दिया गया है। इस संस्थान में डिप्लोमा अनुदानित पाठ्यक्रमों में प्रदेश भर के 150 दिव्यांग छात्र एवं छात्राएं रहकर पढ़ाई करते हैं। उल्लेखनीय है कि काफी समय से फूड सब्सिडी बढ़ाने की मांग की जा रही थी। इस मांग के अनुरूप प्राप्त प्रस्ताव के तहत सरकार ने फूड सब्सिडी में चार गुना वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

# दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सरकार ने किए अभूतपूर्व कार्य : टेनी

**● सामाजिक अधिकारिता शिविर : केंद्रीय मंत्री ने 960 दिव्यांगों को दी कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण की सौगात**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**शनिवार** को विलोबी मेमोरियल ग्राउंड में जिला प्रशासन की पहल पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत कार्यरत एलिम्को के तत्वावधान में एडिप योजनान्तर्गत सामाजिक अधिकारिता शिविर आयोजित हुआ, जिसमें केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण की सौगात दी।

केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक मंजू त्यागी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीसीबी चेयरमैन विनीत मनार, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा संग दीप जलाकर सामाजिक अधिकारिता शिविर का शुभारंभ किया। एलिम्को ने खीरी संसदीय क्षेत्र के ब्लॉक लखीमपुर, बेहजम, फूलबेहड़ नकहा, कुंभी, बांकेगंज एवं बिजुआ के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित आकलन शिविरों के दौरान पहले से पहचाने गए 960 एडिप दिव्यांगजन के बीच 01 करोड 52 लाख 41 हजार रुपये मूल्य के विभिन्न श्रेणियों के कुल 1726 सहायक और सहायता उपकरण निश्शुल्क वितरित किए।

सामाजिक अधिकारिता शिविर में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल 183, ट्राईसाइकिल 461, फोल्डिगंव्हील चेयर 104, बैसाखी 482, वांकिगंस्टीक 272, रोलेटर 04, बी.टी.ई (कान की मशीन) 42, सी.पी.चेयर 01, ब्रेल किट 01, स्मार्टकेन एवं ब्रेलकेन 36, स्मार्ट फोन 07, कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स 133, उपकरणों की कुल संख्या 1726 वितरित की।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करने का उद्देश्य उन्हें सशक्त बनाना और समाज की मुख्य धारा से जुड़ने में सक्षम बनाना है। केंद्र सरकार ने 09 वर्षों से लगातार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा। नि:शुल्क वितरित किए जाने वाले अंगों, सहायक उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता जाग्रत होगी। साथ ही उनके दैनिक जीवनशैली में भी सुविधा प्रदान होगी। उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने दिव्यांगों के विषय को गंभीरता, प्रमुखता से लिया। गत 05 वर्षों में जिले में दो करोड़ 68 लाख के उपकरण बाटे। आज दो चरणों में ढाई करोड रुपए के उपकरण बांट जा रहे। खीरी में केंद्र ने अबतक 5.50 करोड के उपकरण बाटे। इसके अलावा प्रदेश सरकार भी बड़े पैमाने पर उपकरण बांट रही। दिव्यांगों के जीवन में सुविधा बढ़े, इसके लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही। सरकार दिव्यांगों के कानूनी अधिकार दिलाने एवं उन्हें सुनिश्चित कराने को वर्ष 2016 में एक नया अधिनियम लाए। दिव्यांगों के जीवन में अधिक उत्कृष्ट लाने के लिए अनेक सुविधाएं दी। सरकार ने रेलवे, एयरपोर्ट को दिव्यांगों की अनुरूप सुविधाओं से सुसज्जित किया। दिव्यांगों के लिए नौकरियों में आरक्षण बढ़ाने के साथ ही प्रमोशन में भी आरक्षण की व्यवस्था की। दिव्यांगों में हौसला भरते हुए कहा कि खेलों में रुचि है तो आगे आए। सरकार उनकी प्रतिभा के अनुसार कोच उपलब्ध कराएंगी। विधायक मंजू त्यागी ने कहा कि दिव्यांगों के प्रति सामाजिक सोच बदलने, उनके जीवन के तौर-तरीकों को बेहतर बनाने व उनके कल्याण की योजनाओं को लागू करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जिपं अध्यक्ष प्रति. नरेंद्र सिंह ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आइये, हम सभी दिव्यांगों का सम्मान करने और उन्हें उनकी प्रतिभा को उचित स्थान दिलवाने का संकल्प लें। दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग हैं। सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण के साथ शिक्षा, पेंशन, आवास तथा स्वावलंबन के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही।

# तृतीय वाहिनी व आईटीबीपी ने रोपे पौधे

**संवाददाता।** बरेली



**तृतीय** वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल बुखारा कैम्प द्वारा उपमहानिरीक्षक क्षे.मु.बरेली के मार्गदर्शन एवं द्वितीय कमान तृतीय वाहिनी के निर्देशन में स्थानीय ग्राम-बुखारा में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मेगा प्लान्टेशन ड्राइव के अन्तर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भा ति सी पुलिस के अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण तथा हिमवीर जवानों के साथ कम्पोजिट स्कूल बुखारा छात्रों, अध्यापकों एवं ग्रामीणों द्वारा भाग लिया गया । इस अवसर पर भा ति सी पुलिस के पदाधिकारियों द्वारा कम्पोजिट स्कूल बुखारा के छात्रों, अध्यापकों एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप महानिरीक्षक, क्षे.मु. बरेली द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में प्रकृति के संरक्षण को बढ़ावा देने एवं अपने आसपास के वातावरण को हरित बनाए रखने के लिए पौधारोपण किया जाना अत्यंत आवश्यक है एवं प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने आस पास पौधारोपण करें साथ ही साथ लगाए गए पौधों की देखभाल भी करें। जिससे कि प्रदूषण मुक्त भारत का सपना साकार हो सकें एवं प्रत्येक नागरिक भारत देश के अग्रणी होने में अपना योगदान दे सके।अंत में पौधो की सुरक्षा, संरक्षण एवं वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनायें रखने के ध्येय का पालन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय बरेली , कमांडेंट स्टाफ क्षेत्रीय मुख्यालय बरेली एवं द्वितीय कमान तृतीय वाहिनी के अतिरिक्त भा ति सी पुलिस बल के पदाधिकारी, सत्यपाल सिंह ग्राम प्रधान बुखारा , कम्पोजिट स्कूल बुखारा के छात्र अध्यापकगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# ट्रैक्टर के पहिए से दबकर कावड़िए की जान गई

**संवाददाता।** बरेली

**अपने** साथी कावड़ियों के साथ ट्रैक्टर्स पर बैठकर कर गंगाजल लेने के लिए कछला घाट जा रहा एक कावड़िया रास्ते में ही चलते ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और ट्रैक्टर के पहिए के नीचे दबकर उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फ्तेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के मोहल्ला साहूकारा निवासी वीरपाल के 25 वर्षीय बेटे राजकुमार की बीती रात बदायूं में बिनावर थाने के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद वीरपाल ने बताया कि राजकुमार उसकी चार संतानों में सबसे बड़ा था और पुलिस एवं सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था शुक्रवार को हल्द्वानी में रहने वाले उसके किसी दोस्त ने कांवर मे गंगाजल लेने के लिए कछला जाने की बात कही थी लेकिन राजकुमार ने इनकार कर दिया दोस्त के दबाव डालने पर राजकुमार कछला जाने के लिए तैयार हो गया शुक्रवार को वह अपने दोस्त के साथ लगभग डेढ़ सौ कांवरियों के जत्थे में शामिल होकर कछला घाट के लिए रवाना हुआ था लेकिन रास्ते में वहां पहुंचने से पहले ही उनकी ट्रैक्टर ट्राली में बंधा डीजे जमीन पर गिर गया और उसको संभालने में कांवरियों को काफी देर हो गई जिसके चलते देर रात सभी कावड़िए कछला घाट की तरफ जा रहे थे लेकिन बिनावर थाने के पास ट्रॉली पर बैठा राजकुमार अचानक पैर फिसलने से नीचे गिर पड़ा और तेजी से चल रहा ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया है जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया साथी कावड़ियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस उसे इलाज के लिए बरेली के जिला अस्पताल लाई लेकिन वहां पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जैसे ही घटना की जानकारी मृतक के घर वालों को मिली घर में कोहराम मच गया और वह जिला अस्पताल पहुंच गए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा उसकी मां का नाम कमलेश है ।

# सीतापुर वासियों को बेहद कम कीमत में मिल सकेगी बाइक

**संवाददाता।** सीतापुर

**बाईक** के शौकीन लोगों के लिए खुशी को खबर हैं क्योंकि अब उन्हें बाइक के सफर के लिए ज्यादा खर्च नहीं करना पड़ेगा बल्कि बेहद कम कीमत में बाइक मिल सकेगी। सीतापुर की आंख अस्पताल रोड स्थित म्युनिसिपल मार्केट में सीतापुर बाइक बाजार का नया शोरूम खुल गया हैं जिसमें बेहद किफायती कीमत पर बेहतरीन सेकंड हैंड बाइक मिल सकेगी,यही नहीं इस नए शोरूम में नई इलेक्ट्रिक स्कूटी भी उपलब्ध होंगी।सीतापुर में पहली बार खुले सेकंड हैंड बाइक शोरूम का उद्घाटन मुशीर हुसैन ने शनिवार को फीता काटकर किया।शोरूम मालिक मो.इमरान ने बताया कि बाइक के शौकीन लोगों के लिए शोरूम खोला गया है,खासकर उनके लिए जो नई बाइक खरीदने में सक्षम नहीं हैं उन्हें अच्छी कंडीशन में उचित दर पर सेकंड हैंड बाइक मिल सकेगी।इसके अलावा जाय ई बाइक कंपनी की इलेक्ट्रिक स्कूटी भी शोरूम में अलग अलग वैरायटी और कलर में उपलब्ध है। उद्घाटन अवसर पर फैज खान, शरद श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, जुबैर, आशीष वर्मा, संजीव भार्गव, सैफ, शहजाद, अनस आदि लोग मौजूद रहे।

# गौवंश खेतों, सड़कों और गलियों में दिखाई न दें : धर्मपाल सिंह

**संवाददाता।** सीतापुर

**● पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों संग बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर की समीक्षा**

**पशुधन** एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विकास भवन सभागार में अधिकारियों संग बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मंत्री ने गौवंश संरक्षण के कार्यों को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। कहा कि गौवंश खेतों, सड़कों और गलियों में दिखाई न दें, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि पशुओं में संक्रामक रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण कार्य को शीर्घ पूर्ण कराया जाए। गाय के गोबर की उपयोगिता बढ़ाए जाने और कैटल कैचर की व्यवस्था करते हुए बेसहारा गौवंशों को गौशाला तक पहुंचाने को कहा। मंत्री ने जनप्रतिनिधियों ब्लाक प्रमुखों और अधिकारियों को प्रेरित किया कि जन्माष्टमी का पर्व गौशालाओं में मनाया जाए। बैठक के दौरान विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, अपर निदेशक पशुपालन विभाग डा0 पी0एन0 सिंह, प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 पी0एन0 शुक्ला, डीडीओ हरिशचन्द्र प्रजापति, डीपीआरओ मनोज कुमार सहित संबंधित ब्लॉकों के ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नमींद्र अवस्थी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। पशुधन प्रसार मंत्री धर्मपाल सिंह ने लखनऊ से सीतापुर आते समय सिधौली कस्बे में बहादुर मोहल्ला स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। मंत्री ने निरीक्षण के दौरान भूसा, टीनशेड, पेयजल की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एक गौवंश की हड्डी फ्रेक्चर होने की जानकारी पर पशु चिकित्साधिकारी डा. उमेश कुमार को उपचार करने के लिए कहा और गौवंशों को केला खिलाया। इस दौरान तहसीलदार सिधौली विनोद सिंह, चेयरमैन गंगाराम राजपूत, ईओ सिधौली रेणुका यादव मौजूद रहीं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**शनिवार** को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह व अधिकारियों के संग फरियादियों की समस्याएं सुनीं। निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 64 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 23, पुलिस 16, विकास 06, नगर निकाय 04, पूर्ति निरीक्षक 03, विद्युत 04, कृषि 08 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने गणेश प्रसाद साहा के साथ लखीमपुर शहर परियोजना की 02 सैम बच्चियों अनुवर्तिका व मानसी को दुलारा और सुपोषण किट प्रदान की। इस मौके पर एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, शहर की सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी, सुपरवाइजर कीर्ति सचान मौजूद रही।

## मनरेगा मजदूर को दबंगों ने किया घायल

**बरेली** । गांव में मनरेगा के तहत बनाए जा रहे रास्ते के काम में लगे एक मजदूर पर दबंग खेत मालिक और उसके बेटे ने धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया निवासी 29 वर्षीय राजीव पुत्र तोताराम को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां राजीव ने बताया कि वह मनरेगा के तहत मजदूरी पर काम करता है।

# सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत

**बरेली।** अस्पताल में भर्ती पुत्रवधू को देखने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहे एक ग्रामीण की रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । बहेडी थाना क्षेत्र के गोटिया माली निवासी 52 वर्षीय रघुवीर सिंह पुत्र प्यारेलाल की कल शाम बहेड़ी में कठर्रा ढाल पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि रघुवीर सिंह की पुत्रवधू मंजू कई दिनों से बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती है वह कल उसे देखने के लिए मोटरसाइकिल से बरेली आने के लिए अपने घर से चले थे लेकिन कठर्रा ढाल पर तेजी से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाली कार और उसके चालक को पकड़कर दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने कार और चालक को कब्जे में लेकर रघुवीर सिंह को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन उनकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।

# जिले में बाल पोषण माह की शुरूआत

**शाहजहांपुर।** नौ माह से पांच वर्ष के तक के लक्षित बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर शनिवार को बाल स्वास्थ्य पोषण माह की शुरुआत की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शनिवार को जनपद के अजीजगंज मोहल्ला के रामलीला मैदान में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया गया द्य कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. पी.पी श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। डॉ. पी.पी.श्रीवास्तव ने बताया कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह का उद्देश्य धात्री महिलाओं को 6 माह तक बच्चों को केवल स्तनपान कराने की सलाह देना है द्य 6 माह के बाद बच्चों को स्तनपान के साथ पूरक आहार देने की शुरुआत करना साथ ही पूरक आहार के साथ दो वर्ष तक स्तनपान जारी रखने की सलाह देना है द्य कुपोषण से बचाव करने और आयोडीन युक्त नमक खाने की सलाह देना है द्य अभियान को सफल बनाने के लिए आशा, एएनएम तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जा रहा है द्य साथ ही बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित कर सही खानपान और पौष्टिक आहार की सलाह दी जा रही है द्य स्थिति गंभीर होने पर समुचित उपचार के लिए उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र संदर्भित किया जायेगा। जनपद में लगभग चार लाख बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का लक्ष्य है।

# सघन वृक्षारोपण : जनता के लिए पार्क को बेहतर बनाएं

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**नगर** निगम शाहजहांपुर के तत्वावधान में न्यू सिटी ककरा स्थित शहीद पार्क ( जैव विविधता पार्क) में वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह एवं नगर निगम के समस्त सम्मानित पार्षदगण ने लोगों के आवागमन के लिए पाक को बेहतर बनाएं सक्रिय रूप से प्रतिभाग करते हुए नगर क्षेत्र को स्वच्छ वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से पीपल, बरगद, पाकड़, गोल्डमोहर आदि प्रजातियों के पौधों को रोपित किया गया। इस अवसर पर मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पार्क का निरीक्षण कर पार्क में साफ-सफाई देख नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रंशसा की उन्होंने लोगो के आवागमन के लिए पार्क को और बेहतर किये जाने का फरमान सुनाया । मा0 मंत्री ने कहा कि नगर क्षेत्र में स्थित सभी पार्कों में से एक-एक पार्क को 02-02 पार्षदों को देखरेख हेतु लिखित रूप से हैंडओवर किया जाए, जिससे पार्कों की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर किया जाए। साथ ही पार्षदों से यह अपेक्षा की गई कि वे एक-एक पार्क को स्वेच्छा से गोद लेकर पार्कों का समय-समय पर निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं कराना भी सुनिश्चित करे और दो महीने के अंतराल पर नगर निगम शाहजहांपुर में पार्क की स्थिति का भी रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करें। इससे जहाँ पार्कों की खूबसूरती में इजाफा होगा, तो वहीं दूसरी ओर पार्कों में होने वाली अव्यवस्थाओं को समय रहते ठीक किया जा सकेगा। साथ ही मंत्री ने कहा कि नगर क्षेत्र में स्थित सभी पार्कों का एक वर्ष के अंतराल पर अनुश्रवण भी किया जाए, जो पार्क मा0 पार्षदों की देखरेख में एक वर्ष में बेहतर हुआ हो, उस पार्क की देखरेख करने वाले मा0 पार्षदों को इनाम देकर सम्मानित भी किया जाए। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा अपने सम्बोधन में मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ,राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि एवं समस्त सम्मानित पार्षदों का स्वागत व अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत नगर आयुक्त ने बताया गया कि मंत्री के निर्देशन में न्यू सिटी ककरा को ब्लैक स्पॉट एरिया से ब्यूटी स्पॉट एरिया में विकसित कर ककरा में जैव विविधता पार्क, ई-बस चार्जिंग स्टेशन, डेयरी वेस्ट मैनेजमेंट, एफ0एस0टी0पी0 प्लांट एवं निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय भवन आदि को विकसित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मंत्री के साथ राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि, महानगर अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, सम्मानित मा0 पार्षदगण तथा नगर निगम से मुख्य अभियंता सिविल एस0के0 अम्बेडकर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा, सहायक अभियंता जलकल/ उद्यान प्रेमचंद्र आर्य एवं नगर निगम के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों तथा अन्य संभ्रांत नागरिकों ने प्रतिभाग किया ।

## क्विक न्यूज

### रवि हत्याकांड में हुई गिरफ्तारी कर न्यायालय भेजा

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** स्वतंत्रता दिवस को नगर के मोहल्ला कुमाहरन टोला में हुए रवि हत्याकांड के मामले में पुलिस ने आरोपी कैलाश गिरी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय के समक्ष भेजा है। बताते चलें 15 अगस्त के शाम को मोहल्ला कुमाहरन टोला निवासी रवि कश्यप के घर में आधा दर्जन लोगों ने घुसकर उसकी जमकर पिटाई की थी। जिससे उसके गंभीर चोटे आई और उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी जबकि दो तीन अज्ञात में दर्ज हैं। रवि के परिजनों ने 16 अगस्त को सदर चौराहे पर शव रखकर आरोपियों को जेल भेजना उन्हें फांसी देने व उनके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग भी की थी। इसके बाद विधायक अमन गिरी ने दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने व पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का आस्वसन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया था। घटना के चौथे दिन पुलिस ने मुकदमे में दूसरे आरोपी कैलाश गिरी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय के समक्ष भेजा है।

### बार एसोसिएशन मोहम्मदी ने तहसीलदार कोर्ट का अनिश्चितकालीन बहिष्कार

**मोहम्मदी खीरी।** बार एसोसिएशन मोहम्मदी की श्रीराम सभागार में अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें तहसीलदार मोहम्मदी की अधिवक्ताओं के प्रति किए गए अभद्र व्यवहार की निंदा की गई तथा तहसीलदार का तानाशाही रवैया के कारण सभी अधिवक्ता गण द्वारा सामूहिक रूप से निंदा करते हुए फैसला लिया गया कि तहसीलदार के न्यायालय का पूर्ण रूप से अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया जाएगा न्यायिक तहसीलदार के न्यायालय का भी पूर्ण रूप से अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया जाएगा क्योंकि वह कोर्ट तहसीलदार के अधीन है शेष न्यायालय में न्याय कार्य विधिवत होता रहेगा इस अवसर पर बैठक में बार एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी गण बी पी सिंह ,मो.हसन नकवी, सुधीर कुमार गुप्ता माया प्रकाश त्रिवेदी सुशील कुमार त्रिवेदी राजेंद्र प्रसाद शुक्ला आदित्य कुमार सिंह जितेंद्र कुमार शिव कुमार सिंह कुलदीप सिंह मोहम्मद हाशिम सच्चिदानंद दीक्षित आलोक कुमार मिश्रा सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# जिले में बाल पोषण माह की शुरूआत

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**नौ** माह से पांच वर्ष के तक के लक्षित बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर शनिवार को बाल स्वास्थ्य पोषण माह की शुरुआत की गई । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शनिवार को जनपद के अजीजगंज मोहल्ला के रामलीला मैदान में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. पी.पी श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया।

डॉ. पी.पी.श्रीवास्तव ने बताया कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह का उद्देश्य धात्री महिलाओं को 6 माह तक बच्चों को केवल स्तनपान कराने की सलाह देना है। 6 माह के बाद बच्चों को स्तनपान के साथ पूरक आहार देने की शुरुआत करना साथ ही पूरक आहार के साथ दो वर्ष तक स्तनपान जारी रखने की सलाह देना है। कुपोषण से बचाव करने और आयोडीन युक्त नमक खाने की सलाह देना है। अभियान को सफल बनाने के लिए आशा, एएनएम तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित कर सही खानपान और पौष्टिक आहार की सलाह दी जा रही है। स्थिति गंभीर होने पर समुचित उपचार के लिए उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र संदर्भित किया जायेगा। उन्होंने बताया जनपद में लगभग चार लाख बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का लक्ष्य है। शत प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाकर अभियान को सफल बनाना है। उन्होनें बताया विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम के अंतर्गत एक से दो वर्ष तक के 90 हज़ार 615 और दो से पांच वर्ष तक के 2 लाख़ 57 हज़ार 746 बच्चों को इस दवा का सेवन करवाया जाएगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.के.गौतम ने बताया कि आंखों की रोशनी तेज रखने के लिए विटामिन ए जरूरी है। आपकी आंख से टकराने वाले प्रकाश को मस्तिष्क में भेजने के लिए इलेक्ट्रिक सिग्नल में परिवर्तित करने के लिए विटामिन ए की जरूरत होती है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समय की मांग

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**एसएस** कॉलेज के वाणिज्य संकाय में बीकॉम के छात्रों के लिए तीन दिवसीय सेमिनार का उद्घघाटन हुआ। सेमिनार का विषय था ष्डिजिटल मार्केटिंग और कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएंष्। सेमीनार के मुख्य अतिथि बरेली कॉलेज बरेली के गणित विभाग के प्रो. पवन कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग डिजिटल युग है अंको ने ही कंप्यूटर की भाषा विकसित की है और अंकों की गणित ने ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को विकसित किया है। जो आज के समय की मांग है। बरेली कॉलेज बरेली के गणित विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. आशुतोष उपाध्याय ने विशिष्ट अतिथि के रूप बोलते हुए कहा कि कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग गणित पर ही आधारित है कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग के लिए वाणिज्य के साथ-साथ कंप्यूटर का ज्ञान भी आवश्यक है। इसलिए जिन छात्रों को कंप्यूटर का ज्ञान है उनके लिए रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बरेली कॉलेज के भौतिक विज्ञान के प्रो. अजय कुमार सिंह ने कहा कि वाणिज्य क्षेत्र में गणित और विज्ञान के मिश्रण ने अनेक आधुनिक तकनीकियों को जन्म दिया है। जिसका प्रमुख उदाहरण डिजिटल मार्केटिंग है, डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में अपने प्लेटफार्म स्थापित करके छात्र घर बैठे अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने विश्व के बाजार को उपभोक्ता के घर तक पहुंचा दिया है। बढ़ती बहुराष्ट्रीय कंपनियों और आर्थिक उदारीकरण ने डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसर प्रदान किए हैं। बरेली कॉलेज के वाणिज्य विभाग एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पंकज यादव ने कहा कि कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग के ज्ञान व प्रशिक्षण से विद्यार्थी लोकल व्यापारिक प्रतिष्ठानों के एकाउंट बनाकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। डा. रूपक श्रीवास्तव के संचालन में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी शुकदेवानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि से हुआ। उप- प्राचार्य व वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल ने अतिथियों का परिचय देने के साथ विषय स्थापना की। जबकि डा. देवेंद्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डा. कमलेश गौतम, डा. गौरव सक्सेना, डा. विजय तिवारी, डा. अजय कुमार वर्मा, डा. संतोष प्रताप सिंह, डा. सचिन खन्ना, बृजलाली, श्री अखंड प्रताप सिंह, यशपाल कश्यप, देव सिंह कुशवाहा समेत समस्त स्टॉफ समेत बड़ी संख्या में छात्र छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का परिचय सम्मेलन संपन्न



घाटमपुर। श्री डिग्री कॉलेज साँखाहरीए घाटमपुर, कानपुर नगर में नव प्रवेशित छात्र.छात्राओं का इंडक्शन प्रोग्राम ;परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन कालेज प्रबंधक विनय त्रिवेदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बारे में जानकारी देने के साथ कालेज प्रबंधक श्री विनय त्रिवेदी ने कहा कि संपूर्ण विश्व एक ग्लोबल विलेज के रूप में हो चुका है परंतु हमारे देश में प्राचीन काल से ही वसुधैव कुटुंबकम भावना के साथ संपूर्ण विश्व की ना सिर्फ मनुष्यों की बल्कि सभी जीव.जंतुओं आदि के सुख शांति की कामना की जाती रही है वैश्विक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए सफलता के लिए छात्र छात्राओं को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों का उपयोग करते हुए तीन तीन सौ साठ डिग्री लर्निंग प्रोसेस को अपनाना होगा। कॉलेज प्रबंधक श्री त्रिवेदी ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के लिए अपने सीनियर साथियों आज के मार्गदर्शन से सुनियोजित ढंग से कठिन परिश्रम करना होगा। सफलता प्राप्त का कोई शॉर्टकट नहीं है। प्राचार्य डॉक्टर प्रणय कुमार ने कहा कि महाविद्यालय से पढ़े अनेक छात्र.छात्राएं प्रशासनिक पदों सहित विभिन्न सरकारी नौकरियों एवं कारपोरेट जगत में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। कई छात्र.छात्राएं राजनीति और व्यवसाय में भी काफी सफल रहे हैं। दो जय किशोर सचान ने शिक्षक और मानविकी के महत्व को बताया। डॉ श्याम जी शुक्ला ने सूचना प्रौद्योगिकी का टीचिंग लर्निंग महत्व विषय पर बताया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉक्टर शिवशरण उमराव ने कॉलेज के विभिन्न विभागों के बारे में स्टूडेंट्स को बताया। पुस्तकालय अध्यक्ष श्री अमित कुमार श्रीवास्तव ने पुस्तकालय के महत्व को बताते हुए एन . लिस्ट और अन्य टीचिंग लर्निंग पोर्टल के बारे में जानकारी दी। कला शिक्षक राउ नंदन विद्यार्थी ने कहा कि छात्र सिलेबस के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भी भागीदारी करें। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में कानपुर विश्वविद्यालय में आयोजित यूथ फेस्टिवल में भी श्री शक्ति डिग्री कॉलेज के छात्र.छात्राओं को मूक नाटिका ;माइमद्ध सहित अनेक प्रतियोगिताओं में पहला एवं दूसरा स्थान आदि प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर डॉक्टर देवेश द्विवेदी और सत्येंद्र अग्निहोत्री ने मेंटर की भूमिका निभाते हुए मार्गदर्शन किया एवं छात्र.छात्राओं की जिज्ञासाएं दूर की। इस अवसर पर डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंहए सत्यनारायण पटेलए प्रियांशी सोनीए आस्था त्रिपाठीए एकता साहूए एंजेल सचानए अभिषेक त्रिवेदीए मंजू सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 176 शिकायतों में 11 का हुआ निस्तारण

● शिकायत के निस्तारण में गुणवत्ता की कमी पाई जाती है तो सम्बंधित अधिकारी के खिलाफहोगी कार्यवाहीः जिलाधिकारी




**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का तहसील अकबरपुर में आयोजन किया गया । जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने तहसील में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने शिकायत रजिस्टर का भी अवलोकन किया और पूर्व में आयी हुई शिकायतों के निस्तारण न होने से आज ही संबंधित विभाग की शिकायतों को संज्ञान लेते हुए तहसील दिवस में आए अधिकारियों को तहसील दिवस समापन के बाद मौके पर जाकर सत्यापन कर निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व संबंधी शिकायतो को राजस्व टीम व पुलिस संयुक्त रूप से जाँच करें । पैमाइश की शिकायत के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी फील्ड में अवश्य निकले तथा अपने विभाग द्वारा करए जा रहे कार्यो को मौके पर जाकर देखें और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए ।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर पर कोई भी शिकायत लम्बित नही रहनी चाहिएए उसका तत्काल निस्तारण किया जायेए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो सभी अधिकारी आई0जी0आर0एस0 पोर्टल को प्रति दिन अवश्य चेक करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का शीघ्रता व गुणवत्तापूर्ण समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायत के निस्तारण में गुणवत्ता की कमी पाई जाती है तो सम्बंधित अधिकारी के खिलाफसख्त कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि अभियान चलाकर चकरोडए तालाब आदि पर कब्जा मुक्त कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें अगर कोई जमीन सम्बन्धी शिकायत आती है तो संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा एक नई पहल की गई जिसमें संबंधित विभागों द्वारा तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में स्टॉल लगाए गए है उस पर सर्वप्रथम शिकायतकर्ता द्वारा पहले संबंधित स्टाल में पहुंचकर शिकायत का निस्तारण किया कराया जाएगा। अगर शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में आती हैए तो जिलाधिकारी के द्वारा उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए शिकायत का निस्तारण कराया जाएगा।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़

● प्रतिष्ठित रीजेन्सी हास्पिटल के चिकित्सकों ने हड्डी रोगो व महिलाओं से सम्बन्धित रोगों की जॉच पड़ताल की

● दो सैकड़ा हड्डी रोगो से सम्बन्धित व डेढ़ सैकड़ा महिला मरीजों की गयी जांच



**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात

**कस्बे** के प्रतिष्ठित बापू होम्यो क्लीनिक में वरिष्ठ होम्यो चिकित्सक डा0 अशोक मिश्रा व उनके चिकित्सक पुत्र डा0 आशीष मिश्रा द्वारा रीजेन्सी हास्पिटल के चिकित्सकों की उपस्थिति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, स्वास्थ्य शिविर में 2 सैकड़ा हड्डी रोगों से सम्बन्धित मरीजो व डेढ सैकडा महिला मरीजों की जॉच की गयी। कस्बे के प्रसिद्ध होम्यो चिकित्सक डा0 अशोक मिश्रा सामाजिक कार्यों में अग्रसर रहते है, मरीजों को कस्बे में ही गुणवत्तापूर्ण जॉच व उपचार के लिये उन्होंने अपने प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान बापू होम्यो क्लीनिक पाथामाई मंदिर के सामने रीजेन्सी के डा0 शालीन वर्मा व महिला चिकित्सक की उपस्थिति में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया। स्वास्थ्य शिविर में भारी संख्या में कस्बाई सहित क्षेत्रीय लोगों ने अपने रोगों के सम्बन्ध जॉच करवायी तथा उपयोगी सलाह व मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस मौके पर डा0 आशीष मिश्रा सहित भारी संख्या में मरीज मौजूद रहे। डा0 आशीष मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में दो सौ मरीजों ने हड्डियों से सम्बन्धित रोगों में सलाह प्राप्त की वहीं डेढ सौ महिलाओं ने भी रोगों के सम्बन्ध में जानकारियॉ प्राप्त की।

## क्विक न्यूज

### बकायेदारी पर बिजली विभाग ने चलाया अभियान

**रूरा, कानपुर देहात।** बकाया विद्युत बिलों पर जेई संतोष भारती के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने कस्बे के शिवाजीनगर, शास्त्रीनगर, बजरॅगनगर व रामनगर वार्डों में अभियान चलाया। इस दौरान टीजीटू सुनील कुमार, मीटर रीडर सुनील, लाइनमैन रोहित कुमार, सॅजय तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अभियान के दौरान 25 हजार से अधिक बकायेदारों के कनेक्शन विच्छेदित किये गये। इस मौके पर जेई संतोष भारती ने बताया कि बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं से शीघ्रातिशीघ्र बिलों के भुगतान की अपील की गयी है।

### साक्षात्कार 24 अगस्त को होगा, लाभार्थी समय से हो उपस्थित

**कानपुर देहात।** उ0प्र0 माटीकला बोर्ड लखनऊ के तत्वाधान में माटीकला टूल.किट्स वितरण योजनान्तर्गत माटीकला कामगारोंध्शिल्पियों के निःशुल्क टूल.किट्स वितरण हेतु लाभार्थियों के चयन के लिये चयन समिति के अध्यक्ष महोदया द्वारा दिनांक.24ण्08ण्2023 को विकास भवन सभागार कानपुर देहात में साक्षात्कार किया जाना सुनिश्चित हुआ है। उक्त के क्रम में जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी ने सभी अभ्यर्थियों को जिन्होने निःशुल्क विद्युत चालित कुम्हारी चाक हेतु आवेदन किया है को सूचित किया जाता है कि दिनांक.24ण्08ण्2023 प्रातः 10:00 बजे विकास भवन सभागार माती कानपुर देहात में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित रहने पर आवेदन निरस्त समझा जायेगाए जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

### सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं लम्बित प्रकरणों के निवारण हेतु 28 अगस्त को एक समाधान दिवस का होगा आयोजन

**कानपुर देहात।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से सेवानिवृत्त हो चुके समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों को जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी में सूचित किया है कि उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओंध्लम्बित प्रकरणों के निवारण हेतु दिनांक.28ण्08ण्2023 को एक समाधान दिवस का आयोजन प्रदेश में उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के समस्त कार्यालयों में किया जाना प्रस्तावित है। तत्क्रम में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय रनियां कानपुर देहात में ही उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। अतः इस विभाग से सम्बन्धित समस्त कार्मिकों को सूचित किया जाता है कि यदि उनका सेवानिवृत्त लाभों से सम्बन्धित कोई प्रकरण इस कार्यालय में लम्बित है तो वे दिनांक 28ण्08ण्2023 को कार्यालय में उपस्थित होकर अपने प्रकरण का समाधान करा सकते हैं।

### लम्बित प्रकरणों के निस्तारण हेतु समाधान दिवस का 28 अगस्त को होगा आयोजन

**चित्रकूट।** जिले में नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे व जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल तथा सीएमओ डा भूपेश द्विवेदी ने बच्चे को विटामिन ए की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। शनिवार को सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि प्रत्येक छह माह के अंतराल पर ये अभियान चलता है। अभियान में नौ माह से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ मुकेश पहाड़ी, डीएमसी यूनिसेफदिलीप द्विवेदी, वीसीसीएम अर्बन कोर्डिनेटर रूपनारायण, नरोत्तम सिंह एवं संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### बन्दर, कुत्ते और बिल्ली से कटे लोग रैबीज इंजेक्शन लगवाने लगातार पहुंच रहे सीएचसी

**कोंच(जालौन)।** उत्पाती और कटखने बंदरों, कुत्तों सहित बिल्ली के हमले में जख्मी होकर रैबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए लगातार हर रोज सीएचसी में भीड़ लग रही है। शुक्रवार को डेढ़ दर्जन लोग इंजेक्शन लगवाने हेतु सीएचसी पहुंचे थे, वहीं शनिवार को भी तमाम लोगों ने इंजेक्शन लगवाये और मरहम पट्टी करवाई। शनिवार को ग्राम तीतरा निवासी 65 वर्षीय मुलू प्रजापति को खिड़की में फंसी बिल्ली ने उस समय काट लिया जब वह बिल्ली को बाहर निकाल रहा था। वहीं ग्राम कूड़ा निवासी 45 वर्षीय महिला ममता देवी पत्नि अशोक को बंदरों ने काट लिया।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**कोंच (जालौन)।** नदीगांव पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी उमाकांत ओझा के निर्देश पर आकाश यादव निवासी नदीगांव को एसआई शीलवंत सिंह, सिपाही आदित्य तिवारी, कमल गौड़, मोहित कुमार ने घिलौर मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी के खिलाफथाने में 363, 354, 506 आईपीसी व 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर पंजीकृत है।

### तेलियानी के ग्राम सचिवालय में कराये जा रहे कार्यो को डीएम ने देखा

**फतेहपुर।** तेलियानी विकास खंड की ग्राम पंचायत चखेड़ी में नवनिर्मित ग्राम सचिवालय में जिला योजना, राज्य वित्त, 15 वां वित्त, मनरेगा योजना से इंटरलॉकिंग, बाउंड्रीवाल, शौचालय, मिशन कक्ष, विविध कक्ष, सभा कक्ष, ग्राम रोजगार सेवक कक्ष, ग्राम प्रधान कक्ष, सचिव कक्ष, पंचायत सहायक कक्ष आदि के निर्माण कार्य को जिलाधिकारी श्रुति ने देखा। उन्होने कहा कि फिनीशिंग का जो कार्य शेष है उसको जल्द से जल्द पूरा कराएं। ग्राम सचिवालय में तैनात रोजगार सेवक रावेंद्र के समय से न आने एवं ग्राम सचिव अतुल श्रीवास्तव द्वारा कम्प्यूटर में कार्य नहीं कर पाने और कार्य में शिथिलता पाए जाने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश संबंधित को दिए। ग्राम सचिवालय में सम्पादित होने वाले कार्यों की जांच की और शिकायतकर्ताओं की शिकायत की मौके पर जांच करवाई। जिसका निस्तारण सही पाया गया। इस अवसर पर डीसी मनरेगा अशोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह, खंड विकास अधिकारी तेलियानी राहुल मिश्रा, ग्राम सचिव अतुल श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान धर्मराज सैनी सहित संबंधित अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### दिनदहाड़े बाइक सवार को बदमाशों ने लूटा

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली थाना क्षेत्र के आकोढ़िया मोड़ के समीप तीन नकाबपोश बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दे डाला। बता दें कि शुक्रवार की सुबह दस बजे बहादुरपुर मंझनपुर गांव निवासी हलीम अपनी अपाचे गाड़ी से रिश्तेदारी करसुआ गांव जा रहे थे जैसे ही वह अकोढिया मोड़ के समीप पहुंचे तभी तीन मोटर साइकिल सवार नकाबपोश बदमाशों ने उनकी अपाचे गाड़ी को रोक लिया। पीछे बैठी उसकी पत्नी को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और अपाचे गाड़ी लेकर भागने लगे। उसी दौरान उसकी पत्नी ने विरोध जताया तो महिला से मारपीट कर उसके गले का लाकेट नोचकर भाग गए। घटना होने के पश्चात पीड़ित ने तत्काल कोतवाली जाकर कोतवाली प्रभारी को सूचना दी कि उसकी गाड़ी व पत्नी का मंगलसूत्र छीनकर बदमाश भाग गए हैं। पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन शुरू की। छानबीन के दौरान पुलिस ने टोल टैक्स के समीप सभी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला लेकिन बदमाशों का कोई भी सुराग नही लगा। मामले में कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की लिखित में कोई शिकायत नही मिली है, मौखिक तौर पर जानकारी मिली है। फोर्स को भेजकर टोल टैक्स में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखवाया गया है।

### भजन संध्या व वृंदावन झांकी का आयोजन आज

**कोंच(जालौन)।** राधे राधे म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या एवं श्रीजी झाँकी वृंदावन द्वारा भव्य झाँकी का आयोजन आज शनिवार को रात्रि 8 बजे से नगाइच बाग कोंच में किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक व नीमा के अध्यक्ष डॉ आलोक निरंजन ने क्षेत्र वासियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

# अधिकारी कार्यालयों में बैठकर न लगाएँ रिपोर्ट : सुनन्दू सुधाकर

**संवाददाता।** राजापुर(चित्रकूट)

**राजापुर** तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनन्दू सुधाकर व उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झाँ की मौजूदगी में तहसील समाधान दिवस में 86 फरियादियों की समस्याएँ सुनीं और मौके में 6 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।



तहसील समाधान दिवस में शिकायतकर्ता शिवा निषाद ने ग्राम पंचायत सुरवल के मजरा बड़हर पुरवा में हर घर टोंटी जल योजना के अन्तर्गत पाइपलाइन बिछवाकर पानी दिलाने की माँग किया है। वहीं गड़ौली निवासी छंगू प्रसाद ने बताया है कि गाँव के दबंग ने आम रास्ते में अवैध रूप से पक्का मकान का निर्माण करा लेने के कारण आम रास्ता अवरुध्द हो गया है जिससे आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा ग्राम पंचायत नैनी के कृष्णावतार मिश्रा पुत्र सुरेश प्रसाद मिश्रा तथा भटरी के कामताप्रसाद द्विवेदी, अंकित, राजीव कुमार, पंकज, देवीचरण, आलोक शुक्ला आदि लगभग एक दर्जन लोगों ने शिकायत किया है कि दोनों गाँवों में अन्ना गौवंशों के विचरण के कारण खरीफकी फसल चौपट हो रही है और ग्राम प्रधान तथा सचिव को बार बार अवगत कराने के बावजूद भी गौशालाओं में अन्ना गौवंशों को संरक्षित नहीं किया जा रहा है। जिससे दोनों गाँवों के किसान बेहद परेशान हो रहे हैं। प्रधान व सचिव जिलाधिकारी के आदेशों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ा रहे हैं।

वहीं तिरहार क्षेत्र के कई गाँव के लोगों ने बताया है कि ग्राम नैनी, गुरगौला, बिहरवाँ में भैंसों की चोरी आए दिन होती रहती है और फतेहपुर जनपद के कोट गाँव के लोगों द्वारा गैंग बनाकर भैसों की चोरी करते हैं। नैनी झील गाँव के संजय केवट पुत्र दनवा केवट की चार भैंसें गुरुवार को खखरेडू थाना के कोट डढ़िया में बरामद करते हुए एक चोर को गिरफ्तार भी किया गया है।

# पुलिस ने किया स्मैक के तस्करी अभियुक्त को गिरफ्तार

**संवाददाता।** बांदा



**उत्तर** प्रदेश के बांदा में अवैध स्मैक की तस्करी करने वाले अभियुक्त को थाना कोतवाली नगर व एसओजी की सयुंक्त पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से लगभग 80 लाख रुपये कीमत की अवैध स्मैक बरामद ।अभियुक्त द्वारा फर्रुखाबाद से लाकर बांदा में की जाती थी अवैध स्मैक की बिक्री । अभियुक्त को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के क्योटरा तिराहे से किया गया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसओजी की सयुंक्त पुलिस टीम द्वारा अवैध स्मैक की तस्करी करने वाले 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्त के कब्जे से लगभग 800000 लाख रुपये कीमत की अवैध स्मैक बरामद हुई है । गौरतलब हो कि पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति क्योटरा तिराहे के पास एक बैग में अवैध स्मैक लिए हुए हैं तथा उसकी बिक्री करने जा रहा हैं । सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली नगर व एसओजी की सयुंक्त पुलिस टीम द्वारा मौके पर घेराबन्दी कर 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्त के कब्जे से लगभग 8000000 लाख रुपये कीमत की 210 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है । अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ में पता चला कि वह जनपद फर्रुखाबाद से अवैध स्मैक लाकर बांदा में इसकी बिक्री करने जा रहा था । प्रकरण में थाना कोतवाली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा जा रहा है ।

पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल ने बताया अंतरराष्ट्रीय मार्केट में 210 ग्राम अवैध स्मैक की कीमत लगभग 8000000 रुपए है इन्द्रजीत निषाद निवासी क्योटरा थाना कोतवाली नगर जनपद बाँदा मु0 649/23 धारा 8/22 थाना कोतवाली नगर में दर्ज है।

# डीएम अभिषेक आनंद ने तुलसी जल प्रपात में बन रहे स्काई वाक का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने तुलसी जलप्रपात में निर्मित ग्लास आब्जरवेटरी डेस्क (स्काई वाक) के सुन्दरीकरण का निरीक्षण किया। उन्होंने डीएफओ पीके त्रिपाठी से स्काई वॉक निर्माण में सरफेस, रेलिंग की ऊंचाई, डिजाइन टेस्टिंग, ग्लास, मेन एरो, टिकट घर आदि के बारे में जानकारी ली। शनिवार को जिलाधिकारी ने डीएफओ से कहा कि जहां तक स्ट्रक्चर स्काई वॉक का बन रहा है, वहां तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव बनायें। लघु सिंचाई विभाग एवं वन विभाग से कहा कि जो तुलसी जलप्रपात के ऊपर चेकडैम बना है, उसे ऊंचा कराया जाए। ये देखा जाए कि उस चेकडैम के पहले और एक चेकडैम का निर्माण हो सकता हो तो व्यवस्था करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि इको टूरिज्म बनाया जा रहा है, ताकि बाहर से आने वाले पर्यटकों को सौंदर्य देखने को मिले। जिले में ये उप्र का का पहला प्रोजेक्ट होगा, जो पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण सुंदर स्थान देखने को मिलेगा। प्रयास हैं कि जिले में धार्मिक नगरी को देखते हुए इको टूरिज्म को कैसे बढ़ावा मिले। तमाम कार्य पर्यटन विभाग करा रहा है। जिलाधिकारी ने तुलसी जलप्रपात परिसर में हरिशंकरी पौधरोपण किया।

# डीबीए चुनावः अध्यक्ष व सचिव समेत विभिन्न पदों पर सर्व समाज का कब्जा

**फतेहपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसियेशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में एक बार फिर सर्व समाज ने अपना दबदबा कायम रखा है। वहीं ब्राम्हण-क्षत्रिय पैक्ड को आपसी खींचतान के चलते करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। बार चुनाव में सर्व समाज के प्रत्याशी वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश वर्मा ने बड़े अन्तर से जीत दर्ज की है। उन्हें 681 वोट मिले।उन्होंने आदर्श अधिवक्ता संगठन (ब्राम्हण-क्षत्रिय पैक्ड) के विनोद कुमार सिंह सेंगर (442 वोट) को बड़े अन्तर से शिकस्त दी। वहीं अध्यक्ष पद की एक अन्य प्रत्याशी श्रीमती संतोष कुमारी शुक्ला को 213 वोट मिले। बाबूलाल करुणाकर को 139 मत मिले। बार के चुनाव में मंत्री पद पर सर्व समाज के बचानी लाल ने बड़े अन्तर से जीत दर्ज की है। उन्हें 586 वोट मिले। उनके प्रतिद्वंदी आदर्श अधिवक्ता संगठन के देववृत्त अग्निहोत्री को 387, अशोक कुमार शुक्ला को 367, सै. आसिफमकसूद को 116 व एक अन्य को 19 वोट मिले। स. सचिव (प्रशासन) के पद पर धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने 841 मत हासिल कर बड़े अंतर से जीत दर्ज की। स. सचिव (प्रकाशन) के पद पर देव नारायण त्रिपाठी व स. सचिव (पुस्तकालय) के पद पर छेदी लाल पाल विजई घोषित किए गए।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस पर बाइक सवारों ने बाइक में मारी टक्कर

**कुठौंद (जालौन)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर ग्राम करमपुर के आगे दो अज्ञात बाइक सवारों ने दूसरी बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार महिला घायल हो गयी। दुर्घटना के बाद अज्ञात लोगों ने घायल महिला व बाइक चालक पर औरैया ले जाने का दबाब बनाया। बाद में जब घायल महिला के ससुरालीजनों को इसकी जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंचे ओर दोनों को उपचार के लिये कुठौंद अस्पताल ले जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। बताया जाता है कि घायल महिला की ससुराल नवादा अजीतमल में है।

# गुपलापुर गांव की गलियां महीनों से बनी तालाब, ग्रामीण पलायन को विवश

**संवाददाता।** रामपुरा (जालौन)

● दबंगों ने नहीं होने दिया नाले का पूरा निर्माण

● कई ग्रामीणों ने खेतों पर बनाया अपना आशियाना

**एक** ओर जहां प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिये पानी की तरह रुपये बहा रही है तो वहीं गांव के दबंगों का आज भी इतना आतंक है कि वह ग्राम प्रधान द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों को ही रुकवाकर अपनी हनक दिखाने से बाज नहीं आ रही है। इसका दंश गुपलापुर गांव के दर्जनों परिवार भोग है।

क्योंकि गांव की कई गलियों में महीनों से पानी भरा जिससे गलियां तालाब का आकार ले चुकी है। इस बारे में जिम्मेदार अधिकारियों से जब ग्रामीणों ने गुहार लगायी तो उन्होंने भी गांव जाने की जेहमत नहीं उठायी हैं जिससे अब गांव के ग्रामीण गांव से पलायन करने की योजना बनाने लगे हैं। तो कई परिवारों ने तो खेतों पर अपना ठिकाना बना लिया है। 60 दिनों से भराव से गांव के अनेकों लोग बीमार भी है।

माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के गुपलापुर गांव के प्रधान द्वारा गांव से पानी की निकासी सुनिश्चित कराने की मंशा से एक नाले का निर्माण कराया जा रहा था जिस पर गांव के दबंगों ने यह कहते हुये रुकवा दिया कि जिस स्थान पर नाला का निर्माण किया जा रहा है वह मंदिर की व हमारी है। इसके बाद से ही नाले का निर्माण आधा अधूरा पड़ा हुआ है। इसके बाद जैसे ही बरसात शुरू हुयी तो गांव की गलियों से पानी की निकासी अवरुद्ध होने से पानी गलियों में भरना शुरू हो गया था आज गांव की अनेकों गलियां तालाब बनी हुयी है।

# पेज एक का शेष

## आप ने...

खेड़ा ने लंबे समय तक ओएसडी के रूप में तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के साथ काम किया था। अपने 15 साल के शासन के दौरन शीला को संपूर्ण विकास कर दिल्ली की कायापलट का श्रेय दिया जाता है। रायपुर में आप कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली और पंजाब में उनकी पार्टी की सरकार ने लोगों को दी गई गारंटी को पूरा किया है। यदि पार्टी छत्तीसगढ़ में सत्ता में आती है तो वही काम यहां भी करेगी। केजरीवाल ने कार्यक्रम में नौ वादों का गारंटी कार्ड जारी किया और कहा कि दसवीं गारंटी किसानों और आदिवासियों के बारे में है, लेकिन वह अपनी अगली यात्रा के दौरान इसका खुलासा करेंगे। आप ने राज्य में 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में पहली बार अपनी किस्मत आजमायी थी। पार्टी ने कुल 90 सीटों में से 85 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। पार्टी को एक फीसदी से भी कम वोट मिले थे और कोई भी उम्मीदवार जमानत बचाने में सफल नहीं हुआ था। इंडिया गठबंधन महाराष्ट्र में मुसीबत में घिरा है जहां कांग्रेस और उद्धव ठाकरे नीत शिव सेना ने महाअघाड़ी गठबंधन के तीसरे घटक दल एनसीपी के प्रमुख शरद पवार की अपने भतीजे अजीत पवार से लगातार खुली बैठकों पर आपत्ति जताई है।

## प्याज पर...

2,000 टन बफर प्याज बेचा जा चुका है। बफर प्याज का उपयोग आमतौर पर अगस्त और सितंबर से लेकर अक्टूबर में नई फसल के आने तक किया जाता है। प्याज हमेशा राजनीतिक रूप से संवेदनशील रहा है। साल के अंत में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना जैसे प्रमुख राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर यह प्रतिबंध महत्वपूर्ण है।

## सोशल मीडिया...

प्रकाशित/प्रसारित की थी, जिसके बाद चेन्नई पुलिस आयुक्त के समक्ष एक शिकायत दर्ज की गई। अदालत ने इस बात का संज्ञान लिया था कि मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी और तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों में उनके खिलाफ अन्य निजी शिकायतें भी दर्ज की गई थीं। शेखर के वकील ने उच्च न्यायालय के समक्ष दलील दी थी कि उन्हें उस संदेश की विषय-वस्तु के बारे में पता नहीं था, जो उन्हें भेजा गया था और उन्होंने इसे केवल अपने फेसबुक अकाउंट से अग्रसारित किया था। उनके वकील ने कहा था कि संदेश में मौजूद अपमानजनक टिप्पणियों के बारे में पता चलने के बाद शेखर ने उसी दिन कुछ घंटों के भीतर लिखित सामग्री हटा दी और इसके बाद 20 अप्रैल, 2018 को एक पत्र लिखकर संबंधित महिला पत्रकारों और मीडिया से बिना शर्त माफी मांगी थी।

## गर्भपात के...

की, अनुचित तात्कालिकता नहीं होनी चाहिए, लेकिन कम से कम ऐसे मामलों में तात्कालिकता की भावना होनी चाहिए और इसे किसी भी सामान्य मामले की तरह मानने तथा सुनवाई स्थगित करने का ढुलमुल रवैया नहीं होना चाहिए। हमें यह कहते हुए और टिप्पणी करते हुए खेद है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह मामले की पहली सुनवाई 21 अगस्त को करेगी। पीठ ने याचिका पर राज्य सरकार और संबंधित एजेंसियों से जवाब भी मांगा। याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ को बताया कि आज की तारीख में याचिकाकर्ता 27 सप्ताह दो दिन की गर्भवती है और जल्द ही, उसकी गर्भावस्था का 28वां सप्ताह करीब आ जाएगा। उन्होंने आग्रह किया कि मेडिकल बोर्ड से नई रिपोर्ट मांगी जा सकती है। पीठ ने कहा कि इन परिस्थितियों में, हम याचिकाकर्ता को एक बार फिर जांच के लिए अस्पताल जाने का निर्देश देते हैं और नवीनतम स्थिति रिपोर्ट कल शाम छह बजे तक इस अदालत को सौंपी जा सकती है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि वह इस मामले में उच्च न्यायालय के आदेश का इंतजार करेगी। पीठ ने कहा कि हम आदेश का इंतजार करेंगे। आदेश के अभाव में हम आदेश की सत्यता पर कैसे विचार कर सकते हैं। पीठ ने मेडिकल बोर्ड द्वारा उच्च न्यायालय में दाखिल की गई रिपोर्ट के बारे में भी पूछा। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि रिपोर्ट के मुताबिक, गर्भपात कराया जा सकता है। गर्भ का चिकित्सकीय समापन (एमटीपी) अधिनियम के तहत, विवाहित महिलाएं, बलात्कार पीड़िता, दिव्यांग और किशोरियों के लिए गर्भपात की अवधि 24 सप्ताह (तक का गर्भ) है।

## राहुल गांधी...

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के संबंध में एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राहुल गांधी ने लेह से पैंगोंग तक अपने मोटरसाइकिल सफर की कई तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस शीर्षक के साथ साझा कीं, पैंगोंग झील जाने के रास्ते में, जिसके बारे में मेरे पिता कहा करते थे, यह दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। नामग्याल ने कहा, वह (गांधी) नुब्रा घाटी में रात्रि विश्राम के लिए रविवार को मोटरसाइकिल पर रवाना हो रहे हैं। रास्ते में गांधी दुकानदारों और किसानों सहित आम लोगों से मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी सोमवार को लेह वापस आएंगे। हालांकि इस दौरे को लेह में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने गैर-राजनीतिक बताया जिसका अगले साल के संसदीय चुनाव से कोई संबंध नहीं है लेकिन बृहस्पतिवार को गांधी के आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। गांधी ने दो स्थानीय क्लब के बीच फुटबॉल मैच देखने के अलावा पार्टी सहयोगियों के साथ बैठक की और युवाओं से बातचीत की। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि गांधी सोमवार या मंगलवार को करगिल जिले का दौरा करेंगे और उनके वहां पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों, विशेषकर युवाओं से बातचीत करने की संभावना है। गांधी की जिले की यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि एलएएचडीसी, करगिल में 10 सितंबर को चुनाव होने जा रहे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने पहले ही पर्वतीय परिषद चुनाव के लिए चुनाव पूर्व गठबंधन की घोषणा कर दी है।

# लोकेशन गैंग के सरगना गैंगेस्टर एक्ट के वांछित को दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण को हो रही कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की संयुक्त टीम ने गैगेंस्टर एक्ट के वांछित/ लोकेशन गैंग के सरगना को दबोचा है। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा एवं प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की संयुक्त टीम ने गैगेंस्टर एक्ट में वांछित/ लोकेशन गैंग सरगना इन्द्रेश कुमार उर्फ गुड्डू यादव पुत्र लल्लू प्रसाद निवासी मनीपुर भटेहरी थाना ऊंचाहार जिला रायबरेली को राजापुर कस्बे के महादेव धर्मकांटा के पास से दबोचा। ये अपराधी चित्रकूट, प्रयागराज व रायबरेली के कुछ अपराधी किस्म के लोग पिछले कुछ महीनों से संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ लेने की गरज से बालू, गिट्टी का अवैध ढंग से बिना रवन्ना, ओवरलोड ट्रकों को खनिज, परिवहन, वाणिज्य एवं पुलिस अधिकारियों की लोकेशन ट्रेस करके जिले की सीमा से बाहर भेजने में मदद करते थे।

# ईडी ने राकांपा के पूर्व सांसद के यहां मारा छापा

**●समूह पर छापेमारी में 25 करोड़ रुपए से अधिक के जेवरात, नकदी जब्त की**

**भाषा।** नई दिल्ली




**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) के एक पूर्व सांसद के परिवार द्वारा प्रवर्तित महाराष्ट्र के आभूषण समूह और उसके मालिकों के खिलाफ धन शोधन मामले में तलाशी के बाद 24 करोड़ रुपए से अधिक के हीरे और सोने के जेवरात जब्त किए गए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि यह मामला कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से संबद्ध है। ईडी के मुताबिक, यह छापेमारी 17 अगस्त को राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आर एल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड, मनराज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड और उनके प्रवर्तकों-- राकांपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य ईश्वरलाल शंकरलाल जैन लालवानी (77), उनके परिवार के अन्य सदस्यों के जलगांव, नासिक और ठाणे स्थित 13 परिसरों पर की गई थी। धन शोधन का मामला भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में 352 करोड़ रुपए से अधिक की ऋण धोखाधड़ी के आरोप में आरोपियों के खिलाफ सीबीआई द्वारा दर्ज की गई तीन प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ था। ईडी ने कहा कि छापेमारी के दौरान राजमल लखीचंद समूह से संबंधित 60 संपत्तियों का विवरण एकत्र किया गया है, जिनकी कीमत 50 करोड़ रुपए से अधिक है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि इसके अलावा राजमल लखीचंद और मनीष जैन के स्वामित्व वाली दो बेनामी संपत्तियां जामनेर, जलगांव के इलाकों में होने का पता चला है। ईडी ने दावा किया कि उसे मुख्य होल्डिंग कंपनी राजमल लखीचंद जलगांव साझेदारी फर्म के खातों में फर्जी खरीद-बिक्री लेनदेन जैसी कई विसंगतियां मिलीं। इसने कहा, तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक दस्तावेज और अपराध से अर्जित आय जब्त की गई, जिसमें 24.7 करोड़ रुपए मूल्य के 39.33 किलोग्राम सोने और हीरे के आभूषण और 1.11 करोड़ रुपए नकद शामिल हैं।

## ईडी ने गोवा के खनिक के बेटे की 36 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने पेंडोरा पेपर्स लीक मामले की जांच के तहत गोवा के एक खनिक के बेटे की 36.80 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में बताया गया है कि भारत के बाहर उसकी कथित अघोषित विदेशी मुद्रा का खुलासा हुआ था। रोहन टिंबलो के खिलाफ जब्ती आदेश विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) की धारा 37ए(1) के तहत जारी किया गया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि रोहन गोवा के खनिक राधा टिंबलो का बेटा है। बयान में कहा गया है कि रोहन टिंबलो के खिलाफ पेंडोरा पेपर्स लीक मामले में जांच शुरू की गई थी और इस दौरान यह पता चला था कि वह एक पारिवारिक ट्रस्ट और इसकी तीन कॉर्पोरेट संस्थाओं का मालिक है, जो सिंगापुर के अंतर्देशीय राजस्व प्राधिकरण (आईआरएएस) की जांच के दायरे में आ गए हैं। पेंडोरा पेपर्स लीक मामला 2021 में तब सामने आया था जब इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इंटरनेशनल जर्नलिस्ट्स (आईसीआईजे) ने भारत सहित 200 से अधिक देशों के धनी अभिजात वर्ग के लोगों के विदेशों में छुपे रहस्यों को उजागर करने वाले 2.94 टेराबाइट डेटा वाले आंकड़ों के होने का दावा किया था।ईडी ने कहा कि जांच में पाया गया कि एशियासिटी ट्रस्ट सिंगापुर पीटीई लिमिटेड ने कोलारेस ट्रस्ट को कॉर्पोरेट ट्रस्टी सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें से रोहन टिंबलो एकमात्र अवस्थापक थे और अपनी पत्नी मल्लिका टिंबलो और उनके बच्चों के साथ लाभार्थियों में से एक थे।

## ईरान के राष्ट्रपति के साथ बैठक होने की उम्मीद कर रहा हूं : मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका में 23-24 अगस्त से होने जा रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी के साथ बैठक होने की उम्मीद कर रहे हैं। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को फोन पर बातचीत की और चाबहार बंदरगाह की पूर्ण क्षमता को वास्तविकता में तब्दील करने सहित कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, ईरान के राष्ट्रपति डॉ सैयद इब्राहिम रईसी से कल बात कर खुश हूं। हमने चाबहार बंदरगाह की पूर्ण क्षमता को वास्तविकता में तब्दील करने सहित द्विपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रपति रईसी के साथ बैठक होने की उम्मीद करता हूं।

## कर्नाटक सरकार ने मंदिरों को धन देने पर रोक वाला परिपत्र वापस लिया

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक में** विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सहित विभिन्न हलकों से आलोचना का सामना कर रही राज्य सरकार ने उस परिपत्र को वापस ले लिया है जिसके जरिए राज्य संचालित मंदिरों को विकास कार्यों के लिए धन देना बंद कर दिया गया था।मुजराई या हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने स्पष्ट किया कि परिपत्र भ्रम के कारण जारी किया गया और सरकार का मंदिरों में किसी भी विकास या मरम्मत कार्य को रोकने का कोई इरादा नहीं है। रेड्डी ने कहा कि उन्होंने विभाग के प्रधान सचिव और आयुक्त दोनों से परिपत्र तुरंत वापस लेने को कहा है।मंत्री के निर्देश के बाद आयुक्त ने शुक्रवार को परिपत्र वापस ले लिया।मुजराई विभाग के आयुक्त ने 14 अगस्त को एक परिपत्र जारी करके सभी जिला प्रशासनों को राज्य संचालित उन मंदिरों की मरम्मत और विकास कार्यों के लिए धन रोकने का निर्देश दिया था, जहां 50 प्रतिशत धन जारी कर दिया गया है और काम शुरू नहीं हुआ है या जहां धन स्वीकृत हो गया है लेकिन जारी नहीं किया गया है।अधिकारियों से यह भी कहा गया कि वे ऐसे किसी भी नए प्रस्ताव को मंजूरी न दें, जिसकी प्रशासनिक मंजूरी लंबित हो।स्पष्टीकरण देते हुए रेड्डी ने कहा कि हाल ही में उन्होंने प्रधान सचिव एवं आयुक्त (मुजराई विभाग) के साथ बैठक की और 30 अगस्त से पहले एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उक्त रिपोर्ट उन मामलों में देने को कहा गया जिसमें पूर्ववर्ती सरकार के दौरान आदेश जारी किए गए लेकिन मंदिरों के लिए धन जारी नहीं किया गया, उन मंदिरों के लिए जिसके लिए 50 प्रतिशत धन जारी किया गया और इस वर्ष के लिए धनराशि उपलब्ध है। उन्होंने कहा, आयुक्त भ्रमित हो गए। हमने कोई काम रोकने के लिए नहीं कहा था।

## क्विक न्यूज

### पंचायत सदस्यों के लिए दो बच्चों की सीमा में जैविक संतानें शामिल होंगी, सौतेले बच्चे नहीं : बम्बई उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने शनिवार को व्यवस्था दी कि महाराष्ट्र में पंचायत सदस्यों के लिए निर्धारित दो बच्चों की सीमा में केवल जैविक संतानें शामिल होंगी, सौतेले बच्चे नही। न्यायमूर्ति ए. एस. चंदुरकर और न्यायमूर्ति वृषाली जोशी की खंडपीठ ने खैरुनिसा शेख चांद की याचिका की सुनवाई गुण-दोष के आधार पर करने का एकल पीठ को निर्देश दिया। खैरुनिसा को ग्राम पंचायत सदस्य के तौर पर इसलिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था कि उनके दो से अधिक बच्चे है। महिला ने दावा किया कि उनके पति शेख चांद को पिछली शादी से दो बेटे थे, लेकिन उनकी शादी से केवल एक ही संतान है। एकल पीठ ने यह स्पष्ट करने के लिए मामले को खंडपीठ के सुपुर्द कर दिया कि क्या महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम के प्रावधानों में दो बच्चे शब्द का इस्तेमाल सामान्य अर्थ में सौतेले बच्चों को शामिल करने के लिए किया गया है या सीमित अर्थ में केवल उनसे पैदा हुए बच्चों को शामिल करने के लिए किया गया है। खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा, एक पुरुष सदस्य के संदर्भ में दो बच्चे की अभिव्यक्ति में उस व्यक्ति के सभी बच्चे शामिल होंगे, जिनके जन्म के लिए वह ज़िम्मेदार है, इस तथ्य के बावजूद कि वे उसके पिछले औराया वर्तमान विवाह से पैदा हुए थे। एक महिला सदस्य के संदर्भ में, इसमें वे सभी बच्चे शामिल होंगे, जिन्हें उस महिला ने जन्म दिया है। इस मामले में इस तथ्य पर ध्यान नही दिया जाएगा कि ए बच्चे उसके पिछले औराया वर्तमान विवाह से पैदा हुए हैं। याचिकाकर्ता के वकील सुकृत सोहोनी ने दलील दी कि अधिनियम के तहत दो बच्चों का अर्थ केवल संबंधित व्यक्ति के जैविक बच्चे से होंगे और अयोग्यता के लिए व्यक्ति के सौतेले बच्चों पर विचार नही किया जा सकता है। अदालत ने कहा, इसलिए यह व्यवस्था दी जाती है कि अभिव्यक्ति दो बच्चे उस व्यक्ति से संबंधित है, जो पंचायत का सदस्य है और जिसे अयोग्य घोषित करने की मांग की जा रही है। इसमें कहा गया है कि पुरुष सदस्य के मामले में, यदि वह कितनी भी शादियां करने के बावजूद दो से अधिक बच्चों के जन्म के लिए जिम्मेदार है, तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

### शैक्षणिक सत्र 2024-25 से स्थापित होने वाले चिकित्सा महाविद्यालयों में अधिकतम 150 स्नातक सीट होंगी

**नई दिल्ली।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 से स्थापित होने वाले चिकित्सा महाविद्यालयों में अधिकतम 150 स्नातकसीट होंगी, बशर्ते संस्थान संबंधित राज्य में 10 लाख आबादी के लिए 100 एमबीबीएस सीट के अनुपात का पालन करे। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने नए चिकित्सा संस्थानो की स्थापना, नए चिकित्सा पाठ्यक्रमो की शुरुआत, मौजूदा पाठ्यक्रमो के लिए सीट में वृद्धि एवं आकलन तथा रेटिंग विनियमन, 2023 के लिए हाल में जारी दिशानिर्देशों में कहा है कि सीट में बढ़ोतरी की चाहत रखने वाले महाविद्यालय 2024-25 से एमबीबीएस छात्रों की संख्या 150 से अधिक नही कर सकते है। सोलह अगस्त को अधिसूचित दिशानिर्देशो में कहा गया है कि प्रवेश के लिए कोई भी अतिरिक्त अनुमति प्राप्त सीट उस कॉलेज को प्रवेश के लिए दी गई सीट की संख्या के भीतर होगी। दिशानिर्देशों में कहा गया है कि 2023-24 के बाद, नए चिकित्सा महाविद्यालय शुरू करने का अनुमति-पत्र केवल 50।100।150 सीट की वार्षिक प्रवेश क्षमता के लिए जारी किया जाएगा। दिशानिर्देशों में कहा गया है कि चिकित्सा महाविद्यालय, छात्रों और प्रशिक्षुओं के लिए छात्रावास और शिक्षण अस्पताल या संस्थान, या तो एकल परिसर में या अधिकतम दो परिसरों में होंगे। दिशानिर्देशों के अनुसार, कॉलेज और अस्पताल के भूखंडो के बीच की दूरी में यात्रा का समय अधिकतम 30 मिनट होगा। अस्पताल में कम से कम 220 बिस्तर होंगे। दिशानिर्देशों में परिसर, पुस्तकालय, पत्रिकाओं, व्याख्यान कक्ष, प्रयोगशालाओं, बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन, अनुसंधान सुविधा, कॉलेज की वेबसाइट, विभागों और क्लोज सर्किट कैमरे के संदर्भ में अन्य मानदंड निर्दिष्ट किए गए है।

### बसपा राजस्थान की सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी

**जयपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता आकाश आनंद ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी राज्य की सभी 200 सीटो पर उम्मीदवार खड़े करेगी और उसकी सत्ता में भागीदारी होगी। आनंद ने राजस्थान सरकार पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि राज्य में दलितो पर अत्याचार के कई मामले सामने आए है लेकिन कांग्रेस सरकार को इनकी कोई परवाह नही है।राज्य में इस साल के आखिर में चुनाव होने है। बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद को भरतपुर में संकल्प यात्रा को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि पार्टी पांच सीटो के लिए अपने प्रत्याशियो की घोषणा पहले ही कर चुकी है और आने वाले दिनो में बाकी उम्मीदवारो की भी घोषणा की जाएगी। बसपा नेता ने कहा कि पार्टी गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, महिलाओ पर अत्याचार जैसे मुद्दो पर राजस्थान में चुनाव लड़ेगी। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होने कहा, राजस्थान में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है और महिलाएं तथा दलित सुरक्षित नही है। एक के बाद एक अत्याचार के मामले सामने आ रहे है लेकिन सरकार को इसकी कोई परवाह नही है। उन्होने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जनता को गुमराह कर वोट लेने का आरोप लगाया। पार्टी की 'संकल्प यात्रा' 16 अगस्त को शुरू हुई और यह 96 विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए इस महीने के अंत में जयपुर में समाप्त होगी। यात्रा सभी 33 जिलो से होकर गुजरेगी। इस मौके पर राज्यसभा के पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ, केंद्रीय समन्वयक सुरेश आर्य, प्रदेश प्रभारी प्रेम बारूपाल, बसपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा और अन्य नेता मौजूद थे।

### श्रीनगर के मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच छड़ी-स्थापना समारोह आयोजित किया गया

**श्रीनगर,।** छड़ी मुबारक के लिए छड़ी-स्थापना समारोह शनिवार को यहां एक मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित किया गया। महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में साधुओं के एक समूह ने छड़ी मुबारक स्वामी अमरनाथ जी की वार्षिक तीर्थयात्रा के सिलसिले में आज सुबह यहां बड़शाह चौक पर श्री अमरेश्वर मंदिर अखाड़ा भवन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ समारोह संपन्न कराया। पवित्र दंड के संरक्षक गिरि ने एक बयान में कहा कि पूजा लगभग दो घंटे तक चली। छड़ी मुबारक को 26 अगस्त को पवित्र गुफा ले जाने तक, यहां अखाड़ा भवन में मंदिर में दर्शन के लिए रखा जाएगा। दशनामी अखाड़े में सोमवार को पारंपरिक छड़ी-पूजन किया जाएगा। छड़ी मुबारक 26 अगस्त को दक्षिण कश्मीर में 13,500 फुट की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा के लिए ले जाई जाएगी।

### कैथोलिक पादरियों के संगठन ने संयुक्त राष्ट्र से ईसाइयों पर हमले रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग की

**कोच्चि।** केरल में कैथोलिक पादरियो के शीर्ष संगठन ने कई देशों में अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय पर हो रहे हमलों की शनिवार को निंदा की और इस मुद्दे का समाधान खोजने के लिए संयुक्त राष्ट्र से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी) ने यहां एक बयान में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक ईसाइयों पर हाल में बहुसंख्यक समुदाय द्वारा हमला किया गया। संगठन ने आरोप लगाया कि विभिन्न रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि कुछ चरमपंथी धार्मिक संगठनो ने जानबूझकर वहां दंगे भड़काने के इरादे से ईसाइयो के खिलाफ झूठा अभियान चलाया था। इसने कहा कि ऐसे संगठन अपने घृणा अभियानों के माध्यम से लाखों लोगों के लिए असुरक्षित माहौल बना रहे है और उन्हे भागने के लिए मजबूर कर रहे है।

## उप मुख्यमंत्री बनने के बाद से फडणवीस असहिष्णु और अहंकारी हो गए हैं : सामना

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना ( यूबीटी )** ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र का उपमुख्यमंत्री बनने के बाद से असहिष्णु और अहंकारी हो गए हैं। इसपर भगवा दल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। फडणवीस पूर्व में राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। शिवसेना (यूबीटी) ने अपने मुखपत्र सामना में प्रकाशित संपादकीय में दावा किया कि फडणवीस पहले सहिष्णु व्यक्ति थे, लेकिन उपमुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद हताशा में वह असहिष्णु और अहंकारी बन गए हैं। सत्तारूढ़ भाजपा ने मराठी दैनिक के संपादकीय में फडणवीस के खिलाफ इस्तेमाल भाषा पर भी आपत्ति जताई है। सामना के संपादक शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे हैं, जबकि कार्यकारी संपादक के पद पर पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय राउत हैं। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि अपने राजनीतिक विरोधियों की आलोचना करते समय मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने सामना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की चेतावनी देते हुए कहा कि इसके द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले अपशब्दों पर रोक लगाने की जरूरत है। महाराष्ट्र में 2014 से 2019 तक भाजपा-शिवसेना गठबंधन की सरकार थी और फडणवीस तब मुख्यमंत्री थे। साल 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद साझा करने को लेकर दोनों पार्टियां अलग हो गईं। ठाकरे ने बाद में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के साथ मिलकर महा विकास आघाडी (एमवीए) की सरकार बनाई। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के 40 विधायकों के बगावत करने के बाद जून 2022 में एमवीए सरकार गिर गई थी। इसके बाद शिंदे राज्य के मुख्यमंत्री बने, जबकि फडणवीस को उप मुख्यमंत्री बनाया गया। पिछले महीने राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार अपनी पार्टी के अन्य विधायकों के साथ शिंदे नीत सरकार में शामिल हुए।

# नई प्रौद्योगिकी संग तालमेल बिठाएं विश्वविद्यालय : सिन्हा

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को विश्वविद्यालयों को सलाह दी कि वे नई प्रौद्योगिकियों के साथ तालमेल बिठाने के लिए खुद में बदलाव लाएं और सुधार करें तथा विद्यार्थियों को अज्ञात भविष्य में सफल होने में मदद करें। कटरा में श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय के 20वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा, यह सही वक्त है कि हम इस बात को अहसास करें कि जिस पारंपरिक शिक्षण प्रक्रिया और शिक्षा को हमने दशकों से जाना है, उनका अस्तित्व भविष्य में नहीं रहेगा। उपराज्यपाल ने इस मौके पर 70 करोड़ रुपए की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।नई प्रौद्योगिकियों के सामने आने तथा समाज पर उसके असर की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा के अत्याधुनिक उपकरण और नई प्रौद्योगिकियों के विस्फोट से सामाजिक समानता आई है।उन्होंने कहा, जिस तरह हम बेहतर दुनिया के लिए ज्ञान एकत्र करते हैं, उसका प्रसंस्करण और उपयोग करते हैं, उसका तौर तरीका बदल रहा है। यह बदलाव हर व्यक्ति के आगे बढ़ने एवं तरक्की करने के लिए विपुल अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने विश्वविद्यालयों को बदलावों के अनुसार खुद को ढालने, बदलाव लाने और सुधार करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित विश्व में शिक्षा में जरूरी बदलाव से विद्यार्थी पारंपरिक अकादमिक सामग्री, विविध पारंपरिक पाठ्यक्रमों से मुक्त होंगे और अज्ञात भविष्य में सफल होने के लिए जरूरी कौशल एवं योग्यता से लैस होने के लिए उन्हें प्रशिक्षण मिलेगा।

### वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को रियासी जिले में श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) की 71वीं बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें बोर्ड ने एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी।एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि बैठक में बोर्ड के सदस्यों, उपराज्यपाल के प्रधान सचिव मंदीप कुमार भंडारी और बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने हिस्सा लिया।उन्होंने कहा कि बोर्ड ने काकरयाल में लगभग 350-450 करोड़ रुपए की लागत से 50 बिस्तर वाले मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।प्रवक्ता ने कहा, बोर्ड ने विशेष उपचार की आवश्यकता वाले रोगियों की जरूरत को पूरा करने के लिए श्री माता वैष्णो देवी नारायण सुपरस्पेशलिटी अस्पताल (एसएमवीडीएनएसएच) के संचालन आधार के विस्तार की अनुमानित आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। व्यापक विचार-विमर्श के बाद, बोर्ड ने लगभग 120 करोड़ रुपए की लागत से अस्पताल की मौजूदा क्षमता को 200 से 220 बिस्तरों तक बढ़ाने की सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी।

## हिंसा से बचने के लिए म्यांमा गए मेइती समुदाय के लोगों में से 200 से ज्यादा वापस आए: मुख्यमंत्री

**भाषा।** इंफाल

**मणिपुर के** मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में हुई जातीय हिंसा से बचने के लिए सीमा पार कर म्यांमा गए मेइती समुदाय के सदस्यों में से 200 से ज्यादा लोग तीन महीने से अधिक समय बाद अपने घर लौट आए हैं। उन्होंने लोगों को घर वापस लाने में सेना की भूमिका की प्रशंसा की। मणिपुर में मेइती और कुकी समुदायों के बीच तीन मई से शुरू हुई जातीय हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, मणिपुर के मोरेह कस्बे में तीन मई को हुई हिंसा के बाद म्यांमा सीमा पर शरण लेने वाले 212 भारतीय नागरिकों (मेइती) की वापसी से बेहद प्रसन्न हूं। वे सभी अब भारत की धरती पर लौट आए हैं। मुख्यमंत्री ने इन लोगों की सुरक्षित घर वापसी के लिए सेना की प्रशंसा की।

# ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर दरार पड़ने के बाद जमीन धंसने के संकेत



**भाषा।** गोपेश्वर

**उत्तराखंड के** चमोली जिले में पुरसाड़ी गांव के पास ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग के लगभग 50 मीटर लंबे हिस्से पर दरार पड़ने के बाद जमीन धंसने के संकेत नजर आ रहे हैं।चमोली और नंदप्रयाग के बीच, राजमार्ग का यह हिस्सा अलकनंदा नदी की ओर धंस रहा है। अधिकारियों ने पहाड़ों की ओर से आने वाले वाहनों को धीमी गति से चलाने का चालकों को निर्देश दिया है।चालकों को सतर्क करने के लिए प्रभावित स्थान पर एक पुलिस दल को तैनात किया गया है।यातायात निरीक्षक प्रवीण आलोक ने बताया कि वाहनों की सुरक्षा के लिए भूमि-धंसाव वाले संवेदनशील स्थान पर चमकदार पट्टियां लगाई गई हैं और चालकों को सावधानी से वाहन चलाने के लिए कहा जा रहा है।वर्ष 2013 में आई केदारनाथ आपदा के बाद से पुरसाड़ी के पास जमीन धंसने की घटनाएं बढ़ गई हैं।इसके परिणामस्वरूप, सरकार ने इस क्षेत्र की बड़ी कंपनियों और विशेषज्ञों को शामिल कर एक सड़क को स्थिर रखने की परियोजना शुरू की और करोड़ों रुपए की लागत से अलकनंदा नदी के किनारे कंक्रीट ब्लॉकों का निर्माण किया गया। इसके बाद जमीन का धंसना रूक गया था।हालांकि, इस स्थान पर फिर से भू-क्षरण के संकेत नजर आ रहे हैं।एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अभियंता दरारों को मिट्टी और पत्थरों से भरकर भूस्खलन संभावित क्षेत्र की मरम्मत करने का प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि इस मानसून में भारी बारिश के कारण राजमार्ग पर न केवल भूस्खलन के नए स्थान बने हैं, बल्कि पुराने स्थलों पर भी यह गतिविधि फिर से शुरू हो गई हैं,जिससे यातायात बार-बार बाधित हो रहा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के महाप्रबंधक एवं क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में शामिल शैलेन्द्र कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भूस्खलन को रोकने के लिए अलकनंदा नदी के किनारों पर कंक्रीट ब्लॉकों का निर्माण किया गया था, जिससे नदी किनारे मिट्टी का कटाव रुक गया था।

## हिमाचल प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में मृतकों की संख्या बढ़कर 78 हुई

**भाषा।** शिमला

**हिमाचल प्रदेश** के शिमला में शिव मंदिर के मलबे से एक और शव बरामद होने के बाद राज्य में बारिश से जुड़ी घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या शनिवार को बढ़कर 78 हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि प्रदेश में रविवार रात से हुई 78 मौतों से 24 मौत अकेले शिमला में तीन बड़े भूस्खलनों में हुई है। उन्होंने बताया कि इसमें से 17 लोगों की मौत समर हिल के शिव मंदिर में हुई, वहीं, फागली में पांच लोगों की जान चली गई, जबकि कृष्णानगर में दो लोगों की मृत्यु हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सेना, राष्ट्रीय एवं राज्य आपदा मोचन बल, पुलिस और होम गार्ड द्वारा चलाए जा रहे संयुक्त अभियान में भूस्खलन के मलबे से शवों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। मंदिर के मलबे में कम से कम तीन शवों के अब भी दबे होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि शिमला में उच्च खतरे वाले क्षेत्रों की पहचान करने और भूस्खलन संभावित स्थानों की निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने भारी बारिश से हुई मानव जीवन की हानि और संपत्तियों को हुए व्यापक नुकसान को देखते हुए राज्य को शुक्रवार को प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर दिया था। राज्य आपातकालीन अभियान केंद्र के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में 24 जून को हुई मानसून की शुरुआत के बाद से बारिश से संबंधित घटनाओं में 221 लोगों की मौत हो गई है और 11,600 घरों को पूर्ण या आंशिक रूप से क्षति पहुंची है। राज्य में अभी भी 415 सड़कें अवरुद्ध हैं और 253 ट्रांसफार्मर तथा 107 जल आपूर्ति योजनाएं बाधित हैं। स्थानीय मौसम कार्यालय ने 20 एवं 21 अगस्त के लिए भारी से बहुत भारी बारिश और 22 एवं 23 अगस्त के लिए भारी बारिश को लेकर एलो अलर्ट जारी किया है। कार्यालय ने चेतावनी दी है कि शिमला, सिरमौर और चंबा जिलों में अचानक बाढ़ आने का खतरा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि भारी बारिश के कारण भूस्खलन, अचानक बाढ़ और नदियों तथा नालों में जलस्तर में बढ़ोतरी हो सकती है। विभाग ने कहा कि इसके अलावा खड़ी फसलों और फलों के पौधों को नुकसान हो सकता है।

## कर्नाटक : पूर्व मंत्री उमाश्री, एमआर सीताराम,सुधम दास एमएलसी मनोनीत

**भाषा।** बेंगलुरु

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शनिवार को पूर्व मंत्रियों उमाश्री, एम. आर. सीताराम और भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी एच. पी. सुधम दास को तत्काल प्रभाव से कर्नाटक विधान परिषद का सदस्य (एमएलसी) मनोनीत किया। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हाल ही में इन नामों का चयन किया था और मंजूरी के लिए राज्यपाल को भेजा था। चार वरिष्ठ मंत्रियों ने मनोनयन को लेकर आपत्ति जताई है और विरोध में कांग्रेस आला कमान को पत्र लिखा है। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, भारत के संविधान के अनुच्छेद 171 के प्रावधान (3) के उपप्रावधान (ई) के तहत प्राप्त अधिकारों के तहत मैं, कर्नाटक का राज्यपाल थावरचंद गहलोत निम्न तीन लोगों को तत्काल प्रभाव से कर्नाटक विधान परिषद का सदस्य मनोनीत करता हूं। यह मनोनयन मोहन कुमार कोंडाजी, पी. आर. रमेश और सी. एम. लिंगप्पा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनकी सेवानिवृत्ति के कारण हुई रिक्तियों को भरने के लिए किया गया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सीताराम को शिक्षक कोटा से मनोनीत किया गया है जबकि उमाश्री को अभिनय के क्षेत्र में तथा दास को सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मनोनीत किया गया है। सिद्धरमैया की विश्वासपात्र मानी जाने वालीं उमाश्री को चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस से टिकट नहीं मिल पाया था वहीं शिक्षाविद सीताराम के पुत्र रक्षा रमैया भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हैं। प्र व र्त न निदेशालय के पूर्व अधिकारी सुधम दास कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए थे।

## मप्र से गुजरने के दौरान दो ट्रेनों में आग लगी, कोई हताहत नही

**ग्वालियर, छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर एवं छिंदवाड़ा जिलो से गुजरने वाली दो ट्रेनों में शनिवार को आग लग गई। इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एक अधिकारी ने बताया कि ग्वालियर जिले के सिधौली स्टेशन के पास उदयपुर-खजुराहो इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन में आग लग गई।उत्तर-मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इंटरसिटी ट्रेन के लोको पायलट ने इंजन के मशीन रूम से धुआं निकलते देखा और ट्रेन को सिधौली स्टेशन के पास रोक दिया।उन्होंने बताया कि उन्होंने अग्निशमन विभाग और वरिष्ठ अधिकारियो को सूचित किया जिसके बाद आग पर काबू पा लिया गया गया। अधिकारी ने बताया कि इंजन बदलने के बाद ट्रेन खजुराहो के लिए रवाना हुई जिसमें करीब तीन घंटे लगे। इसी तरह की घटना में छिंदवाड़ा जिले में पांढुर्ना रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर महेंद्र सिंह टेकाम ने बताया कि एक यात्री ने नई दिल्ली से हैदराबाद जा रही तेलंगाना एक्सप्रेस की पेंट्रीकार से धुआं निकलते देखा।



हरितालिका तीज पर नृत्य का आनंद लेती महिलाएं

# एशिया कप : भारतीय टीम में हो सकते है अतिरिक्त खिलाड़ी

## चयन समिति की बैठक में शामिल होंगे द्रविड़

**भाषा।** नई दिल्ली

**अजीत अगरकर** की अगुवाई वाली भारतीय चयन समिति पांच अक्टूबर में शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप से पहले सभी संभावित विकल्पों को परखने के लिए आगामी एशिया कप के लिए 17 सदस्ईय टीम का चयन कर सकती है। यह भी पता चला है कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) पहली बार चयन बैठक की परंपरा से हट रहा है और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी सोमवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली बैठक के दौरान मौजूद रहेंगे। इससे पहले रवि शास्त्री और अनिल कुंबले जैसे दिग्गज भी राष्ट्रीय कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान चयन बैठकों का हिस्सा नहीं बने थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में मुख्य कोच एनएसपी (राष्ट्रीय चयन पैनल) का हिस्सा होता है लेकिन भारत में राष्ट्रीय टीम के कोच और कप्तान को चयन मामलों में मतदान का अधिकार नहीं है। अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि कप्तान रोहित शर्मा और द्रविड़ दोनों बैठक में शारीरिक रूप से शामिल होंगे या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। लोकेश राहुल (जांघ) और श्रेयस अय्यर (पीठ के निचले हिस्से) जैसे चोट से उबर रहे प्रमुख खिलाड़ियों ने अभी तक अपनी फिटनेस साबित नहीं की है। बीसीसीआई अधिकारी और चयनकर्ता सुरक्षित विकल्प चुन सकते हैं जो श्रीलंका में एशिया कप के दौरान उन्हें पांच (अगर फाइनल में पहुंचे तो छह) मैचों में सभी उपलब्ध खिलाड़ियों को परखने का मौका देगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने एशिया कप के लिए 17 सदस्ईय टीम का प्रावधान रखा है। इसी के मुताबिक पाकिस्तान, बांग्लादेश ने 17 सदस्ईय टीम चुनी है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, विश्व कप के लिए 15 सदस्ईय अस्थाई टीम चुनने की संभावना है, जिसे पांच सितंबर तक जमा करना होगा। इसमें सूची में हालांकि कोई भी टीम बदलाव कर सकती है। टीमों की अंतिम सूची सौंपने की समय सीमा 27 सितंबर है। उन्होंने कहा, एशिया कप के लिए और अधिक खिलाड़ियों को चुना जा सकता है।

### बुमराह वनडे उपकप्तानी में हार्दिक पंड्या को दे सकते हैं कड़ी प्रतिस्पर्धा




**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आगामी एशिया कप और पांच अक्टूबर से शुरु होने वाले वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम के उप कप्तान बनने के लिए आल राउंडर हार्दिक पंड्या के साथ प्रबल दावेदार दिख रहे है। पंड्या को नियमित टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान बना दिया गया है जबकि बुमराह को शुक्रवार से आयरलैंड के खिलाफ शुरु हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला मे कप्तान बनाया गया है जिससे वह बड़ौदा के इस आल राउंडर को कड़ी चुनौती देने के लिए तैयार है। इस मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई-भाषा से कहा, अगर आप नेतृत्व के मामले मे अनुभव को देखेंगे तो बुमराह पंड्या से आगे है। उन्होंने 2022 मे टेस्ट टीम की कप्तानी की थी।

## बुमराह ने रिहैबिलिटेशन के दौरान रन-अप और फॉलो-थ्रू को बढ़ाने पर दिया ध्यान

**भाषा।** नई दिल्ली



**जसप्रीत** बुमराह को चोट के कारण भारतीय टीम की जर्सी को फिर से पहनने के लिए 10 महीने और 23 दिन का इंतजार करना पड़ा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 में शानदार गेंदबाजी कर यह जता दिया कि वह आगामी एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं। बुमराह आगे चोटिल होने से बचने के लिए इस दौरान गेंदबाजी के लिए लंबे रन-अप और लंबे फॉलो थ्रू (गेंद फेंकने के बाद शरीर की हरकत) का इस्तेमाल करते दिखे।भारतीय क्रिकेट के जानकारों का हालांकि मानना है कि टीम प्रबंधन को बुमराह को अत्यधिक सावधानी से संभालने की आवश्यकता होगी। बुमराह को हालांकि अपने शरीर के बारे में ज्यादा जानकारी है और वह बेहतर प्रबंधन के साथ भविष्य में तीनों प्रारूपों में खेलना जारी रख सकते हैं। आयरलैंड के खिलाफ चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लेने वाले बुमराह को गेंदबाजी करते देखना भारतीय टीम प्रबंधन के लिए राहत की खबर होगी। बेंगलुरु में एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) और खेल में वापसी के लिए उन्होंने मुश्किल प्रक्रिया अपनाई। एनसीए के एक कोच ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई-भाषा से कहा, उनके स्ट्रेस फ्रैक्चर (शरीर के किसी एक जगह ही हड्डी पर पड़ने वाले दबाव से होने वाली फ्रैक्चर) से पहले अगर आप बुमराह के गेंदबाजी वीडियो को करीब से देखेंगे, तो वह पहले छह से सात कदम तेजी से चलते थे और फिर अपने सातवें कदम पर गेंदबाजी क्रीज के पास पहुंच कर गेंद फेंकते थे।

### मलिंगा मुंबई इंडियन्स टीम में करेंगे वापसी, तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त होने की संभावना

**मुंबई।** श्रीलंका के पूर्व तेज गेदबाज लसिथ मलिंगा आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) 2024 के लिए पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस मे वापसी करने के लिए तैयार है।एक रिपोर्ट के अनुसार वह शेन बॉन्ड की जगह टीम के तेज गेदबाजी कोच होगे। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेदबाज पिछले नौ सत्र से टीम के मुख्य कोच है। आईपीएल के एक सूत्र ने हालांकि पीटीआई-भाषा से पुष्टि की कि बॉन्ड का मुंबई के साथ अनुबंध अब भी समीक्षा के अधीन है।इस सूत्र ने कहा, बॉन्ड के साथ मुंबई इंडियन्स का अनुबंध अभी भी खत्म नही हुआ है। इससे पहले, ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने बताया था कि यह भी स्पष्ट नही है कि बॉन्ड आईएलटी20 (इंटरनेशनल लीग टी20, यूएई) मे एमआई एमिरेट्स के मुख्य कोच के रूप मे बने रहेगे या नही। टीम इस लीग की शुरुआत सत्र मे तीसरे स्थान पर रही थी।मलिंगा का मुंबई इंडियन्स के साथ करियर काफी सफल रहा। उनके रहते टीम ने पांच खिताब जीते। इसमे चार आईपीएल (2013, 2015, 2017, 2019) खिताब के अलावा 2011 मे चैंपियंस लीग टी20 जीतना शामिल है।मलिंगा ने मुंबई के लिए 139 मैच खेले और 7.12 की इकॉनमी रेट से 195 विकेट लिए। इनमे से 170 विकेट आईपीएल मे आए। वह इस लीग मे संयुक्त रूप से छठा सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज है।

### रिंकू सिंह ने कहा, अपनी मां का सपना जी रहा हूं

**डबलिन।** अपनी मां का सपना साकार करने वाले युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह ने कहा कि कठिन परिस्थितियों मे जीने और अपने माता पिता को अच्छी जिंदगी देने की अदम्य इच्छा ने उनके लिए भारतीय टीम मे जगह बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। रिंकू ने इंडियन प्रीमियर लीग शानदार प्रदर्शन किया जिसके कारण वह आयरलैड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में सफल रहे। रिंकू ने जिओ सिनेमा से कहा, भारतीय टीम में शामिल होने के लिए मैने काफी पसीना बहाया। खेल के प्रति मेरे जुनून से मुझे समर्थन की कमी और वित्तीय परेशानियों से निपटने मे मदद मिली। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, एक चीज जिसने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, वह थी अपने परिवार को अच्छी जिंदगी देना और यह तभी संभव था जबकि मै खेल मे आगे बढ़ता। मेरे अंदर आत्मविश्वास था और उसने मुझे मजबूत बनाया और मुझे आगे बढ़ने मे मदद की। रिंकू को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के लिए नही चुना गया लेकिन आयरलैड के खिलाफ श्रृंखला शुरू होने से पहले ही उनका सपना साकार हो गया। बारिश से प्रभावित पहले मैच मे हालांकि उन्हे बल्लेबाजी करने का मौका नही मिला।रिंकू से पूछा गया कि भारतीय टीम मे शामिल किए जाने पर उनके परिवार की क्या प्रतिक्रिया थी, उन्होंने कहा, वे बहुत खुश थे। मेरी मां हमेशा मुझसे कहती रहती थी कि अगर मुझे भारतीय टीम मे जगह बनानी है तो कड़ी से कड़ी मेहनत करनी होगी और अब मैने भारतीय टीम मे जगह बना ली है, इसलिए मै उनका सपना जी रहा हूं।

### हर कोई बुमराह का यह रूप देखने के लिए इंतजार कर रहा था: रवि बिश्नोई

**डबलिन।** लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने कहा कि हर कोई जसप्रीत बुमराह के इस रूप को देखने के लिए इंतजार कर रहा था जिन्होने चोटिल होने के कारण 11 महीने तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहने के बाद वापसी की। नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति मे आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टी20 टीम की अगुवाई कर रहे बुमराह ने अपने पहले ओवर मे ही दो विकेट लेकर भारत की जीत की नीव रखी। इस तेज गेदबाज ने 24 रन देकर दो विकेट लिए तथा चार ओवर के अपने स्पेल मे 16 गेदो पर रन नही दिए। बिश्नोई ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, वह लगभग 11 महीने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे थे। उनकी पहली गेंद पांवो पर पड़ी लेकिन उसके बाद उनकी अगली पांच गेंद शानदार थी। हर कोई बुमराह के इस रूप को देखने के लिए इंतजार कर रहा था और उनको वापस लय में लौटते देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा, वह जिस तरह के गेंदबाज है, क्रिकेट जगत मे हर कोई उन्हे गेंदबाजी करते हुए देखना चाहता है। हर कोई बुमराह की वापसी का इंतजार कर रहा था और उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखकर मजा आया। भारत ने बारिश से प्रभावित इस मैच मे डकवर्थ लुईस पद्धति से दो रन से जीत दर्ज की। आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर सात विकेट पर 139 रन बनाए। इसके जवाब मे भारत ने जब 6.5 ओवर मे दो विकेट पर 47 रन बनाए थे तब बारिश के कारण आगे खेल नही हो पाया।

### टिम पेन ने वनडे से संन्यास वापस लेने के लिए स्टोक्स की आलोचना की

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने विश्व कप मे खेलने के लिए वनडे से संन्यास वापस लेने पर इंग्लैड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स की आलोचना की और कहा कि वह इस तरह से प्रतियोगिताओं का चयन नही कर सकता।बत्तीस वर्षीय स्टोक्स ने पिछले साल जुलाई मे वनडे से संन्यास ले लिया था लेकिन उन्होने हाल मे इसे वापस ले लिया और उन्हे इंग्लैड की वनडे टीम मे भी चुन लिया गया। इंग्लैड जहां 5 अक्टूबर से भारत मे होने वाले विश्व कप से पहले इस ऑलराउंडर की वापसी से उत्साहित है वही पेन ने उन्हे स्वार्थी करार दिया।पेन ने सेन रेडियो पर कहा, बेन स्टोक्स ने वनडे से संन्यास वापस ले लिया है। मुझे यह काफी दिलचस्प लगा। यह कुछ हद तक मै, मै और केवल मै जैसा है।

### स्कूली फुटबाल प्रतियोगिता 21 अगस्त से

**लखनऊ।** अविजय चैरिटेबल ट्रस्ट एवं लखनऊ जिला फुटबाल संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जाने वाली लखनऊ की सबसे पुरानी अविनाश चन्द्र चतुर्वेदी स्मारक अन्तर-विद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता 21 अगस्त को चौक स्टेडियम में शुरू हो रही है। इस प्रतियोगिता में लखनऊ की बारहवीं स्तर की कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का उदघाटन 21 अगस्त को प्रातः 8.30 बजे चौक स्टेडियम में किया जायेगा।

### मैकनेली और बॉतिस्ता आगुट अमेरिकी ओपन से हटे

**न्यूयॉर्क।** महिला युगल मे पिछले दो बार की उपविजेता कैटी मैकनेली चोट के कारण अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई है। पुरुष वर्ग मे रॉबर्टो बॉतिस्ता आगुट ने भी वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। अमेरिका की मैकनेली चोटिल होने के कारण वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन में भी भाग नही ले पाई थी। उनके हटने से उनकी हमवतन मैडिसन ब्रेगल को मुख्य ड्रा मे जगह मिल गई।

### सब जूनियर पुरुष हॉकी शिविर के लिए 40 सदस्ईय कोर ग्रुप घोषित

**नई दिल्ली।** देश के युवा खिलाड़ियों को निखारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने सब जूनियर पुरुष हॉकी शिविर के लिए शनिवार को 40 सदस्ईय कोर ग्रुप की घोषणा की। यह शिविर 21 अगस्त से राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम मे पूर्व भारतीय कप्तान सरदार सिंह की देखरेख मे आयोजित किया जाएगा। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार खिलाड़ियों का चयन हाल मे समाप्त हुई सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप मे प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इस शिविर के बाद भारतीय जूनियर टीम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए यूरोप का दौरा करेगी।

### एशियाड के लिए चुनी गई टीम में कई अनफिट खिलाड़ी, रानी का दावा

**नई दिल्ली।** भारत की दिग्गज हॉकी महिला खिलाड़ी रानी रामपाल ने दावा किया है कि एशियाई खेलो के लिए चुनी गई टीम में कई अनफिट खिलाड़ी शामिल है और साथ ही माना कि वह रिटायर होने के मूड मे नही है। हॉकी इंडिया द्वारा जारी संभावित टीम मे रानी हांगझोउ जाने वाली टीम का हिस्सा नही है जबकि वह तोक्यो ओलंपिक के बाद लगी चोट से वापसी कर चुकी है। तोक्यो ओलंपिक मे रानी की अगुआई मे भारतीय महिला टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया था। रानी चोट से वापसी के बाद गुजरात में हुए पिछले राष्ट्रीय खेलों मे शीर्ष स्कोरर रही थीं, उन्होने हरियाणा के विजय अभियान मे 18 गोल किए थे।

### विश्व कप: प्रज्ञाननंदा ने पहले गेम में नाकामुरा को बराबरी पर रोका

**बाकू (अजरबैजान)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने शनिवार को यहां फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले गेम मे अमेरिका के अनुभवी खिलाड़ी फैबियानो कारूआना को ड्रॉ पर रोक दिया। सत्रह साल के प्रज्ञाननंदा ने काले मोहरों से खेलते हुए कड़े मुकाबले मे 78 चाल के बाद अमेरिका के खिलाड़ी को ड्रॉ पर रोका।भारतीय खिलाड़ी को अब रविवार को सफेद मोहरों से खेलने का फायदा मिलेगा। एक अन्य सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने दो-गेम के क्लासिकल मुकाबले के पहले गेम मे स्थानीय दावेदार निजात अबासोव को हराकर फाइनल की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया।

## अमेरिका ने अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**भाषा।** दुबई

**अमेरिका ने** अगले साल श्रीलंका में होने वाले आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) अंडर-19 विश्व कप का टिकट पक्का कर लिया।अमेरिका ने अमेरिकी क्षेत्र की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में छह मैचों में पांच जीत के साथ शीर्ष स्थान पर रहते हुए यह विश्व कप में खेलने का अधिकार पक्का किया। कनाडा के नाम अमेरिका के बराबर 10 अंक है लेकिन वह नेट रन रेट के मामले में पिछड़ गया।अमेरिका ने क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में बरमूडा और अर्जेंटीना को दो-दो बार हराया। कनाडा के खिलाफ उसने पहले मैच में हार का सामना किया जबकि दूसरे में उसने जीत के साथ विश्व कप का टिकट पक्का किया।अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्ट इंडीज और जिम्बाब्वे की टीमों ने 2022 सत्र में शानदार प्रदर्शन से सर्वश्रेष्ठ पूर्ण सदस्य देशों के रूप में पहले ही जगह बना ली है।

## भारत की निगाहें श्रृंखला जीतने पर

### आयरलैंड के खिलाफ दूसरा टी-20 आज, क्रीज पर अधिक समय बिताना चाहेंगे बल्लेबाज

**भाषा।** डबलिन



**कप्तान** जसप्रीत बुमराह की शानदार वापसी से उत्साहित भारतीय टीम रविवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी।भारत इसके साथ ही बेहतर मौसम की भी उम्मीद करेगा जिससे उसके युवा बल्लेबाजों अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण ने श्रृंखला के पहले मैच में आयरलैंड को सात विकेट पर 139 रन ही बनाने दिए। लेकिन भारतीय पारी में बारिश के कारण उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों को खेलने का मौका नहीं मिला।भारतीय टीम ने जब 6.5 ओवर में दो विकेट पर 47 रन बनाए थे कभी बारिश आ गई जिसके कारण आगे का खेल नहीं हो पाया। भारत ने यह मैच डकवर्थ लुईस पद्धति से दो रन से जीता। भविष्य के भारतीय बल्लेबाजों की सूची में शामिल शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड और रिंकू सिंह जैसे बल्लेबाज उम्मीद कर रहे होंगे कि उन्हें क्रीज पर पर्याप्त समय बिताने का मौका मिलेगा।पहले मैच में अच्छी शुरुआत के बाद आउट होने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बड़ी पारी खेलने का प्रयास करेंगे जबकि पहली गेंद पर आउट होने वाले तिलक वर्मा भी वेस्टइंडीज दौरे की अपनी फॉर्म बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।भारत के शीर्ष क्रम में अधिकतर वही खिलाड़ी हैं जिन्होंने हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में खेल रही भारतीय टीम की बल्लेबाजी में विकेटकीपर संजू सैमसन ही कुछ अनुभवी हैं।चोटों के कारण परेशान रहे ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का अनुभव रखते हैं और बुमराह बल्लेबाजी में उनकी सेवाएं भी ले सकते हैं।बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने चोटों से उबरने के बाद शानदार वापसी की। इन दोनों तेज गेंदबाजों ने पहले मैच में दो-दो विकेट लिए। कृष्णा का यह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहला मैच भी था।यहां जिस तरह की परिस्थितियां हैं उसमें टॉस की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत इस मामले में पहले मैच में भाग्यशाली रहा। मैच में दो विकेट लेने वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने बाद में स्वीकार किया कि भारत को टॉस जीतने का फायदा मिला।जहां तक आयरलैंड का सवाल है तो उसकी टीम बुमराह से पहले ओवर में मिले दो झटकों से वापसी करने में सफल रही थी।

## स्वीडन ने ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर महिला विश्वकप में तीसरा स्थान हासिल किया

**भाषा।** ब्रिस्बेन

**स्वीडन ने** तीसरे स्थान के प्लेऑफ मैच में अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए शनिवार को यहां सह मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर महिला विश्वकप फुटबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। स्वीडन की तरफ से फ्रिडोलिना रोल्फ़ो और कोसोवरे असलानी ने गोल किए। रोल्फ़ो ने पेनल्टी पर गोल किया। स्वीडन ने इस तरह से विश्वकप में तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैचों में अपना परफेक्ट रिकॉर्ड बरकरार रखा। यह चौथा अवसर है जबकि स्वीडन ने सेमीफाइनल में हारने के बाद तीसरे स्थान के प्ले ऑफ मुकाबले में जीत दर्ज की।ऑस्ट्रेलिया के लिए यह टूर्नामेंट का निराशाजनक अंत रहा। उसने सह मेजबान का फायदा उठाकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दो मैच गंवाए। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में खेले गए इस टूर्नामेंट को रिकॉर्ड दर्शकों ने देखा। टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को यूरोपीय चैंपियन इंग्लैंड और स्पेन के बीच खेला जाएगा।

## कंपाउंड तीरंदाजों ने साधे सोने के तीर

### पुरुष और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते

**भाषा।** पेरिस



**भारत के** कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्वकप के चौथे चरण में शनिवार को यहां पुरुष और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। इस स्पर्धा में भारतीय टीम का अभियान कुल पांच पदकों के साथ खत्म हुआ।अभिषेक वर्मा, ओजस देवतले और प्रथमेश जावकर की चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने क्रिस शेफ़, जेम्स लुत्ज़ और सॉयर सुलिवन की दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी टीम को 236-232 से हराया।इस महीने के शुरू में बर्लिन में विश्व चैंपियन बनने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कंपाउंड महिला टीम ने मैक्सिको के खिलाफ कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद एक अंक से जीत दर्ज की। भारत ने इस तरह से सत्र के आखिरी विश्वकप में अभी तक दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीत लिए हैं। भारत के लिए तीसरा कांस्य ज्योति ने व्यक्तिगत वर्ग में हासिल किया।ज्योति ने शूट-ऑफ में पांच बार की विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता कोलंबिया की सारा लोपाज को हराया। दोनों के बीच मुकाबला 146-146 की बराबरी पर छूटने के बाद भारतीय तीरंदाज ने टाईब्रेकर में एक्स (केंद्र के करीब) पर सटीक निशाना साधकर प्रतियोगिता में अपना दूसरा पदक हासिल किया। भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम पहले दौर के बाद एक अंक से पीछे चल रही थी क्योंकि अमेरिकी टीम में 60 अंक का परफेक्ट स्कोर बनाया था। भारतीय टीम ने हालांकि निरंतरता बनाए रखी और अगले दौर में भी 59 का स्कोर बनाया। दूसरे दौर में अमेरिकी टीम ने दो अंक गंवाए जिससे स्कोर 118-118 से बराबर हो गया। तीसरे दौर में भी दोनों टीमें बराबरी पर रही लेकिन भारतीय टीम ने चौथे दौर में परफेक्ट 60 का स्कोर बनाया और अपने से अधिक रैंकिंग की अमेरिकी टीम को चार अंकों से हराया।भारतीय पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को हराया था। दोनों टीम नियमित दौर और टाईब्रेकर के बाद भी बराबरी पर चल रही थी लेकिन भारतीय टीम को केंद्र के अधिक करीब निशाने लगाने के कारण विजई घोषित किया गया।

## भारतीय पुरुष स्कीट और राइफल निशानेबाजों का विश्व चैम्पियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन

**भाषा।** बाकू (अजरबेजान)

**भारतीय पुरुष स्कीट** टीम और 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजों ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन किया। एक दिन पहले शिवा नरवाल और ईशा सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। टीम स्पर्धा में 25-25 शॉट के पांच राउंड में अंगद वीर सिंह बाजवा ने 121, अनंत जीत सिंह नारूका ने 120 और गुरजोत खांगुरा ने 115 अंक से कुल 356 अंक बनाए जिससे टीम 14वें स्थान पर रही। अमेरिका के विन्सेंट हैंकॉक (125), क्रिस्टियन इलियट (123) और डस्टान टेलर (121) की टीम ने 369 अंक के स्कोर से स्वर्ण पदक जीता जबकि यूनान ने 366 अंक से रजत पदक जीता। इटली ने कुल 365 अंक से तीसरा स्थान हासिल किया। व्यक्तिगत वर्ग में भी तीन में से कोई भी भारतीय शीर्ष 25 में जगह नहीं बना सका जिससे छह निशानेबाजों के फाइनल्स में नहीं पहुंच सके। बाजवा (121) 29वें, अनंत जीत (120) 44वें और गुरजोत (115) 95वें स्थान पर रहे। भारत का 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिसमें सभी तीनों निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और हृदय हजारिका अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। तीनों ने मिलकर 1878.5 अंक बनाए जिससे टीम स्पर्धा में वे 10वें स्थान पर रहे। चीन ने 1893.3 अंक से स्वर्ण पदक जीता। चेक गणराज्य ने दूसरा और क्रोएशिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। व्यक्तिगत वर्ग में भी दिव्यांश क्वालीफिकेशन दौर में 28वें, ऐश्वर्य 33वें और हृदय 68वें स्थान पर रहे जिसमें शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करते हैं।

### मेहुली घोष ने 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया



**बाकू (अजरबेजान)।** युवा निशानेबाज मेहुली घोष ने शनिवार को यहां विश्व चैम्पियनशिप की महिलाओ की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा मे कांस्य पदक जीतकर अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक मे भारत के लिए एक कोटा स्थान हासिल किया। कोलकाता की 22 साल की निशानेबाज ने तिलोतमा सेन और रमिता के साथ मिलकर 1895.9 के कुल स्कोर से 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा भी जीती। चीन ने 1893.7 अंक के कुल स्कोर से रजत और जर्मनी ने कांस्य पदक जीता। ओलंपिक कोटे का प्रावधान सिर्फ व्यक्तिगत स्पर्धा तक ही सीमित है। मेहुली ने फाइनल मे 229.8 का स्कोर बनाकर पोडियम स्थान सुनिश्चित किया जिसमे वह चीन की जियाऊहान (251.4) और झिलिन वांग (250.2) से पीछे रही। एयर राइफल स्पर्धा मे शीर्ष तीन निशानेबाजो का ओलंपिक कोटा स्थान सुनिश्चित है। भारत ने मेहुली से पहले पेरिस ओलंपिक के लिए तीन कोटे हासिल कर लिए थे। रुद्रांक पाटिल ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल, स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री पाजीशंस और भोवनीश मेंदिरत्ता ने ट्रैप पुरुष ने कोटा प्राप्त किया था। मेहुली ने क्वालीफिकेशन राउंड मे शानदार प्रदर्शन दिखाया, जिसमे वह 140 निशानेबाजो मे 634.5 अंक से पहले स्थान पर रही थी। स्वर्ण पदक जीतने वाली हान क्वालीफिकेशन मे तीसरे और रजत पदक विजेता वांग आठवे स्थान पर रही थी। फाइनल के बाद खुश मेहुली ने कहा, मै कांस्य पदक और ओलंपिक कोटा हासिल कर काफी खुश हूं।

## शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक और अल्कराज सेमीफाइनल में



### वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस

**भाषा।** मेसन (ओहियो)

**महिला वर्ग** में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक और पुरुष वर्ग में नंबर एक कार्लोस अल्कराज ने संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करके वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।दूसरी वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच को हालांकि अंतिम चार में जगह बनाने के लिए किसी तरह की मशक्कत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने अमेरिका के नौवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 6-0, 6-4 से हराया। सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना 2021 के चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त अल्काराज़ ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर मैक्स परसेल की उलटफेर की कोशिश को नाकाम करते हुए 4-6, 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला हुबर्ट हर्काज से होगा। अल्कराज ने पिछले सप्ताह टोरंटो में हर्काज को हराया था। स्वियातेक ने खराब शुरुआत और चेयर अंपायर के साथ विवाद से उबरते हुए विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा को 7-6, 6-। से हराया।

### संहित ने पीजीटीआई में पहला खिताब जीता

**चेन्नई।** गुरुग्राम के संहित बिश्नोई ने शनिवार को यहां आठ अंडर 64 के शानदार स्कोर के साथ इंडिया सीमेंट्स प्रो चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। पेशेवर बनने के बाद संहित का यह पहला पीजीटीआई खिताब है। इस 22 खिलाड़ी ने 50 लाख रुपए इनामी टूर्नामेंट को कुल 20 अंडर (66-68-70-64) के स्कोर के साथ अपने नाम किया।टीएनजीएफ कॉसमॉस गोल्फ कोर्स पर पहली बार आयोजित इस टूर्नामेंट को जीतने के बाद संहित ने कहा, एक पेशेवर के रूप में अपने दूसरे सत्र में खिताब जीतने पर मुझे वास्तव में अच्छा लग रहा है। जब आप जानते हैं कि आपकी कड़ी मेहनत सफल हो रही है, तो इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है।

## साबले से मिली निराशा, 3000 मीटर स्टीपलचेस के फाइनल राउंड में भी नहीं पहुंचे

**भाषा।** बुडापेस्ट

**भारत के** राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट अविनाश साबले शनिवार को यहां अपनी हीट में निराशाजनक सातवें स्थान पर रहकर विश्व चैम्पियनशिप की 3000 मीटर स्टीपचलचेस स्पर्धा के फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहे। भारत के तीन खिलाड़ियों ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में भी निराश किया जबकि युवा शैली सिंह महिलाओं की लंबी कूद के फाइनल में पहुंचने में नाकाम रही। इससे देश के खिलाड़ियों के लिए पहला दिन अच्छा नहीं रहा। साबले से उम्मीद थी कि वह फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे लेकिन वह अपनी हीट (पहली) रेस में आठ मिनट 22.24 सेकेंड के समय से सातवें स्थान पर रहे। खेल मंत्रालय के खर्चे पर कई महीनों से विश्व चैम्पियनशिप की तैयारी के लिए विदेश में ट्रेनिंग कर रहे 28 वर्षीय साबले को इसी कारण घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छूट दी गई थी। प्रत्एक तीन हीट में से शीर्ष पांच पांच खिलाड़ी ही फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई करते हैं। साबले फिर बड़े मंच पर विफल रहे।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम जर्मनी से हारी

**डसेलडोर्फ।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां मेजबान जर्मनी से ।-3 से हार के साथ चार देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। भारत के लिए मैच का इकलौता गोल मुमताज खान (60वें मिनट) ने किया। जर्मनी की जीत में हैन मैरी (नौवें), सेडेल कैरोलिन (37वें) और लेना केलर (58वें) ने एक-एक गोल दागे। जर्मनी ने मैच की जोरदार शुरुआत की और हैन मैरी ने खेल के नौवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। मैच का दूसरा क्वार्टर गोल रहित रहा जिससे मध्यांतर के समय जर्मनी की टीम।-0 से आगे थी।भारत ने स्कोर बराबर करने के प्रयास में अपने जवाबी हमला तेज किया लेकिन जर्मनी ने कैरोलिन के मैदानी गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी।

## अखिल भारतीय शतरंज महासंघ और भारतीय शतरंज संघ का विलय

### एआईसीएफअध्यक्ष डॉ. संजय कपूर दोनों गुटों को एक साथ लाने में अहम भूमिका निभाई

**लखनऊ।** वर्षों की आंतरिक लड़ाई के बादए अखिल भारतीय शतरंज महासंघ और अलग हुए भारतीय शतरंज संघ का देश में एक एकीकृत शक्ति के रूप में खेल का संचालन करने के लिए एक इकाई में विलय हो गया है। एआईसीएफ के हाल ही में निर्वाचित अध्यक्ष डा॰ संजय कपूर ने इसकी घोषणा की। केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि विभिन्न राज्यों में भी सभी विरोधी गुट अब एक छतरी के नीचे एक साथ आ गए हैं। मैंने व्यक्तिगत रूप से सभी हितधारकों के साथ कई दौर की बातचीत की है और शतरंज और देश के सभी शतरंज खिलाड़ियों के विकास के लिए सभी को एक मंच पर लाया हूं। जैसा कि सर्वविदित हैए भारतीय शतरंज वर्षों से अंदरूनी कलह से जूझ रही है, कई शक्तिशाली गुट शतरंज को नुकसान पहुंचाते हुए अपने-अपने एजेंडे पर अड़े हुए हैं। एआईसीएफ सचिव भरत सिंह चौहान ने कहा कि एक बार जब हमने नई संस्था का गठन कियाए तो हमारा पहला लक्ष्य प्रत्येक सदस्य की सभी चिंताओं को दूर करना और खेल के लिए सभी को एक साथ लाना था। राष्ट्रीय स्तर पर तकरार के अलावाए उत्तर प्रदेश में भी शतरंज को काफी नुकसान हुआ हैए राज्य में दो अलग-अलग संस्थाएं, यूपी शतरंज एसोसिएशन और यूपी शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन आपस में भिड़ गई हैं। यह लंबे समय से चल रहा झगड़ा है और चूंकि मैं खुद कानपुर से हूंए इसलिए मेरा मानना था कि इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करना मेरा कर्तव्य है।